दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर, कोटा, जोधपुर, उदयपुर, भरतपुर, बीकानेर, सवाई माधोपुर एवं अजमेर
RNI NO. RAJHIN/2010/35060
Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 16 | अंक : 111 | पृष्ठ : 10 | मूल्य : ₹ 2.00
जयपुर। रविवार, 22 फरवरी 2026 | फाल्गुन माह, शुक्ल पक्ष पंचमी, संवत्-2082
भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

## गत सरकार ने कुछ नहीं किया, अब सच्चाई सुनने की भी हिम्मत नहीं

# 80% पूरी या धरातल पर क्रियान्वयन शुरू: मुख्यमंत्री

### 5 साल की सच्चाई जनता जानती है, इसलिए बहस नहीं की

## हमारी 90% बजट घोषणाओं की स्वीकृतियां जारी



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हमने आने वाले समय की कार्ययोजना बजट के रूप में रखने के साथ ही पहली बार सदन में अपनी सरकार के दो साल का रिपोर्ट कार्ड भी रखा था और उस पर सार्थक बहस का विपक्ष को अवसर दिया था लेकिन पूर्ववर्ती सरकार ने अपने 5 वर्षों में कुछ नहीं किया और अब उन लोगों में सच्चाई सुनने की हिम्मत नहीं है, इसलिए वे सदन छोड़कर चले गए।

शर्मा ने शनिवार को सदन में कहा कि हर सरकार का उत्तरदायित्व है कि वह हर साल अपने कार्य का रिपोर्ट कार्ड दे। हमने अपने दोनों वर्षों का लेखा-जोखा जनता के सामने रखा। उन्होंने कहा कि हमने प्रतिपक्ष की चुनौती स्वीकार करते हुए 2 साल बनाम 5 साल का प्रतिवेदन सदन में रखा लेकिन विपक्ष के पास बोलने के लिए कुछ नहीं है। वे बहस करते तो 5 साल की सच्चाई जनता के सामने आ जाती।

### विकास कार्यों पर तार्किक बहस होती तो इससे अच्छा कुछ नहीं होता

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने अपनी सरकार व गत सरकार के विकास कार्यों के तुलनात्मक आंकड़ों का लेखा-जोखा एक लिखित पुस्तिका के माध्यम से सदन की मेज पर रखा, जिस पर अध्यक्ष ने बहस की अनुमति दी थी। संसदीय लोकतंत्र में अगर विभिन्न राजनीतिक दलों की सरकारों के अलग- अलग कालखंड में किये गये विकास कार्यों व नीतियों पर तार्किक बहस होती तो इससे अच्छी बात कुछ हो नहीं सकती थी।

### पूर्ववर्ती सरकार की 53 प्रतिशत बजट घोषणाएं अधूरी-

शर्मा ने कहा कि यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास' के मूल मंत्र पर राज्य सरकार जनकल्याण के लिए कार्य कर रही है। इसी क्रम में आपणो अग्रणी राजस्थान संकल्प पत्र के कुल 392 वादों में से 73 प्रतिशत को पूरा कर लिया गया है या उनका कार्य प्रगति पर है। उन्होंने कहा कि हम संकल्प पत्र के प्रत्येक वादे को पूरा करेंगे। पिछली सरकार के पांच वर्षों में कुल 4148 घोषणाएं की गईं, जिनमें से 2208 घोषणाएं यानि 53 प्रतिशत पूरी ही नहीं की गईं। खासकर अंतिम वर्ष 2023-24 में 1426 घोषणाएं की गईं, जिनमें 1142 यानि 80 प्रतिशत पर कोई काम नहीं हुआ।

### गत सरकार की तुलना में तीन गुना अधिक पेंशनर्स जोड़े

मुख्यमंत्री ने कहा कि गरीब कल्याण की भावना को आत्मसात करते हुए राज्य सरकार ने पिछली सरकार की योजनाओं को न केवल जारी रखा है बल्कि उनकी प्रभावशीलता को भी बढ़ाया है। उन्होंने सामाजिक सुरक्षा पेंशन का जिक्र करते हुए कहा कि पूर्ववर्ती सरकार ने अपने अंतिम समय में पेंशन में बढ़ोतरी जैसी घोषणाएं की जबकि हमारी सरकार ने पहले ही साल से न्यूनतम पेंशन राशि को बढ़ाया और अब इसे बढ़ाकर 1300 रुपये कर दिया है। इसके अलावा 2 वर्षों में सामाजिक सुरक्षा पेंशन में 10 लाख से अधिक नए पेंशनर्स जोड़े गए हैं, जो पूर्ववर्ती सरकार के 2 वर्षों के मुकाबले 3 गुना अधिक है। मुख्यमंत्री वृद्धजन सम्मान पेंशन पर 16 हजार 69 करोड़ रुपये व्यय हुआ है, जो पिछली सरकार के पहले दो वर्षों के 9 हजार 913 करोड़ से डेढ़ गुना अधिक है। इसी तरह, विशेष योग्यजन पेंशन पर 1 हजार 737 करोड़ रुपये व्यय किया गया है जो पूर्ववर्ती सरकार के दो साल की तुलना में पौने दो गुना अधिक है। इसी प्रकार, गत सरकार के दो वर्ष की तुलना में बीपीएल परिवारों को डेढ़ गुना नि:शुल्क आवासीय भूखंड आवंटन एवं पालनहार योजना के अंतर्गत सवा दो गुना व्यय किया गया है। कल्याणकारी योजनाओं से सवा दो गुना निर्माण श्रमिक और स्वास्थ्य बीमा योजना में 37 लाख 53 हजार लाभान्वित हुए हैं जो पिछली सरकार की तुलना में तीन गुना है।

शर्मा ने राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत मिल रहे नि:शुल्क खाद्यान्न के दुरुपयोग का जिक्र करते हुए कहा कि हमारी सरकार द्वारा शुरू किया गया गिवअप अभियान एक जन आंदोलन बना। इसमें लगभग 54 लाख व्यक्तियों ने स्वैच्छिक गिवअप किया और 27 लाख अपात्र व्यक्तियों के नाम ई-केवाईसी के जरिए हटाए गए। उन्होंने कहा कि खाद्यान्न से वंचित लगभग 72 लाख पात्र व्यक्तियों को योजना से जोड़कर उनका हक दिलाने का कार्य भी सरकार ने किया। वित्तीय वर्ष 2025-26 में 2 लाख परिवारों को पट्टा वितरण के लक्ष्य से कहीं अधिक 2 लाख 19 हजार स्वामित्व कार्ड मय पट्टा वितरित किए जा चुके हैं।

### ● 626 घोषणाओं पर हुआ जीरो काम-

मुख्यमंत्री ने कहा कि जबकि पूर्ववर्ती सरकार के 5 वर्षों के कार्यकाल में 626 घोषणाएं ऐसी की गई, जिन पर काम शून्य रहा, यानी केवल वोटबैंक की राजनीति के लिए लोकलुभावन वादे कर दिए गए। 450 करोड़ रुपये की लागत से 2000 पायलट ड्रोन देने, 400 करोड़ से चार माइस सेंटर बनाने, 125 करोड़ से पांच गोल्फ कोर्स बनाने और 125 करोड़ से विश्वकर्मा एसएमई टावर बनाने जैसी घोषणाओं पर काम 'जीरो' हुआ।

### ● नीतिगत विकास और योजनाओं को जमीन पर उतारा-

शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार शानदार काम करते हुए नीतिगत विकास और योजनाओं को धरातल पर उतार रही है। वहीं, राज्य सरकार के मात्र दो वर्षों में 2719 बजट घोषणाएं की गईं, जिनमें से 919 घोषणाएं पूर्ण की जा चुकी हैं और 1 हजार 531 पर कार्य प्रगतिरत है। इस तरह 90 प्रतिशत की स्वीकृतियां जारी कर दी गई हैं और 80 प्रतिशत घोषणाएं पूर्ण हो चुकी हैं या धरातल पर क्रियान्वयन शुरू हो गया है।

### ● हमने 88 हजार से अधिक लेपटॉप-टेबलेट दिए, गत सरकार ने शून्य

मुख्यमंत्री ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का युवाओं पर अपार विश्वास है जबकि पूर्ववर्ती सरकार के समय पेपर लीक के कारण युवा अपने भविष्य को लेकर आशंकित ही रहा। हमारी सरकार ने दो साल में 3 लाख 41 हजार 347 युवाओं को कौशल प्रशिक्षण दिया है जो गत सरकार के पूरे पांच साल की तुलना में डेढ़ गुना है। हमने 185 राजकीय महाविद्यालयों का भवन निर्माण किया है जो गत सरकार से सवा तीन गुना है और चार गुना अधिक 21 नये पॉलिटेक्निक कॉलेज खोले हैं। हमने विद्यार्थियों को 88 हजार 724 टेबलेट और लेपटॉप वितरण किए जबकि पिछली सरकार ने एक भी टेबलेट या लेपटॉप बच्चों को नहीं दिया। वहीं अनुप्रति कोचिंग योजना के तहत राज्य सरकार अपने 2 वर्षों में ही 35 हजार से अधिक युवाओं को लाभान्वित कर चुकी है, जो कि पूर्ववर्ती सरकार के 5 वर्षों के बराबर है।

### हमने दो साल में दी 1 लाख से अधिक सरकारी नियुक्तियां-

शर्मा ने कहा कि गत सरकार ने युवाओं को जो नौकरियां दी, उनमें से 65 हजार भर्तियां हमारी पूर्ववर्ती सरकार के समय की थी। हमारी सरकार द्वारा 2 वर्षों में 1 लाख से अधिक पदों पर सरकारी नियुक्तियां दी जा चुकी हैं एवं लगभग 1 लाख 55 हजार पदों पर भर्तियां प्रक्रियाधीन हैं। साथ ही, प्रदेश में नवाचार करते हुए वर्ष 2026 के लिए 1 लाख पदों का भर्ती कैलेंडर भी जारी किया गया है। उन्होंने कहा कि युवाओं को कौशल प्रदान करना हमारी सरकार की प्राथमिकता है। इसी क्रम में 2 वर्षों में 3 लाख 41 हजार से अधिक युवाओं को प्रशिक्षित किया जा चुका है, जो कि पूर्ववर्ती सरकार अपने 5 वर्षों में भी नहीं कर सकी। उनके समय में यह आंकड़ा केवल 2 लाख 35 हजार ही था।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पाइपलाइन, तारबंदी और फार्म पौंड जैसे क्षेत्रों में हमारी सरकार के 2 वर्षों का कार्य, पूर्ववर्ती सरकार के 5 वर्ष के कार्यों से कई गुना अधिक है। उन्होंने कहा कि हमने दो साल में 344 लाख मीटर तारबंदी करवाई है, जो गत सरकार के पूरे पांच साल की तुलना में तीन गुना है। इसी प्रकार, 35 हजार 368 फार्म पौंड यानि सवा गुना और 296 लैम्पस यानि डेढ़ गुना हमारी सरकार में बने हैं।

### महिला कल्याण की कई योजनाओं में गत सरकार का काम जीरो-

शर्मा ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार ने अपने अंतिम समय में चिरंजीवी ममता एक्सप्रेस, शुभ लक्ष्मी जैसी कई योजनाओं की घोषणा की लेकिन उन पर काम शून्य रहा। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने बालिका प्रोत्साहन की दिशा में ऐतिहासिक निर्णय लिए और छात्राओं को 2 साल में पूर्ववर्ती सरकार के 2 साल के मुकाबले कई गुना अधिक प्रोत्साहन राशि का वितरण किया है।

### स्वास्थ्य पर हमने दो साल में किया कोरोना काल से भी अधिक खर्च-

मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष द्वारा जनता के बीच भ्रम फैलाने का काम किया गया कि स्वास्थ्य बीमा योजनाओं में हमारी सरकार ने कमी कर दी है। वास्तविकता यह है कि हमने 2 साल में आमजन को मा योजना में 7 हजार 445 करोड़ रुपये का कैशलेस उपचार दिया है जबकि कोरोना जैसी महामारी के लिए पूर्ववर्ती सरकार द्वारा 7 हजार 357 करोड़ रुपये ही स्वास्थ्य बीमा योजनाओं में व्यय किए गए। इसके अलावा हेल्थ इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करते हुए वर्तमान सरकार ने पूर्ववर्ती सरकार के मुकाबले कई गुना अधिक जिला अस्पताल, सीएचसी, पीएचसी का निर्माण करवाया है।

## कान्हा रेस्टोरेंट पर छापेमारी में मिले 7.5-करोड़ के गहने सीज

### 25 लाख कैश पर भी एक्शन, 7 ठिकानों पर सर्च ऑपरेशन अब भी जारी




बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान की फेमस फूड चेन कान्हा रेस्टोरेंट पर इनकम टैक्स की कार्रवाई चौथे दिन शनिवार को भी जारी है। आयकर विभाग की ओर से अब तक 7.5 करोड़ रुपए कीमत के गहने और 25 लाख रुपए कैश सीज किया गया है। सूत्रों के मुताबिक, कान्हा रेस्टोरेंट के जयपुर-मुम्बई सहित 33 ठिकानों पर बुधवार सुबह छापेमारी शुरू की गई थी। चार दिन चली इनकम टैक्स रेड में 26 ठिकानों पर टीमों ने सर्च पूरा कर लिया है। जयपुर के 7 ठिकानों पर आयकर विभाग की छापेमारी शनिवार को भी चालू है। जयपुर में शुक्रवार को एक ठिकाने पर रेड के दौरान आयकर विभाग की टीम को एक खुफिया कमरा मिला था। बड़ी दीवार के पीछे बने खुफिया कमरे में 10 छोटी-छोटी अलमारियां मिलीं। अलमारियों को खोलने पर उसमें 5 करोड़ रुपए कीमत की ज्वेलरी व 25 लाख रुपए कैश मिला था। आईटी टीम को छापेमारी में अब तक 11 करोड़ कीमत के गहने, 1.25 करोड़ रुपए कैश और 10 बैंक लॉकर मिल चुके हैं। कुछ हिसाब डॉक्यूमेंट पेश करने पर आयकर विभाग की ओर से 7.5 करोड़ रुपए कीमत के गहने व 25 लाख रुपए कैश सीज किया गया है। आगे की कार्रवाई में करोड़ों रुपए की चल-अचल संपत्ति मिलने की आंशका जताई गई है।

**बैंक लॉकर्स खोलकर वैल्यूएशन करवाई जाएगी**-माना जा रहा है कि आयकर विभाग की ओर से रविवार शाम तक रेड की कार्रवाई पूरी कर ली जाएगी। बैंक लॉकर्स को खोलने के साथ ही वैल्यूएशन की कार्रवाई की जारी है। कान्हा की ओर से संचालित होटलों में तीन साल में हुई आलीशान शादियों के रिकॉर्ड मों गए हैं।

## सीजेआई बोले- कानून को 'किला' नहीं, 'मंच' बनाएं युवा न्यायविद

### जोधपुर में जस्टिस सूर्यकांत ने कहा- न्याय में हो स्थिरता के साथ जीवंतता



बढ़ता राजस्थान

**जोधपुर।** सीजेआई जस्टिस सूर्यकांत ने युवा न्यायविदों को प्रेरक संदेश देते हुए कहा कि कानून को 'किला' नहीं बल्कि 'मंच' बनाना होगा, जहां विचारों का आदान-प्रदान हो, संवाद हो और समाज के बदलते स्वरूप के साथ न्याय व्यवस्था भी जीवंत बनी रहे। सीजेआई ने स्पष्ट किया कि किला स्थिरता का प्रतीक जरूर है, लेकिन कानून में संवेदनशीलता और गतिशीलता दोनों अनिवार्य हैं। सीजेआई जोधपुर में शनिवार को आयोजित नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के 18वें दीक्षांत समारोह में बोल रहे थे। इस अवसर पर सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस सूर्यकांत मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने डिग्री प्राप्त करने वाले भावी अधिवक्ताओं और कानून विशेषज्ञों को संबोधित करते हुए न्याय की अवधारणा को बदलने का आह्वान किया। जस्टिस सूर्यकांत ने जोधपुर के ऐतिहासिक मेहरानगढ़ किले का उदाहरण देते हुए कहा कि जिस तरह एक किला सुरक्षा के लिए खड़ा रहता है, उसी तरह कानून को केवल समाज की रक्षा का किला बनकर नहीं रहना चाहिए, बल्कि इसे एक ऐसे मंच में तब्दील होना चाहिए, जहां हर व्यक्ति को अपनी बात कहने और अधिकार मांगने की जगह मिले।

## राजस्थान में एसआईआर - 31.36 लाख वोटर्स के नाम कटे

### गहलोत की विधानसभा में 51 हजार से ज्यादा नाम हटाए; पशुपालन मंत्री की विधानसभा में बढ़े मतदाता

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में निर्वाचन विभाग ने 199 विधानसभा सीटों की एसआईआर के बाद की फाइनल वोटर लिस्ट का प्रकाशन कर दिया है। एसआईआर के फाइनल रूप से प्रदेश में 31 लाख 36 हजार 286 वोटर कट गए हैं। 16 दिसंबर को जारी ड्राफ्ट लिस्ट के बाद 10.48 लाख वोटर बढ़े हैं। ड्राफ्ट लिस्ट में 41.84 लाख वोटर्स के नाम कट गए थे। निर्वाचन विभाग से जारी आंकड़ों के मुताबिक ड्राफ्ट लिस्ट के बाद 12.91 लाख नए वोटर जोड़े हैं, जबकि 2.42 लाख के नाम वोटर लिस्ट से हटाए गए हैं। एसआईआर की फाइनल वोटर लिस्ट जारी होने के बाद अब प्रदेश में 5 करोड़ 15 लाख 19 हजार 929 वोटर हैं, जबकि 27 अक्टूबर 2025 को एसआईआर शुरू होने से पहले कुल 5 करोड़ 46 लाख 56 हजार 215 वोटर थे। जोधपुर जिले में एसआईआर के तहत फाइनल वोटर लिस्ट 2 लाख से ज्यादा वोटर्स के नाम कट गए हैं। सबसे ज्यादा नाम पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के सरदारपुरा विधानसभा क्षेत्र में हटाए गए, जबकि ओसियां में सबसे कम नाम कटे हैं। वहीं, पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत की विधानसभा में 9 हजार से ज्यादा मतदाता बढ़े हैं। फाइनल वोटर लिस्ट में लिंगानुपात में 2 अंकों की बढ़ोतरी हुई है, महिला वोटर्स की संख्या बढ़ी है।

## भारत-ब्राजील व्यापार को नई रफ्तार

### पांच साल में 20 बिलियन डॉलर पार करने का लक्ष्य : नरेंद्र मोदी



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला डा सिल्वा ने द्विपक्षीय बैठक में ग्लोबल साउथ में साझेदारी मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा की। दोनों देशों के बीच कई एमओयू पर हस्ताक्षर हुए और संयुक्त बयान जारी किया गया।

### द्विपक्षीय व्यापार बढ़ाने का लक्ष्य

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि ब्राजील लैटिन अमेरिका में भारत का सबसे बड़ा ट्रेड पार्टनर है और दोनों देश आने वाले पांच वर्षों में द्विपक्षीय व्यापार को 20 बिलियन डॉलर से अधिक तक ले जाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा कि यह व्यापार केवल आंकड़ा नहीं, बल्कि आपसी विश्वास का प्रतिबिंब है।

### तकनीक और इनोवेशन में सहयोग

प्रधानमंत्री ने बताया कि डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर, एआई सुपर कंप्यूटर, सेमीकंडक्टर्स और ब्लॉकचेन जैसे क्षेत्रों में सहयोग को प्राथमिकता दी जा रही है। ब्राजील में डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित करने पर भी काम जारी है।

### ऊर्जा और ग्रीन फ्यूचर पर फोकस

ऊर्जा सहयोग को संबंधों का मजबूत स्तंभ बताते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि हाइड्रोकार्बन के साथ रिन्यूएबल एनर्जी, इथेनॉल ब्लेंडिंग और सस्टेनेबल एविएशन फ्यूल जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाया जाएगा। ग्लोबल बायोफ्यूल अलायंस में ब्राजील की सक्रिय भागीदारी को ग्रीन फ्यूचर की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया गया।

### क्रिटिकल मिनरल्स और रक्षा सहयोग

प्रधानमंत्री ने कहा कि क्रिटिकल मिनरल्स और रेयर अर्थ पर समझौता वैश्विक सप्लाई चेन को मजबूत करेगा। रक्षा, कृषि, पशुपालन और स्वास्थ्य क्षेत्र में भी सहयोग को नई दिशा देने पर सहमति बनी है। भारत से ब्राजील को गुणवत्तापूर्ण दवाओं की आपूर्ति बढ़ाने और आयुर्वेद के विस्तार पर भी जोर दिया गया।

### वैश्विक मंचों पर साझा दृष्टिकोण

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत और ब्राजील लोकतांत्रिक मूल्यों के आधार पर ग्लोबल साउथ की प्राथमिकताओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। दोनों देशों ने आतंकवाद के खिलाफ साझा रुख दोहराया और वैश्विक संस्थाओं में सुधार की आवश्यकता पर बल दिया।



अन्तरराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय सम्मानों की घोषणा

## डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ करेंगे मानव मूल्यों की विशिष्ट विभूतियों का सम्मान

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( नि.स. )।** मेवाड़ की गौरवशाली परंपरा, त्याग, सांस्कृतिक संरक्षण तथा मानवीय मूल्यों की अविरल धारा को समर्पित महाराणा मेवाड़ चैरिटेबल फाउण्डेशन के वर्ष 2026 के अंतरराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय अलंकरणों की घोषणा करते हुए वार्षिक अलंकरण समारोह के संयोजक डॉ. मयंक गुप्ता ने बताया कि फाउण्डेशन के अध्यक्ष एवं प्रबंध न्यासी डॉ. लक्ष्यराज सिंह मेवाड़ की उपस्थिति में फाउण्डेशन का 42वाँ अलंकरण समारोह आगामी 15 मार्च, 2026, रविवार को सायं 4.30 बजे सिटी पैलेस उदयपुर के माणक चौक प्रांगण में आयोजित होगा। फाउण्डेशन अपने उद्देश्यों के अनुरूप विगत 41 वार्षिक समारोहों में देश-विदेश की 4,972 विभूतियों एवं मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित कर चुका है। ये सम्मान उन विशिष्ट व्यक्तित्वों को प्रदान किए जा रहे हैं, जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देकर समाज, राष्ट्र और विश्व समुदाय को स्थायी मूल्य प्रदान किए हैं।

### कर्नल जेम्स टॉड सम्मान

इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय स्तर का कर्नल जेम्स टॉड सम्मान डॉ. मॉली एम्मा एटकिन, अमेरिका को प्रदान किया जाएगा। डॉ. एटकिन सिटी यूनिवर्सिटी ऑफ न्यूयॉर्क में कला इतिहास की एसोसिएट प्रोफेसर हैं और भारतीय लघुचित्र परंपरा, विशेषतः मेवाड़ एवं राजपूत दरबारी चित्रकला की अग्रणी विदुषी मानी जाती हैं। डॉ. एटकिन ने हार्वर्ड यूनिवर्सिटी एवं कोलम्बिया यूनिवर्सिटी से पढ़ाई की। भारत आकर आपने राजस्थानी चित्रकला की परंपरा का गहन अध्ययन किया।

डॉ. गुप्ता ने बताया कि भारत के प्रति सार्वभौम सम्पादित स्थायी मूल्यों की सेवाओं के उपलक्ष्य में अन्तरराष्ट्रीय स्तर के कर्नल जेम्स टॉड अलंकरण के तहत दो लाख एक रुपये की राशि, तोरण, शॉल एवं प्रशस्तिपत्र भेंट किए जाएंगे। डॉ. गुप्ता ने बताया कि इन अलंकरणों के माध्यम से न केवल विशिष्ट व्यक्तित्वों का सम्मान किया जा रहा है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का एक स्थायी मानदंड भी स्थापित किया जा रहा है। राष्ट्रीय स्तर पर दिये जाने वाले इन अलंकरणों के तहत प्रत्येक विभूति को एक लाख एक रुपये की राशि, तोरण, शॉल एवं प्रशस्तिपत्र भेंट किए जाएंगे।

## शादी के बाद काम पर लौट रहे परिवार में पसरा मातम

मेहसाणा के पास डिवाइडर से टकराई वैन, चार की मौत



बढ़ता राजस्थान

**सिरोही ( नि.स. )।** आबूरोड-मेहसाणा मार्ग पर सड़क हादसे में एक ही परिवार के चार जनों की मौत हो गई। कार में सवार लोग पाली में एक शादी समारोह में शिरकत करने के बाद वापस अहमदाबाद जा रहे थे। इस दौरान आबूरोड से आगे जाते ही हादसा हो गया। जानकारी के अनुसार हादसा ऊंझा के समीप हुआ है। बेकाबू वैन डिवाइडर से टकराने से चार जनों की मौके पर ही मौत हो गई। कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। इस दौरान आसपास के लोगों ने मदद की तथा वैन में फंसे लोगों को बाहर निकाला। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तथा परिजनों को जानकारी दी।

### वैन क्षतिग्रस्त हुई तो फंसे रह गए

वहीं, हादसे के बाद शादी की खुशियां एकदम से मातम में पसर गई। बताया जा रहा है कि वैन में फंसे लोगों को बाहर निकाला गया, लेकिन इनमें से चार जनों की मौत हो गई। हादसे में पाली निवासी रामलाल कुमावत, कोमल, कैलाश कुमावत व एक बच्चे की मौके पर ही मौत होना बताया जा रहा है।

## शहर में हुए दो हादसे, शादी समारोह के घर में छत से गिरी बालिका

टोटरी में बिजली बोर्ड को सही करते अधेड़ को लगा करंट,दोनों को धौलपुर किया रेफर

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( नि.स. )।** उपखंड क्षेत्र में शुक्रवार की देर रात और शनिवार सुबह दो अलग-अलग हादसे सामने आये है। पहली घटना बिजली करंट की है। जिसमें घर पर बोर्ड को सही करते समय 50 वर्षीय जितेंद्र पुत्र विजेंद्र सिंह ठाकुर निवासी टोटरी बिजली करंट का शिकार हो गया। घटना के बाद अचेत हुए जितेंद्र को परिजन बाड़ी अस्पताल लाये,जहां से चिकित्सकों ने हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल धौलपुर रेफर किया है। वही दूसरी घटना शहर के गुमट मोहल्ले की है। जहां 8 वर्षीय बालिका शिवानी पुत्री नीरज कुशवाह छत से गिरने के चलते घायल हो गई। बालिका के सिर में हेड इंजरी होने के कारण चिकित्सकों ने जिला अस्पताल धौलपुर रेफर किया है।

घायल जितेंद्र पुत्र विजेंद्र सिंह ठाकुर के चचेरे भाई विपिन ने बताया कि जितेंद्र घर पर बिजली बोर्ड को सही कर रहा था। इस दौरान अचानक उसको करंट ने पकड़ लिया। जब वह चीखा और गिर पड़ा तो परिजनों को जानकारी हुई। इसके बाद उसे तुरंत बाड़ी अस्पताल लेकर आए। जहां चिकित्सक डॉ पवन गोस्वामी ने उसे प्राथमिक उपचार दिया लेकिन जब तबियत में सुधार नहीं हुआ तो उसे जिला अस्पताल धौलपुर रेफर किया गया। वही दूसरी घटना शहर के गुमट मोहल्ले की है। जहां की 8 वर्षीय बालिका शिवानी पुत्री नीरज कुशवाह घर पर शादी समारोह के दौरान मंगल गीत कार्यक्रम में छत पर बच्चों के साथ खेल रही थी। इस दौरान संतुलन बिगड़ने से बालिका सीधे छत से नीचे जमीन पर आ गिरी। सिर के बल गिरने से बालिका अचेत हो गई। उसे परिजन अस्पताल लेकर आये। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार दिया। सिर में अंदरूनी चोट होने और सिर में हेड इंजरी की आशंका से बालिका को जिला अस्पताल धौलपुर पर किया है।

# नुनहेरा में आम रास्ता पर कीचड़ में हो कर जा रहे विद्यार्थी, ग्रामीणों में आक्रोश

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** एक तरफ सरकार पढ़ेगा इंडिया तो बढ़ेगा इंडिया का नारा दे रही है वही सैंपऊ उपखंड के गांव नुनेहरा में स्कूल जाने वाले रास्ते पर 12 महीना जल भराव और कीचड़ से छात्र-छात्राओं को स्कूल तक पहुंचने में भारी मशक्कत और परेशानी का सामना करना पड़ रहा है गांव के मोहल्लों से निकलने वाले दूषित पानी की निकासी की कोई व्यवस्था नहीं होने से सारा पानी स्कूल जाने वाले रास्ते में भरा हुआ रहता है । 5 साल से इस ये समस्या से परेशान है गांव के छात्र छात्राएं और स्कूल के अध्यापक लेकिन जब इस समस्या को नुनहेरा गांव के युवा करन परमार के नेतृत्व में ग्रामीण और छात्र-छात्राओं के साथ धौलपुर प्रशासन के हर अधिकारी को बताया गया लेकिन 5 साल बाद जो धौलपुर प्रशासन ने कार्यवाही की 4 घंटे जेसीबी चला कर 40 फुट रास्ता साफ कराने में नाकाम रहे सेक्रेटरी सरपंच पटवारी और अन्य अधिकारी दबंग की बात मान फॉर्मेलिटी के लिए 20,25 फुट रास्ता ही साफ करा पाए । स्कूल के छात्र-छात्राओं ने बताया कि हम इस समस्या को 5 साल से झेल रहे हैं खेतों की पगडंडी से हम स्कूल आते थे लेकिन किसानों के द्वारा अब तारबंदी और करंट के तार लगा दिए गए हैं इस कारण हम अब स्कूल भी नहीं जा पा रहे। एसडीएम पटवारी सेक्रेटरी सरपंच के द्वारा 40 फुट का रास्ता दिया लेकिन आज भी दबंगों द्वारा 40 फुट रास्ता नहीं होने दिया कही ना कही इस में धौलपुर प्रशासन की लापरवाही है ।

### गिरने से विद्यार्थी हो रहे चोटिल

कई बार छात्र-छात्राएं स्कूल पहुंचने के दौरान कीचड़ में फंसकर गिर जाते हैं कपड़े गंदे होने के कारण वापस घर के लिए लौटना पड़ता है 12वीं तक स्कूल है बोर्ड क्लास की एग्जाम चल रही है फिर भी इस रास्ते की स्थिति नहीं सुधार पाए धौलपुर प्रशासन के अधिकारी यह सरासर हमारे भविष्य के साथ खिलवाड़ करने की साजिश है ।

करन परमार ने बताया कि इस समस्या की जानकारी गांव के युवा साथियों के साथ धौलपुर कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर महोदय को दी। कलेक्टर महोदय ने सैंपऊ उपखंड के एसडीएम महोदय के इस समस्या का समाधान के लिए भेजा। उन्होंने सेक्रेटरी को 40 फुट रास्ता साफ करने और स्कूल के सामने गड्ढे में भरे हुए पानी की चारों तरफ तार बाउंड्री के आदेश दिए लेकिन आज ना ही नाप तोल के अनुसार 40 फुट रास्ता साफ़ हुआ ना ही गड्ढे की चारों तरफ तार बाउंड्री हुई जब रास्ता बनवाने के लिए बात की तो बजट नहीं है ये बात बोलकर डरा धमका कर मुझे प्रताड़ित किया लेकिन हम युवा है अन्याय के ख़िलाफ़ हम अपनी आवाज उठा सकते है । यदि अब मेरी ग्राम पंचायत में किसी अधिकारी या सरकारी दलालों के चमचों ने अन्याय किया तो हम ऐसे अधिकारियों का हमेशा विरोध करेंगे और इन पर कानूनी कार्यवाही करेंगे।

## 41 किलो 627 ग्राम डोडा पोस्त चूरा जब्त, एक आरोपी गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( नि.स. ) ।** कोटपूतली-बहरोड़ जिले में अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस थाना प्रागपुरा ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 41 किलो 627 ग्राम अवैध डोडा पोस्त चूरा बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिला पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र कुमार बिश्नोई ने बताया कि जयपुर रेंज के महानिरीक्षक पुलिस के निर्देशन में जिलेभर में अवैध गतिविधियों के विरुद्ध विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोटपूतली नाजिम अली खान के सुपरविजन तथा वृत्ताधिकारी विराटनगर उमेश निठारवाल के निर्देशन में थाना प्रागपुरा के थानाधिकारी भजनाराम के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया। एसपी के निर्देशानुसार गठित टीम ने डीएसटी से प्राप्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए 41 किलो 627 ग्राम डोडा पोस्त चूरा जब्त किया। पुलिस ने मौके से रामकुंवार स्वामी पुत्र भंवरराम, उम्र 42 वर्ष, निवासी ढाणी रामसागर तन भूरी भड़ाज, थाना प्रागपुरा को गिरफ्तार किया है। आरोपी के विरुद्ध प्रकरण संख्या 74/2026 धारा 8/15 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ कर दिया गया है। पुलिस यह जांच कर रही है कि आरोपी किस नेटवर्क के माध्यम से अवैध मादक पदार्थ की सप्लाई कर रहा था तथा इस कारोबार में और कौन-कौन लोग शामिल हैं।

थानाधिकारी भजनाराम के नेतृत्व में थाना प्रागपुरा क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध लगातार प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधिकारियों ने टीम की सराहना करते हुए स्पष्ट किया कि जिले में नशे के कारोबार को किसी भी सूरत में पनपने नहीं दिया जाएगा। कार्रवाई में डीएसटी जिला कोटपूतली-बहरोड़ के कांस्टेबल धर्मेन्द्र (587) की विशेष भूमिका रही।

## चेतन नगर में सिद्धेश्वर मंदिर पर भागवत कथा,कलश एवं शोभायात्रा का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर के चेतन नगर के सिद्धेश्वर महादेव मंदिर पर शनिवार से सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। जिसको लेकर शहर में कलश एवं शोभा यात्रा का आयोजन किया गया। यह शोभायात्रा शहर की काली माई मंदिर से शुरू हुई जो प्रमुख मार्गो से होते हुए चेतन नगर स्थित भगवान सिद्धेश्वर के मंदिर पहुंची। जहां भागवत आचार्य पंडित कृष्णा शास्त्री वृंदावन धाम द्वारा कथा वाचन शुरू किया है। प्रतिदिन कथा का आयोजन दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक किया जाएगा। कथा आयोजन को लेकर परीक्षित बने श्रीराम बंसल और उनकी पत्नी शारदा देवी ने बताया कि भगवान सिद्धेश्वर और माता सिद्धेश्वरी की कृपा से 17वीं बार सामूहिक सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन मंदिर पर समस्त भक्तजनों द्वारा किया जा रहा है। कथा का वाचन श्रीधाम वृंदावन से आए पंडित कृष्णा शास्त्री कर रहे है। जिन्होंने प्रथम दिन भागवत कथा के महत्व की जानकारी दी साथ में बताया की भागवत कथा का रसपान करने से किस प्रकार कलयुग में पाप का नाश होता है। हमें समय निकालकर भागवत जैसी कथा का श्रवण अवश्य करना चाहिए। युवा श्रद्धालु नीतेश चौधरी ने बताया कि 21 फरवरी से शुरू हुआ यह भागवत कथा समारोह 27 फरवरी शुक्रवार तक चलेगा। कथा के समापन पर पूर्णाहुति हवन यज्ञ किया जाएगा। 28 फरवरी शनिवार को मंदिर पर कथा समापन पर भंडारे का आयोजन होगा। कथा के दौरान मन्दिर से जुड़े जीतेन्द्र बाबूजी,रामसेवक कुलश्रेष्ठ,राधेश्याम अग्रवाल,प्रदीप अग्रवाल,दिलीप वैश्य सहित सैकड़ो श्रद्धालु मौजूद रहे।

## डांग के सेवर से आये घुमंतू परिवारों ने दिया एसडीएम को ज्ञापन

### गांव में आशियाने के साथ मूलभूत सुविधाओं की दरकार, प्रशासन से गुहार

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** उपखंड के डांग क्षेत्र में चंबल किनारे सेवर गांव के दो दर्जन से अधिक घुमंतु,अर्ध घुमंतु परिवारों ने सामाजिक संस्था जन अधिकार मंच के माध्यम से बाड़ी उपखंड अधिकारी को एक ज्ञापन सोपा है।

ज्ञापन में परिवारों ने मांग की है कि वह पूरी तरह मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं। 50 वर्ष से गांव सेवर में निवास कर रहे हैं लेकिन उनके पास कोई आशियाना नहीं है। यहां तक की पीने के पानी के लिए उन्हें 10 किलोमीटर दूर चंबल नदी तक जाना पड़ता है। गांव में जो हेड पंप लगे हैं उनसे उनको पानी नहीं भरने दिया जाता, ना बिजली की कोई व्यवस्था है। उपखंड से करीब 50 किलोमीटर दूर गांव सेवर से आई घुमन्तु महिला गीताबाई और परमा ने बताया की करीब दो दर्जन परिवार गांव में दो डेरो पर निवास करते है। जिनके रहने की कोई व्यवस्था नहीं है। बिजली के लिए उनके पास मीटर लगाने के पैसे नहीं है और कोई खुद की जमीन या आशियाना नहीं है। ऐसे में बिना बिजली और पानी के ही खुले आसमान तले डेरा डालकर रहते हैं। प्रशासन ने अभी गांव में कैंप लगाकर उनकी मूल, जाति और आधार कार्ड जैसे प्रमाण पत्र बनाने की प्रक्रिया तो शुरू कर दी है। यदि जमीन मिल जाए और उसे पर कोई कमरा बन जाए तो भीषण गर्मी और बारिश के दिनों में परेशान नहीं होंगे। जन अधिकार मंच के कार्यकर्ता राकेश कुमार ने बताया कि उनकी संस्था ऐसे ही परिवारों के लिए कार्य करती है जो किसी भी दृष्टि में सक्षम नहीं है। सेवर गांव बाड़ी से 50 किलोमीटर दूर है। जहां यह परिवार रहते हैं। दो दर्जन परिवारों के लिए प्रशासन से मांग की है कि उन्हें पट्टे देकर जमीन दी जाए और बिजली, पानी एवं आवागमन की सही सुविधा उपलब्ध कराई जाए। उपखंड अधिकारी भगवत शरण त्यागी ने भी समस्त परिवारों को जल्द कार्रवाही का आश्वासन दिया है।



## भागवत कथा आत्मा को परमात्मा से जोड़ने की साधना है- पंडित मुरारी लाल पाराशर

ऐतिहासिक लक्ष्मण मंदिर में श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह का कलश यात्रा के साथ शुभारंभ



बढ़ता राजस्थान

**डीग ( नि.स. )।** शहर के ऐतिहासिक लक्ष्मण मंदिर में शनिवार को श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ भव्य कलश यात्रा के साथ श्रद्धा एवं उत्साहपूर्वक हुआ। 21 से 28 फरवरी तक आयोजित होने वाली इस दिव्य कथा के प्रारंभ अवसर निकाली है कलश यात्रा लक्ष्मण मंदिर से प्रारंभ होकर मुख्य बाजार, लोहा मंडी, नई सड़क, पोस्ट ऑफिस, राजकीय चिकित्सालय, गणेश मंदिर एवं हिंदी पुस्तकालय मार्ग से होती हुई पुनः मंदिर परिसर पहुंची। कलश यात्रा में लाल परिधान में सुसज्जित महिलाएं सिर पर मंगल कलश धारण कर बैंड-बाजों की मधुर धुन और हरिनाम संकीर्तन के साथ भक्ति भाव से नृत्य करती चल रही थीं। नगरवासियों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर एवं जलपान कराकर यात्रा का स्वागत किया। इस अवसर पर भागवताचार्य एवं मंदिर महंत पंडित मुरारी लाल पाराशर ने कहा कि भागवत कथा केवल श्रवण का विषय नहीं, बल्कि आत्मा को परमात्मा से जोड़ने की साधना है। सच्ची भक्ति वही है जिसमें व्यक्ति आत्ममंथन कर अपने दोषों का परिमार्जन करे और प्रेम, करुणा व सेवा को जीवन का आधार बनाए। उन्होंने कहा कि भागवत हमें सांसारिक मोह-माया से ऊपर उठकर ईश्वर की भक्ति और प्रेममय जीवन जीने की प्रेरणा देती है। कार्यक्रम में बाबा शिवराम दास महाराज, आचार्य गणेश दत्त पाराशर, गोपाल दास खंडेलवाल, पूर्व पार्षद मोहन स्वरूप पाराशर, कृष्ण बल्लभ शर्मा, हरिओम पाराशर, रमेश अरोड़ा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## राजा मानसिंह की 41वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित

### शहरवासियों ने शहीद स्थल पर अर्पित किए श्रद्धा सुमन

बढ़ता राजस्थान

**डीग ( नि.स. )।** राजस्थान विधानसभा में सात बार निर्दलीय विधायक रहे तथा भरतपुर राजपरिवार के सदस्य स्वर्गीय राजा मानसिंह की 41वीं पुण्यतिथि पर सोमवार को डीग शहर की पुरानी अनाज मंडी स्थित उनके शहीद स्थल पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राजपरिवार के सदस्यों सहित बड़ी संख्या में शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र के लोग उपस्थित रहे।

पंडित पुनीत शांडिल्य के मंत्रोच्चारण के बीच स्व राजा मानसिंह की पुत्री एवं पूर्व मंत्री कृष्णेंद्र कौर 'दीपा', काका रघुराज सिंह, कुंवर दीपराज सिंह एवं कुंवर विजय सिंह ने शहीद स्थल पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर स्थल को फूलों से आकर्षक रूप से सजाया गया।



इस दौरान सतीश तमौलिया, मास्टर चंद्रपाल सिंह, लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी रहे खेमचंद कोली, मेवाराम पटवारी, मनीष तमौलिया, पूर्व सरपंच बच्चू सिंह पास्ता, पूरन सिंह,सौरभ तमौलिया सहित अनेक गणमान्य नागरिकों ने भी श्रद्धासुमन अर्पित किए।

गौरतलब है कि 21 फरवरी 1986 को डीग में कांग्रेस पार्टी के चुनाव प्रचार के आए तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवचरण माथुर को लेकर आए हैलीकॉप्टर से स्वर्गीय राजा मानसिंह के विपिन कैरियर की कथित भिड़ंत की घटना के बाद पुरानी अनाज मंडी में पुलिस द्वारा उन्हें रोके जाने के दौरान लगी गोली से राजा मानसिंह का निधन हो गया था। उनके योगदान और व्यक्तित्व को याद करते हुए वक्ताओं ने उन्हें आम आदमी और किसानों का सच्चा हमदर्द और जननायक बताया।

## कारोली में रात्रि चौपाल का आयोजन, 10 में से अधिकांश शिकायतों का त्वरित निस्तारण

बढ़ता राजस्थान



**पावटा ( नि.स. ) ।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम पंचायत कारोली में प्रशासन द्वारा रात्रि चौपाल का आयोजन कर ग्रामीणों की समस्याओं को प्राथमिकता से सुना गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पावटा उपखंड अधिकारी डॉ. साधना शर्मा ने की, जबकि विभिन्न विभागों के ब्लॉक स्तरीय अधिकारी भी उपस्थित रहे। रात्रि चौपाल के दौरान जनसुनवाई आयोजित की गई, जिसमें बिजली विभाग, पीडब्ल्यूडी सहित अन्य विभागों से संबंधित कुल 10 शिकायतें प्राप्त हुईं। अधिकारियों ने अधिकांश परिवादों का मौके पर ही समाधान कर आमजन को राहत प्रदान की।

उपखंड अधिकारी डॉ. साधना शर्मा ने जनसुनवाई के दौरान समस्त ब्लॉक लेवल अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण, समयबद्ध एवं संतोषजनक निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही सभी शिकायतों को संपर्क पोर्टल पर अनिवार्य रूप से दर्ज करने के निर्देश भी दिए गए, ताकि पारदर्शिता एवं मॉनिटरिंग सुनिश्चित हो सके। चौपाल में पावटा तहसीलदार लोकेन्द्र मीणा, सीबीईओ, सीडीपीओ, एईएन, जेईएन (बिजली विभाग), पीडब्ल्यूडी, पशु चिकित्सा विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## सनातन की सम्पति पर बनेगा ट्रस्ट, भूमि की पैमाइश

### - प्रशासन ने लाल वेरा भूमि का सीमांकन करवाया

बढ़ता राजस्थान

**सिरोही ( नि.स. )।** शहर में लाल वेरा की भूमि का सीमांकन किया गया। प्रशासन की ओर से गठित टीम ने भूमि की पैमाइश कर पत्थर गढ़ी की। बताया जा रहा है कि जल्द ही सनातन समाज से जुड़ी सम्पतियों की देखभाल के लिए ट्रस्ट बनाया जाएगा। हिंदू वेव के जिला संयोजक हरीश दवे ने बताया कि गत दिनों विभिन्न मांगों को लेकर अनशन किया गया था। इन सम्पतियों की पैमाइश करना भी इसी मांग में शामिल रहा।

इसके तहत शनिवार को राजस्व विभाग की टीम ने तहसीलदार पैमाइश की। इसमें गिरदावर बदाराम प्रजापत, आरआई भंवरलाल माली, पटवारी भरत मीणा, उदयवीर, अशोक मेघवाल आदि शामिल रहे। हिन्दू श्मशान सभा के अध्यक्ष धनपतसिंह राठौड़, भवानीसिंह, प्रवीण गोस्वामी, रामेश्वर कंसारा, हरीश दवे, मोहनलाल माली, रमेशसिंह राठौड़ आदि की मौजूदगी में खसरा नम्बर 2691 से 2695 तक भूमि की पैमाइश की गई। छीण पट्टियां लगाकर सीमांकन किया गया। जल्द ही सनातन समाज के सभी प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित कर नया ट्रस्ट गठित करेंगे। इसके बाद लाल वेरा का जीर्णोद्धार कराया जाएगा।

## आशियाना उत्सव में 'उत्सव कैफे' पुनः शुरू, निवासियों को डाइनिंग सेवा बहाल

सक्षम प्राधिकारी के 18 फरवरी 2026 के आदेश के बाद अंतरिम राहत



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** शहर के वरिष्ठ नागरिक आवासीय परिसर आशियाना उत्सव में स्थित उत्सव कैफे को पुन, खोल दिया गया है और निवासियों के लिए डाइनिंग सेवाएं फिर से बहाल कर दी गई हैं। यह व्यवस्था राजस्थान अपार्टमेंट ओनरशिप एक्ट, 2015 के अंतर्गत सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी आदेश दिनांक 18 फरवरी 2026 के अनुपालन में की गई है। जानकारी के अनुसार, जेडीए जयपुर के डिप्टी कमिश्नर (जोन-12), जो इस मामले में अधिनियम के तहत सक्षम प्राधिकारी हैं, ने अपने आदेश में स्थिति यथावत रखते हुए निवासियों को कैफे एवं डाइनिंग एरिया के उपयोग की अनुमति दी है। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि यह व्यवस्था अगले आदेश तक प्रभावी रहेगी। कैफे के पुनः खुलने के बाद परिसर के वरिष्ठ निवासियों ने राहत व्यक्त की है। कई निवासियों ने कहा कि डाइनिंग सुविधा बहाल होने से विशेष रूप से अकेले रहने वाले और अधिक आयु के निवासियों को बड़ी सुविधा मिलेगी। निवासी समूह के प्रतिनिधियों ने बताया कि वे सक्षम प्राधिकारी के आदेशों का पालन करते हुए सभी पक्षों के साथ समन्वय बनाए रखेंगे, ताकि कैफे, केयर होम और अन्य सामुदायिक सुविधाओं से जुड़े मुद्दों का स्थायी समाधान शीघ्र निकाला जा सके। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, मामले से संबंधित आगे की कार्यवाही एवं अंतिम निर्णय सक्षम प्राधिकारी के समक्ष विचाराधीन है। तब तक डाइनिंग सेवाएं पूर्ववत जारी रहेंगी और निवासियों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती रहेंगी।

# जयपुर में पर्यावरण संरक्षण एवं अर्थव्यवस्था सुदृढ़ीकरण का पर्याय बन रहा लिसोड़ा

## लिसोड़ा के संरक्षण-संवर्धन में अग्रणी जिले के रूप में स्थापित हो रहा जयपुर

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की दूरदर्शी पहल एवं पारदर्शी, परिणामोन्मुख शासन की प्रतिबद्धता के तहत राज्य में एक जिला-एक वनस्पति प्रजाति अभियान को नई गति मिली है। इसी क्रम में जयपुर जिले में लिसोड़ा के संरक्षण, संवर्धन एवं प्रोत्साहन हेतु जिला प्रशासन द्वारा बहुआयामी एवं संरचित प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे यह पहल पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था सुदृढ़ीकरण का भी प्रभावी माध्यम बन रही है। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देशन में संचालित यह अभियान स्थानीय जैव-विविधता के संरक्षण, हरित आवरण विस्तार तथा आजीविका सृजन की दृष्टि से मील का पत्थर सिद्ध हो रहा है। अतिरिक्त जिला कलक्टर जयपुर प्रथम श्रीमती विनीता सिंह ने बताया कि वन विभाग की नर्सरियों में अन्य पौधों के साथ 1 लाख 20 हजार लिसोड़ा पौधे तैयार कर जुलाई से सितम्बर







2025 के मध्य जिले में वितरित किए गए। इसके अतिरिक्त 485 पंचायत पौधशालाओं में भी लिसोड़ा के पौधे विकसित कर रोपित किए गए हैं। जिला प्रशासन द्वारा प्रत्येक ग्राम पंचायत, नगरपरिषद एवं नगरपालिका क्षेत्र में 100-100 लिसोड़ा पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए सभी उपखण्ड अधिकारियों से भूमि चिन्हित कर प्रस्ताव आमंत्रित किए गए। जनभागीदारी को सुदृढ़ करते हुए वनस्पति प्रजाति एवं उपज संरक्षण-संवर्धन अभियान का शुभारम्भ किया गया, जिसके अंतर्गत 110.34 हेक्टेयर भूमि चिन्हित कर सघन पौधरोपण किया गया। ग्राम पंचायत स्तर पर इन पौधों के विकास से पर्यावरण संरक्षण, रोजगार सृजन एवं स्थानीय आय में वृद्धि के नए अवसर उत्पन्न हो रहे हैं। मुख्य आयोजना अधिकारी डॉ. सुदीप कुमावत ने बताया कि पंच-गौरव योजना के अंतर्गत राज्य सरकार द्वारा 90 लाख रुपये का बजट आवंटित किया गया है। इस योजना के तहत संरक्षण, पौधरोपण एवं जागरूकता गतिविधियों के व्यापक प्रचार-प्रसार पर विशेष बल दिया जा रहा है। फ्लेक्स, प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया तथा विजुअल एड्स के माध्यम से आमजन को लिसोड़ा की उपयोगिता एवं महत्त्व से अवगत कराया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि स्थानीय महिला स्वयं सहायता समूहों को अभियान से जोडऩे के लिए 10 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है, जिससे उन्हें लिसोड़ा आधारित उत्पादों के माध्यम से आजीविका के अवसर प्राप्त हों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिले। लिसोड़ा से बनने वाले उत्पादों एवं उपज को बाजार में लोकप्रिय बनाने हेतु प्रदर्शनी, नुक्कड़ नाटक, क्रेता-विक्रेता बैठकें एवं अन्य आयोजनों के लिए 10 लाख रुपये आवंटित किए गए हैं, ताकि अधिकाधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित की जा सके। डॉ. सुदीप कुमावत ने बताया कि वन विभाग की नर्सरियों को सुदृढ़ बनाने के लिए नर्सरी निर्माण, वर्मीकम्पोस्ट बेड, फव्वारा प्रणाली, शेड नेट हाउस, मदर बेड, सीड स्टोर एवं फेंसिंग निर्माण जैसे कार्यों हेतु 40 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है, जिससे गुणवत्तापूर्ण एवं स्वस्थ पौधे आमजन को उपलब्ध कराए जा सकें। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में जयपुर जिला प्रशासन द्वारा पंच गौरव योजना के माध्यम से लिसोड़ा को पहचान दिलाने, स्थानीय अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने तथा पर्यावरण संरक्षण को जन-आंदोलन का स्वरूप देने की दिशा में निरंतर, सुनियोजित एवं परिणामकारी प्रयास किए जा रहे हैं।

## लखदातार बाबा श्याम के आठ दिवसीय लक्खी मेले का हुआ आगाज

बढ़ता राजस्थान

**खाटूश्यामजी (नि.स.)।** सीकर जिले के खाटूश्यामजी कस्बे के विश्व विख्यात खाटूधाम में बाबा श्याम का आठ दिवसीय लक्खी फाल्गुन मेला का 21फरवरी से आगाज हुआ। मेले की तैयारियों को लेकर श्री श्याम मंदिर कमेटी व जिला प्रशासन ने तैयारियों को अंतिम रूप दिया है।देशभर से आने वाले श्याम भक्तों को सुगमतापूर्वक दर्शन कराने के लिए श्री श्याम मंदिर कमेटी तत्पर हैं।बाबा श्याम के आने वाले भक्तजन रींगस डाइवर्जन, चारण मेला मैदान, लखदातार मैदान,40 फीट नवीन रास्ते से होते हुए बाबा श्याम के दरबार में दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। फाल्गुन मेले को भव्य बनाने के लिए श्री श्याम मंदिर कमेटी ने मंदिर परिसर को आकर्षक रूप से सजाया गया है।श्याम मंदिर के सिंहद्वार



पर भगवान कृष्ण की मनमोहक प्रतिमा सजाई गई है। मंदिर कमेटी के मंत्री मानवेन्द्र सिंह चौहान ने बताया कि इस बार 120 बंगाली कारीगर द्वारा सजावट कराई गई है तथा मंदिर परिसर में सभी देवी देवताओं की प्रतिमा लगाई गई है। जिससे बाबा श्याम के दर्शन के साथ सभी देवी देवताओं के आशीर्वाद भी भक्तजन को मिले।

# खाटू श्याम मंदिर में आठ दिवसीय लक्खी फाल्गुन मेले का शुभारंभ

## 27 फरवरी (एकादशी) को मुख्य मेला, पुलिस-प्रशासन के पुख्ता प्रबंध

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** सीकर जिले के विश्वविख्यात खाटूधाम में बाबा लखदातार श्याम का आठ दिवसीय लक्खी फाल्गुन मेले का शुभारंभ 21 फरवरी से श्रद्धा और उल्लास के साथ हो गया है। मुख्य मेला 27 फरवरी (फाल्गुन एकादशी) को आयोजित होगा, जिसमें लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। फाल्गुन मेले को दिव्य और आकर्षक बनाने के लिए श्री श्याम मंदिर कमेटी द्वारा मंदिर परिसर को विशेष रूप से सजाया गया है। मंदिर के सिंहद्वार पर भगवान श्रीकृष्ण की मनमोहक प्रतिमा आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। मंदिर कमेटी के मंत्री मानवेन्द्र सिंह चौहान ने बताया कि इस बार 120 बंगाली कारीगरों द्वारा भव्य सजावट कराई गई है। परिसर में विभिन्न देवी-देवताओं की प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं, ताकि श्रद्धालु बाबा श्याम के साथ सभी देवी-देवताओं का आशीर्वाद



प्राप्त कर सकें। देशभर से आने वाले श्रद्धालु रींगस डाइवर्जन, चारण मेला मैदान, लखदातार मैदान और 40 फीट नवीन मार्ग से होकर सुगमता से बाबा श्याम के दरबार में पहुंच रहे हैं। राजस्थान पुलिस, प्रशासन और मंदिर कमेटी ने दर्शन व्यवस्था को सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित बनाने के लिए विशेष इंतजाम किए हैं।

### राजस्थान पुलिस के सुदृढ़ सुरक्षा प्रबंध

12 पुलिस सहायता बूथ, 24 घंटे सक्रिय हेल्पलाइन

राजस्थान पुलिस द्वारा मेले में व्यापक सुरक्षा प्रबंध सुनिश्चित किए गए हैं। पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा के निर्देशानुसार श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। पुलिस अधीक्षक प्रवीण नायक नूनावत ने बताया कि मेले के दौरान त्वरित सहायता के लिए पुलिस हेल्पलाइन नंबर 112 के साथ ही मोबाइल नंबर 9667600788 जारी किया गया है। दोनों हेल्पलाइन 24 घंटे सक्रिय रहेंगी। श्रद्धालुओं की सहायता के लिए 12 पुलिस सहायता बूथ स्थापित किए गए हैं, जहां से मार्गदर्शन एवं सुरक्षा संबंधी सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। फाल्गुन मेले में जहां एक ओर भक्ति और उत्साह का माहौल है, वहीं प्रशासन और पुलिस की सतर्क व्यवस्था श्रद्धालुओं को सुरक्षित और सुगम दर्शन का भरोसा दिला रही है।

खाटूधाम में इस समय श्रद्धा, भव्यता और अनुशासन का अद्भुत संगम देखने को मिल रहा है।

पिलानी पुलिस की बड़ी कार्रवाई

## रोहित गोदारा गैंग का तीसरा गुर्गा गिरफ्तार, कॉलेज संचालक से मांगी थी 2 करोड़ की फिरौती




बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** झुंझुनू जिले की पिलानी थाना पुलिस ने संगठित अपराध के खिलाफ एक और बड़ी कामयाबी हासिल की है। पुलिस ने कुख्यात रोहित गोदारा गैंग के सक्रिय सदस्य ललित उर्फ लिता को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने एक कॉलेज संचालक को जान से मारने की धमकी देकर 2 करोड़ रुपये की भारी-भरकम फिरौती की मांग की थी। इस मामले में पुलिस दो आरोपियों को पहले ही सलाखों के पीछे भेज चुकी है। एसपी बृजेश ज्योति उपाध्याय ने बताया कि घटना 14 सितंबर 2025 की है, परिवादी संजीव कुमार के पास विदेशी नंबरों से कॉल आने शुरू हुए। डरे हुए परिवादी ने अनजान नंबर होने के कारण पहले कॉल नहीं उठाए, लेकिन 24 सितंबर को कॉल उठाने पर सामने वाले ने खुद को रोहित गोदारा ग्रुप का सदस्य बताया। इसके बाद वॉट्सएप पर वॉइस रिकॉर्डिंग भेजकर 2 करोड़ रुपये की मांग की गई। धमकी यहीं नहीं रुकी; बदमाशों ने चैट के जरिए मैसेज भेजा कि अगर समझौता नहीं किया तो जल्द ही तुझे और तेरे परिवार को ठेकेदार (मार देना) बना देंगे। एसपी उपाध्याय के निर्देशन और पिलानी थानाधिकारी चंद्रभान के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने इस जटिल मामले की जांच शुरू की। तकनीकी साक्ष्यों और खुफिया सूचनाओं के आधार पर पुलिस ने करीब कड़ी मशक्कत के बाद पहले इस गैंग के दो गुर्गों विकास उर्फ दुबे और अजय उर्फ पहलवान को गिरफ्तार किया था। उनसे हुई पूछताछ के बाद तीसरे आरोपी ललित उर्फ लिता का नाम सामने आया, जिसे अब पुलिस ने शिकंजे में ले लिया है। आरोपी ललित उर्फ लिता पुत्र जसवंत (28) निवासी स्वामी सेही पहले से ही अन्य मामलों में झुंझुनू जेल में बंद था।

## भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी पर आधारित पहली कॉफी टेबल बुक का भव्य विमोचन




बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी भारतीय संस्कृति के शिखर राजनीतिज्ञ थे। उन्होंने कहा कि मैं वह अत्यंत सौभाग्यशाली हूं कि श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी को निकट से देखने और उनके साथ समय बिताने का अवसर प्राप्त हुआ। अटल जी भारतीय राजनीति के ऐसे युगपुरुष थे, जिन्होंने अपने विचारों, आचरण और कार्यों से लोकतंत्र को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। भारत रत्न श्रद्धेय श्री अटल बिहारी वाजपेयी के जीवन, विचारों एवं राष्ट्र निर्माण में उनके अमूल्य योगदान पर आधारित पहली कॉफी टेबल बुक का विमोचन शनिवार को नई दिल्ली के डॉ. अम्बेडकर इंटरनेशनल सेंटर, जनपथ, नई दिल्ली में हुआ। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपराष्ट्रपति श्री सी. पी. राधाकृष्णन, राजस्थान के राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे, बिहार के राज्यपाल श्री आरिफ मोहम्मद खान, हरियाणा के राज्यपाल श्री प्रो. आशिम कुमार घोष तथा प्रसिद्ध राजनीतिज्ञ श्री डॉ. एम. एम. जोशी उपस्थिति रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागडे, राज्यपाल श्री आरिफ मोहम्मद खान, राज्यपाल श्री प्रो. आशिम कुमार घोष एवं श्री डॉ. एम. एम. जोशी द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। उल्लेखनीय है कि यह कॉफी टेबल बुक श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी के सार्वजनिक जीवन, सुशासन, कूटनीतिक दृष्टि एवं साहित्यिक व्यक्तित्व को चित्रों एवं दुर्लभ दस्तावेजों के माध्यम से प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत करती है। यह पुस्तक आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत सिद्ध होगी।

## झालाना लैपर्ड रिजर्व प्रकरणः जांच पूर्ण, दोषियों पर कार्रवाई एवं सख्त व्यवस्थाएं लागू

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** हाल ही में एक समाचार चैनल द्वारा झालाना लैपर्ड रिजर्व में कथित अवैध लैपर्ड सफारी संचालित किए जाने संबंधी प्रसारित समाचार के संदर्भ में वन विभाग द्वारा प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए विस्तृत जांच कराई गई। अति. प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) द्वारा वन विभाग, राजस्थान के अंतर्गत वन संरक्षक (वन्यजीव), जयपुर को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया था। जांच प्रतिवेदन में पाया गया कि संबंधित घटना 16 दिसम्बर 2025 की है। उक्त दिवस प्रवेश द्वार पर तैनात कार्मिक विभागीय प्रशिक्षण के कारण अनुपस्थित थे, जिसके परिणामस्वरूप प्रातःकालीन पारी में प्रवेश व्यवस्था में शिथिलता उत्पन्न हुई। प्रकरण की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए विभाग द्वारा निम्न कठोर कदम उठाए गए हैं। संबंधित वाहन चालक का पंजीकरण निरस्त कर उसे झालाना-आमागढ़ लैपर्ड सफारी से प्रतिबंधित किया गया है। संबंधित नाका प्रभारी का कार्यस्थल परिवर्तन किया गया है। पार्किंग व्यवस्था में संलग्न व्यक्ति को सेवा से पृथक किया गया है। क्षेत्रीय वन अधिकारी, झालाना से उस दिवस प्रवेश द्वार पर कार्मिक तैनात नहीं किए जाने के संबंध में स्पष्टीकरण तलब किया गया है।

- गेट्स फाउंडेशन के प्रतिनिधियों ने किया शिक्षा विभाग की गति?विधियों का अवलोकन

# एआई आधारित ओआरएफ मूल्यांकन और पीएम श्री विद्यालयों की प्रगति को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सराहना

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर (का.स.)।** राजस्थान शिक्षा विभाग की तकनीक-संचालित शैक्षिक पहलों को वैश्विक स्तर पर सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है। गेट्स फाउंडेशन के उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने तिजारा ब्लॉक के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बुरहेड़ा का भ्रमण कर राज्य में संचालित एआई आधारित ओरल रीडिंग फ्लूएंसी मूल्यांकन प्रक्रिया का अवलोकन किया। यह मूल्यांकन 'प्रखर राजस्थान 2.0' के अंतर्गत पठन कौशल के सटीक आकलन और सीखने के स्तर में सुधार हेतु लागू किया गया है।



भ्रमण के दौरान निदेशक माध्यमिक एवं प्रारंभिक शिक्षा श्री सीताराम जाट ने प्रतिनिधिमंडल को राज्य में लागू डिजिटल शिक्षण मॉडल, कक्षा-केंद्रित नवाचारों तथा पीएम श्री विद्यालयों के अंतर्गत विकसित किए जा रहे उत्कृष्ट अधोसंरचना और गतिविधि-आधारित शिक्षण वातावरण की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एआई आधारित ओआरएफ मूल्यांकन से विद्यार्थियों के पठन कौशल का डेटा-आधारित विश्लेषण संभव हो रहा है, जिससे शिक्षण रणनीतियों को अधिक प्रभावी बनाया जा रहा है। प्रतिनिधिमंडल ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों से संवाद कर ओआरएफ प्रक्रिया को समझा तथा बच्चों के पठन कौशल का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। साथ ही उन्होंने पीएम श्री विद्यालयों में विकसित हो रही डिजिटल सुविधाओं, स्मार्ट कक्षाओं और नवाचार आधारित शिक्षण गतिविधियों की प्रगति की सराहना की, जो भविष्य उन्मुख शिक्षा मॉडल की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही हैं। अवलोकन के दौरान यह भी सामने आया कि तकनीकी समाधान, क्षमता निर्माण कार्यक्रम और डिजिटल सामग्री के उपयोग से कक्षा शिक्षण अधिक सहभागितापूर्ण एवं परिणामोन्मुख बन रहा है। प्रतिनिधिमंडल ने विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी, आत्मविश्वास और सीखने के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण की सराहना की।

गेट्स फाउंडेशन की ओर से प्रतिनिधिमंडल में लीड ग्लोबल एजुकेशन श्री बेंजामिन पाइपर, डिप्टी डायरेक्टर ग्लोबल एजुकेशन इनोवेशन एवं कंट्री इम्प्लीमेंटेशन श्री जोनाथन स्टर्न तथा श्री सतीश मेनन शामिल रहे। इस अवसर पर शिक्षा विभाग के निदेशालय, जिला एवं ब्लॉक स्तर के अधिकारी, वाधवानी एआई के प्रतिनिधि, प्रधानाचार्य प्रदीप राठी भी उपस्थित रहे।

## सम्पादकीय

# ट्रंप की मनमानी पर रोक, अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने निकाल दी हेकड़ी

मुझे टैरिफ से प्यार है और यह मेरा पसंदीदा शब्द है, ऐसा कहकर इतराने वाले राष्ट्रपति ट्रंप की अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने हेकड़ी निकाल दी। उसने अमेरिकी राष्ट्रपति की ओर से भारत समेत तमाम देशों पर थोपे गए टैरिफ को अवैध करार दिया। खास बात यह है कि सुप्रीम कोर्ट के उन दो न्यायाधीशों ने भी ट्रंप की टैरिफ नीति को उनके अधिकार क्षेत्र से बाहर माना, जिनकी नियुक्ति स्वयं उन्होंने की थी। इससे पता चलता है कि ट्रंप टैरिफ के मामले में किस तरह नियम-कानूनों की घोर अनदेखी करने में लगे हुए थे। सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला न केवल ट्रंप की टैरिफ नीति की हवा निकालने वाला, बल्कि उन्हें राजनीतिक रूप से कमजोर करने वाला भी है, क्योंकि वे एक तरह से अवैधानिक काम करते पकड़े गए। ट्रंप अपनी टैरिफ नीति के जरिये अपने समर्थकों के बीच यह माहौल बनाने में जुटे थे कि वे अमेरिका को मालामाल कर रहे हैं, लेकिन अब उन्हें भी ठगे जाने का अहसास होगा और वह भी ऐसे समय, जब अमेरिका में मध्यावधि चुनाव होने हैं। सुप्रीम कोर्ट का फैसला ट्रंप की कम होती लोकप्रियता को और कम करने वाला है और इसका उन्हें राजनीतिक नुकसान उठाना पड़ सकता है, लेकिन यह भी तय है कि वे चैन से बैठने वाले नहीं हैं। इसका एक प्रमाण यह है कि उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के फैसले के कुछ ही घंटों बाद एक




कार्यकारी आदेश जारी कर सभी देशों पर दस प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा कर दी। हालांकि इसकी अवधि पांच महीने ही रहेगी, लेकिन इस बीच ट्रंप अन्य उपायों का सहारा लेने की कोशिश कर सकते हैं। ट्रंप अमेरिका के साथ अनुचित एवं भेदभावपूर्ण व्यापार का आरोप लगाकर कुछ देशों पर अतिरिक्त टैरिफ थोप सकते हैं। इसी तरह वैसे आयात पर भी टैरिफ बढ़ा सकते हैं, जिनसे अमेरिका की सुरक्षा के लिए खतरा हो, लेकिन इन उपायों को अमल में लाने के लिए उन्हें जांच के जरिये यह सिद्ध करना होगा कि वास्तव में अमुक-अमुक देश अनुचित व्यापार नीति पर चल रहे हैं या फिर अमेरिकी सुरक्षा के लिए खतरा बने उत्पादों का निर्यात कर रहे हैं। चूंकि ट्रंप अमेरिका को फिर से महान बनाने के नारे के बहाने अपने स्वार्थों को पूरा करने और अपनी छवि चमकाने के फेर में रहते हैं, इसलिए टैरिफ से इतर मामलों में मनमाने, अप्रत्याशित और विश्व को मुश्किल में डालने वाले फैसले ले सकते हैं। अपने लोगों का ध्यान बंटाने के लिए वे ईरान पर हमला कर सकते हैं। वे उसकी घेराबंदी करने में जुटे ही हैं। वे क्यूबा और कुछ अन्य देशों पर भी अपनी निगाह टेढ़ी कर सकते हैं। जो भी हो, भारत को उनसे तब भी सावधान रहना होगा, जब अमेरिका से अंतरिम व्यापार समझौता हो जाए, क्योंकि वे भरोसे के काबिल नहीं रह गए हैं।

## आज का इतिहास | बढ़ता राजस्थान

### 22 फरवरी की महत्त्वपूर्ण घटनाएं

- 1495 - फ्रांस नरेश चार्ल्स आठवें के नेतृत्व में सेना नेपल्स, इटली पहुँची।
- 1724 - स्वीडन और रूस ने आपसी सहायता सम्बन्धी समझौता किया।
- 1746 - फ्रांसीसी सेनाओं ने बेल्जियम की राजधानी ब्रसेल्स पर क़ब्ज़ा किया।
- 1775 - यूरोपीय देश पौलेंड की राजधानी वारसा के बाहरी इलाकों से यहूदियों को निकाला गया।
- 1784 - चीन के साथ व्यापार के लिए अमेरिका का पहला व्यापारिक पोत न्यूयॉर्क से रवाना।
- 1845 - ईस्ट इंडिया कम्पनी ने डच ईस्ट इंडिया कम्पनी से सेरामपोर और बालासोर को ख़रीदा।
- 1848 - लुई फ़िलिप के शासन की असफलताओं के कारण पेरिस में विद्रोह हुआ।
- 1907 - लंदन में टैक्सी मीटर वाली पहली कैब का संचालन।
- 1935 - व्हाइट हाउस पर हवाई जहाज़ों की उड़ान को प्रतिबंधित किया गया।
- 1942 - द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान फ़िलिपीन्स में जनजातियों ने बड़ी संख्या में जापानी सैनिकों का सफाया कर दिया।
- 1964 - घाना में एकदलीय शासन व्यवस्था लागू हुई।
- 1966 - उगांडा के प्रधानमंत्री मिल्टन ओबेटे ने अपने मंत्रिमंडल के पाँच सहयोगियों की गिरफ़्तारी के आदेश दिए।
- 1974 - पाकिस्तान ने बांग्लादेश को मान्यता प्रदान की।
- 1975 - इथोपिया में सैनिकों के साथ संघर्ष में दो हज़ार से अधिक छापामार मारे गये।
- 1979 - कैरेबियाई द्वीप सेंट लुसिया ने ब्रिटेन से स्वतंत्रता हासिल की।
- 1980 - अफग़ानिस्तान ने मार्शल लॉ की घोषणा की।
- 1989 - अमेरिका के राष्ट्रपति जार्ज बुश चीन, जापान और दक्षिण कोरिया की यात्रा के लिए रवाना हुए।

## विशेष आलेख

# 6.78 की थाली: क्या देश का भविष्य इतना सस्ता है?



डॉ. सत्यवान सौरभ

भारत में शिक्षा को राष्ट्र निर्माण की सबसे मज़बूत नींव माना जाता है। बार-बार यह कहा जाता है कि बच्चे ही देश का भविष्य हैं और उनके विकास में किया गया निवेश ही सच्चा विकास है। लेकिन जब हम सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले करोड़ों बच्चों के लिए प्रति विद्यार्थी प्रतिदिन मात्र ?6.78 (प्राइमरी) और 10.17 (अपर प्राइमरी) की कुकिंग कॉस्ट पर नज़र डालते हैं, तो यह आदर्शवाद कठोर यथार्थ से टकराता हुआ दिखाई देता है।

स्वाभाविक रूप से यह प्रश्न उठता है क्या वाकई इतने पैसों में बच्चों को पौष्टिक, पर्याप्त और सम्मानजनक भोजन उपलब्ध कराया जा सकता है, या फिर हम अनजाने में बच्चों के भविष्य के साथ एक सामूहिक मज़ाक कर रहे हैं?

मध्याह्न भोजन योजना भारत की सबसे महत्वाकांक्षी और प्रभावशाली सामाजिक योजनाओं में से एक रही है। इसका उद्देश्य केवल बच्चों की भूख मिटाना नहीं था, बल्कि कुपोषण से लडना, विद्यालयों में उपस्थिति बढ़ाना और सामाजिक समानता को बढ़ावा देना भी था। विशेष रूप से गरीब, दलित, आदिवासी और वंचित वर्ग के बच्चों के लिए यह योजना कई बार दिन का एकमात्र सुनिश्चित भोजन बन जाती है। ऐसे में इस योजना के लिए तय की गई लागत का यथार्थवादी, संवेदनशील और मानवीय होना अत्यंत आवश्यक है। आज का आर्थिक परिदृश्य किसी से छिपा नहीं है। महंगाई लगातार बढ़ रही है। सब्जियों के दाम रोज़ बदलते हैं, दालें और तेल आम आदमी की थाली से दूर होते जा रहे हैं, गैस सिलेंडर की कीमत हर घर को परेशान कर रही है और दूध जैसी बुनियादी पोषण सामग्री भी लगातार महंगी हो रही है। ऐसे में यह मान लेना कि कुछ ही रुपयों में एक बच्चे के लिए संतुलित और गुणवत्तापूर्ण भोजन तैयार किया जा सकता है, जमीनी सच्चाई से कोसों दूर प्रतीत होता है। सरकारी आदेशों और दिशा-निर्देशों में कुकिंग कॉस्ट का जो विभाजन दिखाया जाता है, वह कागज़.पर भले ही संतुलित लगे, लेकिन व्यवहार में यह लगभग असंभव चुनौती बन जाता है। सब्ज़ी, दाल, दूध, मसाले, तेल, गैस और अन्य आवश्यक खर्चों को जोड़ दिया जाए, तो तय राशि कई बार पहले ही दिन समाप्त हो जाती है। परिणामस्वरूप विद्यालयों को या तो भोजन की गुणवत्ता से समझौता करना पड़ता है, या मात्रा से और कई बार दोनों से। इसका सबसे बड़ा नुकसान बच्चों को उठाना पड़ता है। भोजन में विविधता की कमी, पोषक तत्वों का अभाव और स्वादहीनता बच्चों की रुचि को भी प्रभावित करती है। कई बच्चे भोजन पूरा नहीं करते, कुछ की स्कूल में उपस्थिति कम होने लगती है और कुछ धीरे-धीरे पढ़ाई से भी कटने लगते हैं। यह प्रभाव तुरंत आँकड़ों में नहीं दिखता, लेकिन लंबे समय में यह बच्चों की सीखने की क्षमता, स्वास्थ्य और आत्मविश्वास को गहराई से प्रभावित करता है।

इस पूरी व्यवस्था का एक और अक्सर अनदेखा किया जाने वाला पहलू है रसोइये और विद्यालय स्टाफ। बेहद कम मानदेय में काम करने वाले रसोइयों से यह अपेक्षा की जाती है कि वे हर दिन सैकड़ों बच्चों के लिए गुणवत्तापूर्ण भोजन तैयार करें। कई बार उन्हें स्थानीय स्तर पर उधार लेना पड़ता है, अपनी जेब से खर्च करना पड़ता है या फिर शिकायतों और आलोचनाओं का सामना करना पड़ता है। यह स्थिति न केवल अन्यायपूर्ण है, बल्कि योजना की मूल भावना के भी विरुद्ध है।

विडंबना यह है कि एक ओर हम सुपोषित भारत, नई शिक्षा नीति और मानव संसाधन विकास जैसे बड़े-बड़े शब्दों का प्रयोग करते हैं, वहीं दूसरी ओर बच्चों के भोजन के लिए बजट तय करते समय अत्यधिक कंजूसी दिखाई देती है। क्या यह स्पष्ट विरोधाभास नहीं है? क्या हम सचमुच मानते हैं कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, गुणवत्तापूर्ण पोषण के बिना संभव है?

शोध और अनुभव दोनों ही यह सिद्ध करते हैं कि शिक्षा और पोषण का गहरा संबंध है। भूखा या कुपोषित बच्चा न तो ध्यान केंद्रित कर सकता है और न ही सीखने में रुचि ले सकता है। यदि मध्याह्न भोजन योजना कमजोर होगी, तो उसका सीधा असर सीखने के स्तर, उपस्थिति और ड्रॉपआउट दर पर पड़ेगा। यह केवल एक कल्याणकारी योजना का प्रश्न नहीं है, बल्कि राष्ट्रीय विकास और सामाजिक न्याय का मुद्दा है। एक और गंभीर समस्या यह है कि कुकिंग कॉस्ट का निर्धारण अक्सर एकरूपता के आधार पर किया जाता है, जबकि देश के अलग-अलग हिस्सों में महंगाई और बाजार दरें अलग-अलग हैं। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में लागत का अंतर स्पष्ट है, फिर भी तय राशि लगभग समान रहती है। इससे कई क्षेत्रों में विद्यालयों के लिए इस योजना को प्रभावी ढंग से लागू करना और भी कठिन हो जाता है।

समय की मांग है कि सरकारें इस विषय को केवल प्रशासनिक औपचारिकता के रूप में न देखें, बल्कि इसे नैतिक और मानवीय जिम्मेदारी के रूप में स्वीकार करें। कुकिंग कॉस्ट का नियमित और स्वचालित पुनर्मूल्यांकन किया जाना चाहिए, जिसे महंगाई दर और स्थानीय बाजार मूल्यों से जोड़ा जाए। साथ ही निगरानी व्यवस्था को मज़बूत किया जाए, ताकि बढ़ी हुई राशि वास्तव में बच्चों के भोजन पर ही खर्च हो।

यह भी आवश्यक है कि ज़मीनी स्तर पर काम करने वाले शिक्षकों, प्रधानाध्यापकों और रसोइयों की आवाज़ को नीति-निर्धारण की प्रक्रिया में शामिल किया जाए। वे रोज़ इस व्यवस्था की वास्तविक चुनौतियों का सामना करते हैं और उनके अनुभव किसी भी फाइल नोटिंग से कहीं अधिक मूल्यवान हैं। सरकारों को यह समझना होगा कि मध्याह्न भोजन योजना कोई बोझ नहीं, बल्कि भविष्य में किया गया निवेश है। आज अगर बच्चों की थाली मजबूत होगी, तो कल देश की अर्थव्यवस्था, समाज और लोकतंत्र भी मजबूत होंगे। लेकिन यदि हम आज भी बच्चों के भोजन को खर्च समझकर न्यूनतम बजट में चलाने की सोच रखते हैं, तो इसके दुष्परिणाम आने वाली पीढियों को भुगतने पड़ेंगे।

अंततः प्रश्न वही है क्या 6.78 या 10.17 में बच्चों का पोषण वास्तव में संभव है, या यह केवल आंकड़ों का खेल बनकर रह गया है? अब भी समय है कि नीति-निर्माता इस सच्चाई को स्वीकार करें और साहसिक निर्णय लें। क्योंकि यह बहस केवल भोजन की नहीं है यह बच्चों के सम्मान, स्वास्थ्य और देश के भविष्य की है।

# प्रगतिशील ज्ञान और शिक्षा राष्ट्र के उत्थान की बुनियाद

### शिक्षा ज्ञान विज्ञान के बगैर राष्ट्र अधूरा



संजीव ठाकुर

*ऐसी शिक्षा तथा ज्ञान के कारण मानव चंद्रमा पर पहुंच कर एक नई गाथा लिख पाया हैद्य वस्तुतः पूर्व तथा पश्चिम ज्ञान विज्ञान तथा शिक्षा के मामले में एकाकार हो चुका है।*

यह सर्वविदित है कि इतिहास का पन्ना पलटें तो हर सभ्यता ने अपने कई कई रूप बदले हैंद्य संस्कृति ने नए नए नए आयाम का सृजन किया हैद्य वैसे भी जीवन परिवर्तन का पर्याय है एवं विकास का स्वरूप हैद्य यह सर्वकालीन सत्य है कि शिक्षा एवं ज्ञान का महत्व हर संस्कृति, सभ्यता और मानवीय समुदाय के जीवन में एक प्रकाश पुंज की तरह उन्हें विकास की दिशा दिखाते हुए आया हैद्य जिस देश की भाषा जितनी समृद्ध होगी उस देश की सभ्यता संस्कृति और ज्ञान उत्तम शिखर पर होगा और विकास की नई नई धाराएं बहेगी। मानवीय विकास के साथ मनुष्य को अधिक परिपक्व को समझदार तथा समृद्ध बनाने में शिक्षा,भाषा, ज्ञान और साहित्य का सर्वाधिक महत्व रहा हैद्य शिक्षा चाहे आपके परिवार से प्राप्त हुई हो, स्कूल कॉलेज अथवा किसी शिक्षण संस्थान से प्राप्त हुई हो या भारतीय संस्कृति के वैदिक शास्त्रों से प्राप्त हुई हो, शिक्षा का मनुष्य के व्यक्तित्व के निर्माण में बड़ी अहम भूमिका होती हैद्य शिक्षा भी समाज संस्कृति एवं सभ्यताओं के साथ परिवर्तनशील तथा प्रगतिशील है। शिक्षा, ज्ञान तथा संस्कृति और कला साहित्य को देश और विदेश की सीमाओं में बांधा नहीं जा सकता है। यह असीमित भंडार है एवं इसमें आकाशीय ऊंचाइयां भी शामिल रहती हैं। शिक्षा और ज्ञान न तो गहराइयां न ही नापी नजा सकती है, और ना ही इसकी ऊंचाई को देखा जा सकता है। पूर्वी सभ्यता जहां अध्यात्म, वेद ,पुराणों पर अवलंबित है, वहीं पश्चिमी सभ्यता ज्ञान विज्ञान नए नए अविष्कार और आकाश की अनछुई कई बातों को उजागर करने वाली है। ऐसी शिक्षा तथा ज्ञान के कारण मानव चंद्रमा पर पहुंच कर एक नई गाथा लिख पाया हैद्य वस्तुतः पूर्व तथा पश्चिम ज्ञान विज्ञान तथा शिक्षा के मामले में एकाकार हो चुका है कोई भी भेदभाव या विभाजन रेखा नहीं खींची जा सकती हैद्य पूरी सभ्यता ने जहां पाश्चात्य दर्शन से नए नए अविष्कारों हवाई जहाज, इंजन, ग्रामोफोन, रेडियो एवं नई नई टेक्नोलॉजी को अपनाया है वहीं पश्चिमी दर्शन ने भारती ज्ञान विज्ञान संस्कार आयुर्वेद योग धर्म दर्शन को अपना कर अपनी जीवनशैली में शांति तथा सौभाग्य स्थापित किया हैद्य यह सब शिक्षा भाषा एवं ज्ञान के बदौलत पूर्व और पश्चिम का मेल संभव हो पाया हैद्य शिक्षा और भाषा सदैव ही अज्ञानता के तमस में एक प्रकाश पुंज की तरह देदीप्यमान होता रहा है, नवजीवन की विकास धारा में सदैव महत्वपूर्ण भूमिका निभाता आया हैद्य हमारे कई धर्मों में जिनमें जैन ,बौद्ध दर्शन, नव्य वेदांत तथा भारतीय संस्कृति के नवीन चिंतन के सामने आने से नवयुग की कल्पना को साकार किया है। पश्चिम के कई विद्वान और चिंतक जिनमें प्लूटो, अरस्तु, सुकरात, कार्ल मार्क्स, लेनिन ने अनेक विकास के सिद्धांतों को प्रतिपादित किया है। जिसका पूरे विश्व ने खुले दिल से स्वागत किया एवं विकास की नई नई की इबारत लिखी है दूसरी ओर भारत की संस्कृति, सभ्यता और समाज में सदैव आवश्यक सुधार तथा नई नई बुद्धिमता पूर्ण युक्तियों को अपने में आत्मसात करने की एक अलग क्षमता रही है, और विकास का मूल मंत्र भी परिवर्तनशील जीवनशैली ही है राजनीति तो सदैव परिवर्तन पर अवलंबित रहती है।

## लघुकथा | बढ़ता राजस्थान

### देवताओं का फ़ैसला

प्रातःकाल महाराज उठे उन्होंने आज्ञा दी, कि शाही दरवाज़े के भिक्षुकों को सम्मान से हमारे सामने पेश किया जाये।

उस रात उसने एक अनुपम सपना देखा था, और उसकी याद अभी तक उसकी आँखों में चमक रही थी। इसलिए उसने उन भिक्षुकों को कृपादृष्टि से देखा, और उनमें से हर एक को सोने की एक-एक सौ मोहर दान दी। सारे शहर में जय-जयकार होने लगा। उसी शहर में एक गरीब किसान रहता था, जिसे दिन-रात के परिश्रम के बाद केवल खाने-पीने को ही प्राप्त होता था। दोपहर के समय किसान ने अपनी स्त्री से कहामेरा भाई मर गया है।




अब उसके अनाथ बच्चे को भी हमें पालना होगा। मगर किसान को स्त्री ने कहा हम गरीब हैं। हमें तो दोनों समय खाना भी मुश्किल से मिलता है। किसान ने उत्तर दिया कोई चिन्ता नहीं। हम थोड़ा-थोड़ा करके तीनों खा लेंगे । रात को जब आकाश पर देवताओं की सभा हुई, और दिन का हिसाब-किताब हुआ, तो उन्होंने निर्णय किया कि किसान के दान के सामने महाराजा के दान का कुछ भी महत्त्व नहीं है।

## हैल्थ टिप्स | बढ़ता राजस्थान

# किडनी के मरीज भूलकर भी न करें इन फलों का ज्यादा सेवन

01.अनार- अनार आमतौर पर सेहत के लिए अच्छा माना जाता है, लेकिन किडनी ज्यादा खराब होने की स्थिति में इसका ज्यादा सेवन नुकसानदायक हो सकता है। खासकर, अनार का जूस अधिक मात्रा में पीना किडनी पर दबाव बढ़ा सकता है। इससे आपकी सेहत को नुकसान पहुंचा सकता है।

02.मौसमी- मौसमी और उसका जूस शरीर को ताजगी देता है, लेकिन अधिक मात्रा में इसका सेवन करने से किडनी की फिल्टर करने की क्षमता प्रभावित हो सकती है।अगर आपको किडनी से जुड़ी कोई समस्या है, तो मौसमी का ज्यादा सेवन करने से बचें।

03.केला -केला पोटेशियम से भरपूर होता है, जो सामान्य लोगों के लिए फायदेमंद है। लेकिन जिनकी किडनी ठीक से काम नहीं कर रही, उनके लिए नियमित रूप से रोजाना केला खाना नुकसानदायक साबित हो सकता है।

04.संतरा -संतरा विटामिन-सी का अच्छा स्रोत है। लेकिन किडनी की समस्या होने पर रोजाना ज्यादा मात्रा में इसका सेवन करने से किडनी पर अतिरिक्त दबाव पड़ सकता है। अगर किडनी खराब है और आप रोजाना ज्यादा मात्रा में संतरे का जूस पी रहे हैं, तो यह सेहत के लिए नुकसानदायक हो सकता है।

05.स्टार फ्रूट - स्टार फ्रूट में कई पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो सेहत के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं। लेकिन किडनी से जुड़ी समस्याओं में इसका ज्यादा सेवन नुकसान पहुंचा सकता है। खासतौर पर, कमजोर किडनी वाले मरीजों को इससे दूरी बनाने की सलाह दी जाती है।




### मेष

मेष राशि के लिए आज का दिन ऊर्जा और उत्साह से भरा रहेगा। आप अपने भीतर एक नई प्रेरणा महसूस करेंगे, जिसका असर आपके कामकाज और व्यापार दोनों पर दिखाई देगा।

### वृष

वृषभ राशि के लिए आज का दिन मानसिक रूप से थोड़ा भारी रह सकता है। किसी काम को लेकर मन में दुविधा बनी रहेगी और बिना वजह का डर भी परेशान कर सकता है। ऐसे में जरूरी है।

### मिथुन

मिथुन राशि के लिए आज का दिन आर्थिक रूप से लाभदायक साबित हो सकता है। आय बढ़ाने के अवसर मिलेंगे और आप अपने भविष्य की योजनाओं को लेकर ज्यादा आश्वस्त महसूस करेंगे।

### कर्क

कर्क राशि के लिए आज का दिन सकारात्मक सहयोग और प्रगति का संकेत दे रहा है। शासन या वरिष्ठ लोगों का सहयोग मिलने से आपके कामों में तेजी आएगी और आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के प्रयास सफल होंगे।

### सिंह

सिंह राशि के लिए आज भाग्य का साथ मिलेगा और रुके हुए काम धीरे-धीरे आगे बढ़ने लगेंगे। यदि किसी काम में अड़चनें आ रही थीं तो अब रास्ता साफ होता नजर आएगा।

### कन्या

कन्या राशि के लिए आज का दिन संतुलन और सावधानी का संदेश लेकर आया है। आपको अपनी संतान की संगति पर विशेष ध्यान देना होगा और वाहन चलाते समय भी पूरी सतर्कता बरतनी होगी।

### तुला

तुला राशि के लिए आज का दिन सामान्य लेकिन सुकून भरा रहेगा। जीवनसाथी का सहयोग और साथ आपको भावनात्मक मजबूती देगा और रिश्ते में अपनापन बढ़ेगा। संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरने की कोशिश करेगी।

### वृश्चिक

वृश्चिक राशि के लिए आज का दिन मिश्रित लेकिन प्रगति का संकेत देने वाला रहेगा। आप अपने विरोधियों पर बढ़त बनाने में सफल होंगे और नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को कोई सकारात्मक खबर मिल सकती है।

### धनु

धनु राशि के लिए आज व्यापार और कामकाज के लिहाज से अच्छा दिन रहेगा। यदि आप किसी स्वास्थ्य समस्या से परेशान थे तो उसमें सुधार के संकेत हैं। हालांकि धन उधार लेने से बचना बेहतर रहेगा।

### मकर

मकर राशि के लिए आज स्वास्थ्य के लिहाज से राहत भरा दिन रहेगा। माता-पिता का आशीर्वाद आपके लिए सौभाग्य लेकर आएगा और कोई रुका हुआ काम पूरा हो सकता है।

### कुंभ

कुंभ राशि के लिए आज का दिन प्रगति और आत्मविश्वास बढ़ाने वाला रहेगा। आपकी मेहनत रंग लाएगी और आप अपने लक्ष्य के करीब पहुंचेंगे। साहस और पराक्रम में वृद्धि होगी।

### मीन

मीन राशि के लिए आज का दिन सकारात्मक परिणाम देने वाला रहेगा। निवेश करते समय समझदारी दिखाएंगे तो अच्छा लाभ मिल सकता है। व्यापार में सफलता के संकेत हैं और रुका हुआ धन वापस मिलने से राहत महसूस होगी।

# टोंक में SIR 2026 के बाद 70 हजार से अधिक नाम कटे, 18,752 नए वोटर

## जलदाय मंत्री की विधानसभा टोडारायसिंह-मालपुरा में सबसे कम मतदाताओं के नाम हटे



बढ़ता राजस्थान

**टोंक (पुरूषोत्तम जोशी)।** राजस्थान निर्वाचन विभाग की ओर से SIR 2026 के तहत जारी की गई अंतिम मतदाता सूचियों में 18,752 नाम बढ़ गए हैं। वहीं SIR के शुरू होने से पहले और फाइनल लिस्ट पर गौर करें टोंक जिले में 70 हजार 243 मतदाताओं के नाम कट गए हैं। इनमें 6 में से 2 ट्रांसजेंडर के नाम भी कम हुए है। बता दें कि सबसे ज्यादा मतदाता कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव, पूर्व डिप्टी सीएम टोंक विधायक सचिन पायलट के विधानसभा क्षेत्र टोंक में 23 हजार 712 हटाए गए हैं। यहां SIR से पहले 2 लाख 66 हजार 577 मतदाता थे और अब घटकर 2 लाख 42 हजार 8650 मतदाता रह गए हैं। इसके अलावा जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी की विधानसभा टोडारायसिंह - मालपुरा में सबसे कम 14 हजार 197 मतदाताओं के नाम हटे हैं। इसमें पहले 2 लाख 80 हजार 735 मतदाता थे और SIR के बाद अब 2 लाख 66 हजार 538 मतदाता रह गए हैं।

**आपत्तियां मांगी गई थी**

उप जिला निर्वाचन अधिकारी (एडीएम) विनोद कुमार मीना ने बताया- 16 दिसंबर 2025 से 19 जनवरी 2026 तक दावे एवं आपत्तियां मिले। इस अवधि में जिले में 27 हजार 618 फॉर्म-6/6ए, 8 हजार 974 फॉर्म-7 तथा 12 हजार 655 फॉर्म-8 के प्राप्त हुए। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा दावे एवं आपत्तियों के लिए प्राप्त आवेदन पत्रों की सूची फॉर्म 9, 10, 11, 11ए और 11बी में तैयार की गई और ऐसी सूचियों की एक प्रति उनके कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर प्रत्येक कार्य दिवस को प्रदर्शित की गई।

निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा प्रति सप्ताह प्राप्त होने वाले दावे एवं आपत्तियों की सूचियां मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों से साझा की गई। यह सूचियां जिला निर्वाचन अधिकारी/मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट पर भी ऑनलाइन उपलब्ध होने की जानकारी दी की गई।

लिस्ट जिला निर्वाचन अधिकारी/मुख्य निर्वाचन अधिकारी की बेवसाइट https://election.rajasthan.gov.in तथा https://voters.eci.gov.in पर ऑनलाइन उपलब्ध है।

### एक नजर इस रिपोर्ट परः कहा कितने नाम कटे

**अब तक 70 हजार 243 वोटर्स के कटे चुके हैं नाम**

| SIR से पहले | ड्राफ्ट लिस्ट में | फाइनल वोटर लिस्ट |
|---|---|---|
| 11,50,945 वोटर्स | 10,61,950 वोटर्स | 10,80,702 वोटर्स |

राजस्थान निर्वाचन विभाग की ओर से SIR 2026 के तहत जारी की गई अंतिम मतदाता सूचियों में कई विधानसभाओं में वोटर बड़े है तो कई में कम हो गए है। टोंक में अगर SIR से पहले और अंतिम वोटर लिस्ट देखें तो कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव, पूर्व डिप्टी सीएम टोंक विधायक सचिन पायलट के विधानसभा क्षेत्र टोंक में 23 हजार 712 हटाए गए हैं। देखिए टोंक के किस विधानसभा में कितने वोटर बड़े, कितने कम हुए है।

**SIR से पहले 11,50,945 वोटर्स**

| विधानसभा क्षेत्र | मेल | फीमेल | ट्रांसजेंडर | Total |
|---|---|---|---|---|
| मालपुरा | 142605 | 138129 | 1 | 280735 |
| निवाई | 150974 | 143333 | 0 | 294307 |
| टोंक | 135401 | 131172 | 4 | 266577 |
| देवली-उनियारा | 159027 | 150298 | 1 | 309326 |
| कुल | 588007 | 562932 | 6 | 1150945 |

**ड्राफ्ट लिस्ट में 10,61,950 वोटर्स**

| विधानसभा क्षेत्र | मेल | फीमेल | ट्रांसजेंडर | Total |
|---|---|---|---|---|
| मालपुरा | 135284 | 126992 | 1 | 262277 |
| निवाई | 142151 | 130674 | 0 | 272825 |
| टोंक | 123894 | 114267 | 3 | 238164 |
| देवली-उनियारा | 151022 | 137661 | 1 | 288684 |
| कुल | 552351 | 509594 | 5 | 1061950 |

**फाइनल लिस्ट में 10,80,702 वोटर्स**

| विधानसभा क्षेत्र | मेल | फीमेल | ट्रांसजेंडर | Total |
|---|---|---|---|---|
| मालपुरा | 137425 | 129132 | 1 | 266558 |
| निवाई | 144455 | 132734 | 0 | 277189 |
| टोंक | 126247 | 116616 | 2 | 242865 |
| देवली-उनियारा | 153632 | 140457 | 1 | 294090 |
| कुल | 561759 | 518939 | 5 | 1080702 |

# राजनैतिक प्रतिनिधियों को सौंपी SIR वोटर लिस्ट के अंतिम प्रकाशन की सूची

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 कार्यक्रम के तहत शनिवार को जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलक्टर काना राम की अध्यक्षता में जिला कलेक्ट्रेट सभागार में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक हुई। इस दौरान राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 की जानकारी देते हुए मतदाता सूचियों के अंतिम प्रकाशन की सूची सौंपी गई। साथ ही उपस्थितजनों को पात्र नागरिक के मतदाता सूची में नाम जुड़वाने और संशोधन की जानकारी भी दी गई।

जिला निर्वाचन अधिकारी काना राम ने बताया कि आयोग द्वारा 27 अक्टूबर 2025 को विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम घोषित किया गया था। इसके तहत 4 नवम्बर से 11 दिसम्बर 2025 तक गणना कार्य पूर्ण करने के बाद 16 दिसम्बर 2025 को प्रारूप मतदाता सूची प्रकाशित की गई थी, जिसमें जिले में कुल 9,71,777 मतदाता दर्ज थे। प्रारूप प्रकाशन के समय विधानसभा क्षेत्रवार गंगापुर में 2,50,299, बामनवास में 2,36,272, सवाई माधोपुर में 2,39,183 तथा खण्डार में 2,46,023 मतदाता शामिल थे।

उन्होंने बताया कि 16 दिसम्बर 2025 से 19 जनवरी 2026 तक दावा एवं आपत्तियां प्राप्त की गईं। इस दौरान जिले में कुल 22,172 फार्म-6, 4,313 फार्म-7 तथा 11,153 फार्म-8 प्राप्त हुए, जिनका निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों द्वारा नियमानुसार निस्तारण किया गया।

इसके उपरांत आयोग के निर्धारित कार्यक्रमानुसार 21 फरवरी 2026 को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की गई।

अंतिम सूची के अनुसार जिले में कुल 9,94,525 मतदाता हैं, जिनमें 5,33,208 पुरुष, 4,61,311 महिला तथा 6 ट्रांसजेंडर मतदाता शामिल हैं। प्रारूप सूची की तुलना में मतदाताओं की संख्या में 2.34 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की गई है। विधानसभा क्षेत्रवार गंगापुर में 2,55,967, बामनवास में 2,42,113, सवाई माधोपुर में 2,45,048 तथा खण्डार में 2,51,397 मतदाता दर्ज किए गए हैं।

बैठक में सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को चारों विधानसभा क्षेत्रों की अंतिम मतदाता सूची-2026 की एक हार्ड कॉपी एवं एक फोटोरहित सॉफ्ट कॉपी निःशुल्क उपलब्ध कराई गई। मतदाता सूची निर्वाचन विभाग राजस्थान की वेबसाइट https://election.rajasthan.gov.in और https://voters.eci.gov.in पर ऑनलाइन उपलब्ध है, जहां कोई भी मतदाता ईपिक सर्च के माध्यम से अपना नाम देख सकता है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदाता सूची में नाम जोड़ना, हटाना अथवा संशोधन एक सतत प्रक्रिया है। इसके लिए फार्म-6, 7 एवं 8 ईसीआईनेट एप, वोटर पोर्टल https://voters.eci.gov.in के माध्यम से ऑनलाइन अथवा संबंधित बीएलओ के माध्यम से आवेदन किया जा सकता है। किसी प्रविष्टि के संबंध में असंतोष होने पर अंतिम प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के भीतर जिला मजिस्ट्रेट के समक्ष तथा उसके बाद जिला मजिस्ट्रेट के निर्णय से असंतुष्ट होने पर 30 दिवस के भीतर मुख्य निर्वाचन अधिकारी राजस्थान के समक्ष द्वितीय अपील प्रस्तुत की जा सकती है।

बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर संजय शर्मा सहित विभिन्न मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस दौरान भाजपा से सुरेश चंद्र जैन एवं हरिओम गर्ग, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से घनश्याम मीणा, पवन बडगोत्या, आम आदमी पार्टी से बत्तीलाल सहित अन्य प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

# जिला मजिस्ट्रेट ने दिया ध्वनि नियंत्रण की पालना का आदेश

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** बोर्ड परीक्षाओं को ध्यान में रखते हुए जिला मजिस्ट्रेट काना राम द्वारा ध्वनि प्रसारण यंत्रों पर लगाए गए प्रतिबंध की प्रभावी पालना सुनिश्चित करने के लिए जिला प्रशासन ने सख्ती बढ़ा दी है। प्रतिबंध के बावजूद कुछ स्थानों पर तेज ध्वनि में डीजे संचालन एवं अव्यवस्थाओं की शिकायतें मिलने पर जिला कलक्टर ने संबंधित अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

जिला कलक्टर ने रणथंभौर रोड स्थित होटल एवं मैरिज गार्डनों में रात्रि के समय तेज आवाज में डीजे व अन्य ध्वनि यंत्रों के उपयोग पर पूर्ण नियंत्रण सुनिश्चित करने के निर्देश यूआईटी सचिव, नगर परिषद आयुक्त तथा तहसीलदार सवाई माधोपुर को दिए हैं। साथ ही विवाह समारोह के दौरान सड़कों पर बारात निकालकर यातायात बाधित करने तथा मैरिज गार्डनों के बाहर अव्यवस्थित पार्किंग के कारण जाम की स्थिति बनने पर भी सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सभी होटल एवं मैरिज गार्डन संचालक अपने परिसरों के भीतर पर्याप्त पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करें और अवरोध नहीं होने दें।

# एसडीएम ने मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर नवीन आंकड़ों और सुविधाओं की दी जानकारी

बढ़ता राजस्थान



**उनियारा (आनंद गौतम)।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम (SIR) 2026 के अंतर्गत विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र देवली-उनियारा (097) की मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन शनिवार को आधिकारिक रूप से कर दिया गया है। इस महत्वपूर्ण प्रक्रिया के पूर्ण होने के अवसर पर निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी (एसडीएम) पूजा मीणा की अध्यक्षता में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ एक विशेष बैठक आयोजित की गई, जिसमें नवीन आंकड़ों और सुविधाओं की विस्तृत जानकारी साझा की गई।

एसडीएम कार्यालय में आयोजित इस बैठक में निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी ने अवगत कराया कि 1 जनवरी 2026 की अर्हता तिथि के संदर्भ में तैयार की गई इस सूची की सार्वजनिक सूचना फॉर्म-16 पर कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर दी गई है। जारी किए गए अंतिम आंकड़ों के अनुसार, देवली-उनियारा क्षेत्र में अब कुल मतदाताओं की संख्या 2,94,090 हो गई है। इसमें पुरुष मतदाताओं की संख्या 1,53,632 और महिला मतदाताओं की संख्या 1,40,457 दर्ज की गई है, जबकि क्षेत्र में एक (01) थर्ड जेंडर मतदाता भी पंजीकृत है।

बैठक के दौरान उपस्थित मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को मतदाता सूची की एक-एक फोटोयुक्त हार्ड कॉपी और फोटो रहित सॉफ्ट कॉपी निःशुल्क प्रदान की गई।

निर्वाचन अधिकारी ने स्पष्ट किया कि पारदर्शिता बनाए रखने के लिए यह सूचियां जिला निर्वाचन अधिकारी और मुख्य निर्वाचन अधिकारी की आधिकारिक वेबसाइट https://election-rajasthan.gov.in पर भी उपलब्ध करा दी गई हैं। आम नागरिक अपना नाम https://voters-eci-gov.in पर ऑनलाइन सर्च के माध्यम से भी देख सकते हैं।

SDM पूजा मीणा ने उपस्थित प्रतिनिधियों को यह भी जानकारी दी कि अंतिम प्रकाशन के पश्चात भी मतदाता सूची को अद्यतन रखने का कार्य निरंतर जारी रहेगा। यदि किसी पात्र नागरिक (जिसकी आयु 1 जनवरी, 1 अप्रैल, 1 जुलाई या 1 अक्टूबर को 18 वर्ष पूर्ण हो रही हो) का नाम सूची में शामिल नहीं है, तो वे नाम जुड़वाने के लिए फॉर्म-6 और किसी भी प्रकार के त्रुटि सुधार या स्थानांतरण के लिए फॉर्म-8 के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। यह आवेदन ECINet App, Voters Portal या संबंधित बीएलओ के माध्यम से ऑफलाइन भी किए जा सकते हैं। अंत में, उपस्थित प्रतिनिधियों का आभार व्यक्त करते हुए बैठक की कार्यवाही संपन्न की गई।

# माली समाज का प्रतिभा सम्मान समारोह आज


बढ़ता राजस्थान

**निवाई। (का.स.)।** जिला माली समाज के तत्वावधान में सैनी छात्रावास शिवाजी कॉलोनी में 22 फरवरी को जिला अध्यक्ष पांचूलाल सैनी एवं तहसील अध्यक्ष रामवतार खुवाडिया के सानिध्य में जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह एव सैनी हुंकार रैली का आयोजन किया जाएगा।

जिला प्रवक्ता राजेश कनेसर ने बताया कि प्रतिभा सम्मान समारोह एव हुंकार रैली की तैयारियों को लेकर पेयजल, पार्किंग, विद्युत, डेकोरेशन एव मंच सहित कई व्यवस्थाओं को अन्तिम रूप दे दिया गया है।

उन्होंने बताया कि समारोह एवं रैली में संपूर्ण टोंक जिले का माली समाज शिरकत करेगा। हुंकार रैली पहाड़ी चुंगी नाके से रवाना होकर बस स्टैंड होते हुए अहिंसा सर्किल, झिलाय रोड व शिवाजी पार्क रोड होते हुए शिवाजी कॉलोनी में स्थित सैनी छात्रावास में पहुंचेगी। इसके बाद भव्य प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन होगा। जिसमें कक्षा 10वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त छात्र-छात्राओं एवं प्रशासनिक सेवा में नवचयनित कर्मचारियों को सम्मानित किया जाएगा।

# भाजयुमो कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी के खिलाफ किया प्रदर्शन



बढ़ता राजस्थान

**टोडारायसिंह (उमाशंकर शर्मा)।** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा कल आयोजित एशिया समिट में किए गए विरोध प्रदर्शन को लेकर टोडारायसिंह क्षेत्र के लोगों में आक्रोश व्याप्त है। कांग्रेस द्वारा अंतर्राष्ट्रीय मंच स्तर पर किए गए इस गैर जिम्मेदाराना व्यवहार एवं लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी के कथित राष्ट्र विरोधी रवैए के विरोध में भारतीय जनता युवा मोर्चा टोड़ारायसिंह टोंक के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं ने शनिवार को कस्बे के ज्योतिबा फुले सर्किल पर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने राहुल गांधी का पुतला फूंककर नारेबाजी की।

बता दें कि यह प्रदर्शन भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष उज्ज्वल गौतम (तोषी) के नेतृत्व में आयोजित हुआ। भाजपा एवं युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस और राहुल गांधी के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए अपना आक्रोश व्यक्त किया और राहुल गांधी का पुतला फूंका गया।

इस अवसर पर शहर मण्डल अध्यक्ष सुनील भारत शर्मा, मण्डल प्रभारी प्रहलाद चांवला, कृषि उपज मण्डी अध्यक्ष महावीर धाकड़, पालिकाध्यक्ष भरत लाल सैनी, शहर उपाध्यक्ष नीरज जोशी, पार्षद संग्राम सिंह यादव, मंत्री भागचंद खरोल्या, सुरेश सैनी, गोविंद कुमावत सहित बड़ी संख्या में भाजपा एवं भारतीय जनता युवा मोर्चा टोड़ारायसिंग टोंक के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# खेत पर रखवाली कर रहे किसान की मौत, पुलिस जांच में जुटी

बढ़ता राजस्थान

**टोड़ारायसिंह। (उमाशंकर शर्मा)।** उपखण्ड की नवगठित ग्राम पंचायत पथराज कलां के गांव पथराज खुर्द में खेत पर रखवाली करने गए कि एक किसान की खेत पर मौत होने का मामला सामने आया है। मामले को लेकर मतृक के काका गोपाल सिंह ने थाना मोर में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

रिपोर्ट में मृतक के काका गोपाल सिंह ने बताया कि महेंद्र सिंह (54) पुत्र बंकट सिंह उर्फ बकर सिंह निवासी पथराज खुर्द अपने खेत पर रात को चने की फसल की रखवाली करने गए थे, रोजाना की तरह सुबह करीब 4 बजे तक घर नहीं आने पर चचेरा भाई किशन सिंह खेत पर गए तो महेंद्र सिंह अचेत अवस्था में पड़े थे। उन्होंने परिजनों को सूचना



मृतक महेंद्र सिंह

दी तथा महेंद्र सिंह को उप जिला अस्पताल टोडारायसिंह ले गए, जहां डॉक्टरों ने जांच करने के बाद मृत घोषित कर दिया, जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई।

सूचना पर मौके पर पहुंचे मोर थाना ASI राकेश ओला ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया और मृतक के काका की रिपोर्ट पर FIR दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# राजस्थान के टॉप IAS अफसर सुनेंगे लोगों की पीड़ा

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर (राकेश शर्मा)।** सरकार के प्रति आमजन का विश्वास बढ़ाने और लोगों की शिकायतों का तवरित समाधान करने को लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने राजस्थान में जनसुनवाई के तरीके को पूरी तरह बदलते हुए प्रदेश के 35 सीनियर IAS अधिकारियों को मैदान में उतारा है। सरकार के आदेश के अनुसार अब Secretary से लेकर Additional Chief Secretary (ACS) रैंक के अधिकारी सचिवालय स्थित राजस्थान संपर्क कॉल सेंटर 181 पर तैनात रहेंगे। ये अधिकारी न केवल कॉल रिसीव करेंगे, बल्कि सीधे जनता की समस्याएं सुनकर मौके पर ही उनके समाधान के निर्देश भी देंगे।

यह विशेष पहल 4 मार्च 2026 से शुरू होकर 28 मई 2026 तक एक अभियान के रूप में चलेगी। इस दौरान अधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि संपर्क पोर्टल पर जो शिकायतें लंबे समय से अटकी हुई हैं, उनका निपटारा तुरंत हो। बता दें कि जिन अधिकारियों के द्वारा आमजन की समस्याएं सुनी जाएगी उनमें ACS कुलदीप रांका, संदीप वर्मा, अभय कुमार, शिखर अग्रवाल और अपर्णा अरोड़ा जैसे कई बड़े नाम शामिल हैं।

### सीएम ने आमजन को दिया समाधान का भरोसा

मुख्यमंत्री पिछले कुछ हफ्तों में खुद सचिवालय स्थित 181 कॉल सेंटर के कई औचक निरीक्षण किए थे। एक बार तो उन्होंने खुद हेडफोन लगाकर शिकायतकर्ता से बात की और उसे त्वरित समाधान का भरोसा दिलाया। मुख्यमंत्री का मानना है कि जब बड़े अधिकारी सीधे जनता से बात करेंगे, तो निचले स्तर का प्रशासन अधिक मुस्तैदी और पारदर्शिता से काम करेगा।

### IAS अफसर सुनेंगे आमजन की शिकायतें

**ड्यूटी रोस्टरः** 35 वरिष्ठ अधिकारियों की अलग-अलग दिन ड्यूटी लगाई गई है।

**अनिवार्यताः** हर अधिकारी को अपनी शिफ्ट के दौरान कम से कम 10 कॉल रिसीव करने होंगे।

**फीडबैकः** अधिकारी न केवल नई शिकायतें सुनेंगे, बल्कि पोर्टल पर लंबित पुरानी शिकायतों के समाधान की भी व्यक्तिगत रूप से मॉनिटरिंग करेंगे।

**जवाबदेहीः** अब कलेक्टर और तहसीलदार स्तर के अधिकारियों को पता होगा कि उनकी फाइलें कभी भी ऊपर बैठे सीनियर अधिकारियों की नजर में आ सकती हैं।

**संवादः** जनता को यह महसूस होगा कि उनकी आवाज सीधे सरकार के शीर्ष स्तर तक पहुंच रही है। जिससे सरकार के प्रति आमजन का विश्वास बढ़ेगा।

## समाज द्वारा दिए गए सम्मान से कभी उऋण नहीं हो सकता-कुमावत

### कुमावत मेकेनिक संघ के अध्यक्ष निर्वाचित, प्रजापति समाज ने किया भव्य सम्मान



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर (धीरज मोर्य)।** विधानसभा क्षेत्र में मेकेनिक संघ के चुनाव में पप्पूराम कुमावत को अध्यक्ष चुने जाने से कुमावत समाज में ख़ुशी का इजहार हुआ है। इस मौके पर पूर्व अध्यक्ष करणसिंह कुमावत के नेतृत्व में मिस्त्री समाज के नवनिर्वाचित अध्यक्ष पप्पूराम मिस्त्री का माला साफा पहनाकर भव्य सम्मान किया गया और मिठाई खिलाकर मुँह मीठा कराया गया।वहीं मिस्त्री समाज का अध्यक्ष बनने पर सभी मेकेनिक साथियों का आभार व्यक्त करते हुए नवनिर्वाचित अध्यक्ष पप्पूराम कुमावत ने कहा कि समाज के गणमान्य लोगों द्वारा मेरे अध्यक्ष निर्वाचित होने पर जो सम्मान दिया गया है उससे मैं कभी उऋण नहीं हो सकता। काम तो मिस्त्री का करता हूँ पर जन्म और संस्कार मुझे समाज से ही मिले हैं। मुझे गर्व है कि मैंने कुमावत समाज में जन्म लिया है और मिस्त्री समाज में मिस्त्री बनकर देश सेवा कर रहा हूँ। उन्होंने ने कहा कि मिस्त्री समाज को होने वाली समस्याओं को मैं पुरजोर तरीके से उठाऊंगा और निराकरण करवाने का प्रयास भी करूँगा।प्रजापत के सम्मान समारोह में प्रजापति समाज के पूर्व अध्यक्ष करणसिंह प्रजापत, कोषाध्यक्ष विक्रमसिंह, सचिव हवलदार लालचंद, डॉ निहालसिंह, विजेन्द्र कुमार, राधेश्याम, ठेकेदार रामसिंह, मुकेश, सवाईसिंह, मोबाईल वाला राजवीर, सेनेटरी वाला कृष्ण, मामचंद, गुड़दयाल, पार्षद प्रतिनिधि मनोज यादव सहित कुमावत समाज के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## राजस्थान को इस बार ऐसी सरकार मिली है जिसके लिए अपने ही वचन का कोई मूल्य नहीं

# मुख्यमंत्री की जुमलेबाजी निकली खोखली, 5 साल बनाम 2 साल की बहस से भगोड़े की तरह भागी कायर सरकार-टीकाराम जूली

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर/अलवर।** राजस्थान विधानसभा में शनिवार को सत्ता पक्ष की घबराहट उस समय साफ़ नजर आई जब मुख्यमंत्री अपनी ही दी हुई चुनौती से पीछे हट गए। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि हमारी संस्कृति कहती है रघुकुल रीति सदा चली आई, *प्राण जाए पर वचन न जाई लेकिन राजस्थान को इस बार ऐसी सरकार मिली है जिसके लिए अपने ही वचन का कोई मूल्य नहीं। जो अपनी बात का मान नहीं रख सकते, वे 'पांच साल बनाम दो साल' की बहस में क्या टिकते? ऐन मौके पर उन्होंने पीठ दिखा दी। जूली ने कहा, आज सदन ने देखा कि विकास के आंकड़ों के सामने पूरी भाजपा सरकार की आवाज़ सूख गई। जो मुख्यमंत्री कल तक '5 साल बनाम 2 साल' की चर्चा का दम भर रहे थे, वे आज कांग्रेस सरकार के कार्यकाल का सामना करने का साहस नहीं जुटा पाए और कायरता दिखाते हुए चर्चा का प्रस्ताव ही बदल दिया। उनकी जुमलेबाज़ी पूरी तरह खोखली साबित हुई। यह सरकार '5 साल बनाम 2 साल' की बहस से भगोड़े की तरह भाग खड़ी हुई। उन्होंने कहा कि आज अपनी ही बात से मुकरकर सरकार प्रदेश की जनता के सामने पूरी तरह बेनकाब हो गई है।



### सदन को गुमराह करने की साजिश और मुख्यमंत्री की वादाखिलाफी

नेता प्रतिपक्ष ने कड़ा ऐतराज जताते हुए कहा कि सदन के भीतर मुख्यमंत्री जी ने स्वयं घोषणा की थी कि वे '2 साल बनाम 5 साल' के कार्यकाल पर चर्चा कराएंगे। कार्य सलाहकार समिति में भी यही तय हुआ था, लेकिन जो प्रस्ताव रखा, उसमें 5 साल का जिक्र गायब कर दिया गया। जूली ने सीधा हमला करते हुए कहा, माननीय मुख्यमंत्री जी, अपने शब्दों से मुकरिए मत और डरिए मत। जब आपने खुद चुनौती दी थी, तो अब प्रस्ताव बदलकर सदन को गुमराह क्यों कर रहे हैं? प्रदेश की जनता जानती है कि आपके पास इन 2 वर्षों में कुशासन और जुमलों के अलावा बताने को कुछ भी नहीं है।

### कॉलेजों के निर्माण पर सफेद झूठ का पर्दाफाश

सरकार के दावों की हवा निकालते हुए टीकाराम जूली ने कहा कि भाजपा सरकार 185 कॉलेजों के भवन निर्माण का जो श्रेय ले रही है, उससे बड़ा झूठ कोई हो ही नहीं सकता। उन्होंने सरकार को खुली चुनौती देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री जी इन भवनों की कार्य प्रारंभ तिथि और कार्य पूर्ण तिथि पर एक श्वेत पत्र जारी कर दें, सारा सच सामने आ जाएगा। जूली ने स्पष्ट किया कि कांग्रेस सरकार ने अपने कार्यकाल में 310 नए कॉलेज खोले थे, जिनमें से 57 का काम हमारे समय ही पूरा हो गया था और 185 कॉलेजों का काम दिसंबर 2023 के बाद पूरा हुआ है। जूली ने कहा कि ऐसे ही, 7 मेडिकल कॉलेज स्थापित करने का दावा भाजपा सरकार कर रही है। मुख्यमंत्री जी, आप एक मेडिकल कॉलेज का कार्य प्रारंभ आपके कार्यकाल में बता दें, इसकी आपको चुनौती देते हैं। 15 मेडिकल कॉलेज कांग्रेस सरकार ने स्थापित किए। कांग्रेस सरकार ने 3 मेडिकल कॉलेज स्टेट फंड से बनाने की घोषणा कर जमीन आप की जिसे रद्द करने का पाप भाजपा ने किया है। जूली ने मुख्यमंत्री को चुनौती देते हुए कहा।

### कायरता छोड़ें और चर्चा का सामना करें सरकार

अंत में जूली ने कहा कि भाजपा सरकार चर्चा से इसलिए भागी क्योंकि वह जानती है कि 5 साल के कांग्रेस के विकास मॉडल के सामने उनके 2 साल का प्रोपेगेंडा टिक नहीं पाएगा। उन्होंने साफ- साफ़ लहजे में कहा कि यह पवित्र सदन चर्चा के लिए है, भाजपा के प्रचार तंत्र के लिए नहीं। अगर सरकार में हिम्मत है तो वह '2 साल बनाम 5 साल' के मूल प्रस्ताव पर बहस कराती, कांग्रेस प्रदेश की जनता की तरफ से जवाब मांगने के लिए पूरी तरह तैयार है।

## अलवर में स्कूल जाने निकले नाबालिग भाई-बहन लापता:मां का मोबाइल भी ले गए साथ, चार दिन बाद भी नहीं चला पता

बढ़ता राजस्थान

**अलवर ।** अलवर के एक थाना क्षेत्र से घर से स्कूल जाने के लिए निकले दो नाबालिग भाई-बहन लापता हो गए।

दोनों बच्चे अपनी मां का मोबाइल फोन भी साथ ले गए। चार दिन बीत जाने के बाद भी उनका कोई सुराग नहीं लग पाया है। पिता ने बताया कि 17 फरवरी की सुबह करीब 10 बजे उनकी पत्नी 11 साल के बेटे (कक्षा 5) और 12 साल की बेटी (कक्षा 6) को स्कूल के पास छोडक़र आई थी। लेकिन जब शाम तक बच्चे घर वापस नहीं लौटे तो परिजनों ने तलाश शुरू की। स्कूल में पूछताछ करने पर बताया गया कि बच्चे कई दिन से स्कूल नहीं आ रहे थे। पिता का कहना है कि बच्चों के पास मां का मोबाइल है वो कल तक चालू था, लेकिन शाम को स्विच ऑफ हो गया। मोबाइल स्विच ऑफ होने के बाद परिवार की चिंता बढ़ गई है।

इसके बाद रिश्तेदारों और परिचितों के यहां भी पता किया, लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। जिसके बाद लापता बच्चों के पिता ने शुक्रवार को थाने में अपहरण का मामला दर्ज कराया।

पुलिस ने मामला दर्ज कर बच्चों की तलाश शुरू कर दी है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और मोबाइल फोन की लोकेशन ट्रेस करने का प्रयास किया जा रहा है।

## एनएलयू जोधपुर का 18 वां दीक्षांत समारोह भारत के मुख्य न्यायाधीश की मौजूदगी में हुआ आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**जोधपुर (रंजन दवे)।** न्यायमूर्ति सूर्याकांत ने कानून को एक जीवंत एवं सतत विकसित होने वाला मंच बताया, न कि कोई स्थिर संरचना। उन्होंने कहा कि कानून कभी पूर्ण नहीं होता, बल्कि उसे सामाजिक परिवर्तन के अनुरूप निरंतर विकसित होना चाहिए। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि विधि शिक्षा एक सार्वजनिक दायित्व है, और विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे कानून को अधिक सुलभ, समावेशी एवं समझने योग्य बनाएं तथा अपने पेशेवर जीवन में संवैधानिक नैतिकता, सत्यनिष्ठा और करुणा को सर्वोपरि रखें। सीजेआई जोधपुर के राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के 18वें दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य वक्ता संबोधित कर रहे थे।दीक्षांत समारोह की अध्यक्षता न्यायमूर्ति संजीव प्रकाश शर्मा, कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश, राजस्थान उच्च न्यायालय एवं कुलाधिपति,



राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, जोधपुर ने की। न्यायमूर्ति संदीप मेहता ने कहा कि विधि केवल एक पेशा नहीं, बल्कि अंतरात्मा से जुड़ा हुआ आह्वान है। उन्होंने यह स्मरण कराया कि न्यायालय त्रुटियों को क्षमा कर सकते हैं, किंतु बेईमानी को कभी स्वीकार नहीं करते। उन्होंने पेशेवर थकान से बचने, विशेष रूप से वकालत के क्षेत्र में धैर्य एवं दृढ़ता बनाए रखने तथा सफलता को केवल व्यक्तिगत उपलब्धि न मानकर न्याय, समाज और संवैधानिक मूल्यों की सेवा से जोडने का आह्वान किया। संदीप मेहता बतौर विशिष्ट अतिथि इस कार्यक्रम में मौजूद रहे।इसके अतिरिक्त समारोह में डॉ. न्यायमूर्ति पुष्पेंद्र सिंह भाटी, दिनेश मेहता, न्यायाधीश, दिल्ली उच्च न्यायालय; विनीत कुमार माथुर, न्यायाधीश, राजस्थान उच्च न्यायालय सहित राजस्थान उच्च न्यायालय के अनेक वर्तमान एवं पूर्व न्यायाधीश, विश्वविद्यालय के वैधानिक निकायों के सदस्य, संकाय सदस्य, अभिभावक एवं विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।कुलपति प्रो. (डॉ.) हरप्रीत कौर, ने विश्वविद्यालय की '25 बरसां रो गौरव, सदियां रो संकल्प' विषय के अंतर्गत विश्वविद्यालय की 25 वर्षों की यात्रा पर प्रकाश डालते हुए शैक्षणिक प्रगति, राष्ट्रीय शिक्षा ढांचे के अनुरूप पाठ्यक्रम सुधार, अंतःविषय कार्यक्रमों के विस्तार तथा अनुसंधान, कानून एवं प्रौद्योगिकी, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, न्याय तक पहुँच और सार्वजनिक नीति के क्षेत्रों में विश्वविद्यालय की अग्रणी भूमिका को बताया। दीक्षांत समारोह के दौरान वर्ष 2025 में उत्तीर्ण 176 विद्यार्थियों को उपाधियाँ प्रदान की गईं, जिनमें 124 स्नातक, 49 स्नातकोत्तर एवं 3 शोधार्थी सम्मिलित थे। उत्कृष्ट शैक्षणिक प्रदर्शन के लिए कुल 24 स्वर्ण पदक प्रदान किए गए।

## शादी से ठीक पहले दो सगी बहनों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत, मातम में बदला खुशियों का माहौल

बढ़ता राजस्थान

**जोधपुर (रंजन दवे)।** जोधपुर में शादी से पहले दो सगी बहनों की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का सनसनीखेज मामला सामने आया है। दोनों की शनिवार को शादी होने वाली थी और बारात आने वाली थी, उससे पहले दोनों बहनों की मौत हो गयी। घटना की जानकारी मिलने पर जोधपुर पुलिस कमिश्नरेट पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए एमजीएच मोर्चरी में रखवाया गया । प्रथम दृष्ट्या आत्महत्या करने से जुड़े मामले का पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कारणों का स्पष्ट खुलासा होगा। जानकारी अनुसार जोधपुर के मणाई गांव के निवासी दीपसिंह के यहां शुक्रवार देर रात घर में उनकी दो पुत्रियों शोभा और विमला की बिंदोरी का कार्यक्रम आयोजित किया गया था । रात करीब 12 बजे दोनों बहनें अपने कमरे में सोने चली गई । सुबह करीब चार बजे उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई । परिजन उन्हें जोधपुर के एक निजी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसके बाद वह दोनों को वापस गांव लेकर आ गए । एडीसीपी पश्चिम रोशन मीणा ने बताया कि शनिवार को यहां दोनों की बरात आने वाली थी, उससे पहले यह घटना हो गयी। परिवार की खुशियां मातम में तब्दील हो गयी।पुलिस ने प्रारंभिक जांच शुरू कर दी है और परिवार के सदस्यों से पूछताछ की जा रही है ।पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के सटीक कारण का पता चलेगा। परिवार के ही सदस्य व मृतका के मामा के अनुसार उनकी छोटी बहन ने फोन कर दोनों की बच्चियों के तबियत बिगडने की घटना की जानकारी दी। जिसके बाद पुलिस को सूचित किया गया। मामा जसवंत सिंह के अनुसार दोनों भांजियों की शादी पहले भीनमाल में तय थी, वह तोडक़र पोकरण के जेमला गांव कर दी गई थी।

## शर्मा की बढ़ती सक्रियता से राजनीतिक गलियारों की बनी चर्चा

बढ़ता राजस्थान

**बानसूर (धीरज मोर्य)।** बानसूर विधानसभा क्षेत्र में गौरक्ष और भाजपा नेता जीतेन्द्र शर्मा द्वारा सक्रियता बढने से चर्चाओं का दौर शुरू हो गई है।चाहे वह पान की, चाय की या अन्य कोई दुकान हो सिर्फ जीतेन्द्र शर्मा की सक्रियता पर चर्चा हो रही है।भाजपा कार्यकर्त्ताओं द्वारा शर्मा का गर्मजोशी अभिनन्दन भी चर्चा में शामिल है। वहीं भाजपा कार्यकर्त्ताओं सहित अन्य दलों के कार्यकर्त्ता भी चर्चा कर रहे हैं कि आखिर अचानक जीतेन्द्र शर्मा बानसूर विधानसभा क्षेत्र में इतने सक्रिय क्यों हो गए हैं। वहीं भाजपा कार्यकर्त्ताओं में पंचायत राज चुनाव और नगर निकाय चुनाव को लेकर भी काफ़ी गहमा-गहमी शुरू हो गईं है। वहीं जीतेन्द्र शर्मा ने दूरभाष पर बताया कि मेरी सक्रियता आज ही नहीं रही मैं भाजपा का एक कर्मठ सिपाही हूँ !और लगातार संगठन के कार्यकर्त्ताओं से जुड़ा रहा हूँ। हाँ मैं दिल से यह स्वीकारता हूँ कि पहले मेरे नाम पर बानसूर में चर्चा कम होती थी पर अब चर्चा ज्यादा हो रही है। मैं भजनलाल सरकार के व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हुए विकास कार्यों और नीतियों को घर-घर पहुँचाने का प्रयास कर रहा हूँ।



जो मेरा भाजपा कार्यकर्त्ता के नाते कर्तव्य भी बनता !बस उसी कर्तव्य को पूरा करने के लिए गाँव-गाँव, ढाणी-ढाणी पहुँच रहा हूँ !एक सवाल के जवाब में कहा कि मैं चुनाव लडने की इच्छा तो रखता हूँ पर संगठन के बिना आदेश के मैं पंचायत राज का चुनाव नहीं लड़ूँगा !क्योंकि संगठन से ही मेरी पहचान है और रहेगी। भाजपा मेरी ज्यान है तो हमारे नेता मेरी स्यान हैं।

## भारत के रंग,एकल के संग कार्यक्रम आज,भक्ति धाम मंदिर मे हुआ आज सुंदरकांड आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** एकल श्रीहरि संस्थान जोकि वनवासियो के उत्थान के लिए देशभर मे कार्य कर रहा है संगठन की अलवर इकाई (चेप्टर )की ओर से 'भारत के रंग, एकल के संग' सांस्कृतिक कार्यक्रम शहर में 22 फरवरी को शाम 6 बजे से प्रताप ऑडिटोरियम में बिना प्रवेश पत्र पूर्ण निशुल्क आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में अंतरराष्ट्रीय स्तर के वनवासी कलाकार जिन्होंने अंतर्राष्ट्रीय स्तर मुख्यतः अमेरिका मे देव भक्ति का प्रदर्शन किया हैँ वे भाग लेंगे, जो देशभक्ति से ओत-प्रोत प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम संयोजक सौरभ कालरा ने बताया की 20 प्रदेशों के सामूहिक अंचलों के कलाकारों की ओर से रामायण पर आधारित नाटिका, भारत माता की सामूहिक आरती सहित भारत मेडले विशेष आकर्षण का केंद्र होगा । संगठन के जिला सचिव गिरधारी मिश्रा ने बताया की इससे पूर्व शनिवार को अपनाघर शालीमार स्थित भक्ति धाम मंदिर मे दोपहर 3 बजे इन्ही वनवासियो की टीम के द्वारा संगीतमय सुंदरकांड पाठ आयोजित किया गया ।सुंदरकांड के दौहे, विभिन्न अंचलो के भजन के सामूहिक समावेश के साथ उपस्थित जनसमूह ये कहने को मजबूर हो गया की ऐसा सुन्दर सुन्दरकाण्ड गायन आज से पूर्व हमने नहीं देखा। चैप्टर के अध्यक्ष सुभाष अग्रवाल ने बताया की वनवासी कलाकारों की टोली मे 7 युवतियाँ व 7 युवक विभिन्न प्रदेशो से आये हैँ रविवार को आयोजित होने वाले निशुल्क कार्यक्रम मे निश्चय ही ये परिवारों मे देशभक्ति का संचार करेंगे कार्यक्रम को व्यवस्थित बनाने के लिए रामेश्वर दयाल जी, मुकेश गुप्ता जी, सुरेंद्र लौटा, धानपाल सैनी, प्रमोद विजय, नरेश गोयल, विष्णु सोमवंशी के नेतृतव मे विभिन्न टोलिया कार्य कर रही है ।



## विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 : राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को मतदाता सूचियों के अंतिम प्रकाशन की सूची की कॉपी सौंपी

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने दी मतदाता सूची में नाम जोड़ने और संशोधन प्रक्रिया की जानकारी

बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 कार्यक्रम के तहत शनिवार को जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला की अध्यक्षता में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक हुई। इस दौरान राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 की जानकारी देते हुए मतदाता सूचियों के अंतिम प्रकाशन की सूची सौंपी गई। राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को पात्र नागरिक के मतदाता सूची में नाम जुडने और संशोधन की प्रक्रिया की जानकारी भी दी गई। उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रथम बीना महावर ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा राज्य में 27 अक्टूबर 2025 को मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण, 2026 कार्यक्रम घोषित किया गया था, जिसके अन्तर्गत 4 नवम्बर 2025 से 11 दिसम्बर 2025 तक गणना चरण के उपरान्त 16 दिसम्बर 2025 को प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया था, जिसमें अलवर जिले में कुल मतदाताओं की संख्या 14,62,203 थी।



उन्होंने बताया कि आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार 16 दिसम्बर 2025 से 19 जनवरी 2026 तक दावे एवं आपत्तियां प्राप्त किये गये। इस अवधि में अलवर जिले में 32,373 फॉर्म-6/6ए, 3,321 फॉर्म-7 तथा 11,953 फॉर्म-8 प्राप्त हुए। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा दावे एवं आपत्तियों हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों की सूची फॉर्म 9, 10, 11, 11ए और 11 बी में तैयार की गई और ऐसी सूचियों की एक प्रति उनके कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर प्रत्येक कार्य दिवस को प्रदर्शित की गई। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा प्रति सप्ताह प्राप्त होने वाले दावे एवं आपत्तियों की सूचियां मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों से साझा की गईं। यह सूचियाँ जिला निर्वाचन अधिकारी, मुख्य निर्वाचन अधिकारी की बेवसाइट पर भी ऑनलाइन उपलब्ध होने बाबत जानकारी प्रदान की गई।

उन्होंने बताया कि पूर्व में प्राप्त समस्त फॉर्म तथा दावे-आपत्तियाँ प्राप्त करने की अवधि 16 दिसम्बर 2025 से 19 जनवरी 2026 में प्राप्त समस्त दावे-आपत्तियों का निस्तारण निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा किया जाकर 21 फरवरी 2026 को मतदाता सूची का अन्तिम प्रकाशन किया गया। इस प्रकार जिले में प्रारूप मतदाता सूची में कुल 14,62,203 मतदातओं में 2.37 प्रतिशत वृद्घि उपरान्त कुल मतदाताओं की संख्या 14,96,826 है, जिसमें 7,95,433 पुरूष मतदाता, 7,01,373 महिला मतदाता है तथा 20 ट्रांसजेण्डर मतदाता है।

उन्होंने बताया कि मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को समस्त विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की अंतिम मतदाता सूची-2026 की एक सॉफ्ट कॉपी (फोटोरहित) एवं एक हार्ड कॉपी निःशुल्क संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के स्तर पर बैठक आयोजित कर उपलब्ध कराई गई। यह सूचियाँ जिला निर्वाचन अधिकारी, मुख्य निर्वाचन अधिकारी की बेवसाइट ीजजचेरूध्ध्म समबजपवदण्तंरेंजींदण्हवअण्पद तथा ीजजचेरूध्ध्अवजमतेण्मबपण्हवअण्पद पर ऑनलाइन उपलब्ध है तथा कोई भी मतदाता इस सूची में अपना नाम ऑनलाइन म्च्प्ब् सर्च के माध्यम से देख सकता है, इस बाबत भी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची में नाम जुड़वाना, हटाना व प्रविष्टियों में संशोधन एक अनवरत प्रक्रिया जो सतत जारी है।

बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती बीना महावर, भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष श्री अशोक गुप्ता, इंडियन नेशनल कांग्रेस के जिला अध्यक्ष श्री प्रकाश गंगावत, आम आदमी पार्टी के अध्यक्ष श्री जगन्नाथ गोयल, सीपीआई(एम) के सचिव श्री भोलाराम शर्मा, इंडियन नेशनल कांग्रेस के जिला सचिव श्री पुष्पेन्द्र सिंह धाबाई, भारतीय जनता पार्टी के जिला मंत्री श्री राजेश तिवाडी एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

# कोटा महोत्सव 2026: श्री गणेश महाश्रृंगार एवं वंदना के साथ हुई कोटा महोत्सव की भव्य शुरूआत

## किशोर सागर तालाब की पाल पर पुष्प प्रदर्शनी का शुभारंभ






### मास्टर शेफ प्रतियोगिता, लोकल टेलेंट हंट एवं घूमर शो रहे आकर्षण

### रविवार को पश्चिमी घाट पर सभी का रहेगा निःशुल्क प्रवेश

**बढ़ता राजस्थान**

**कोटा (का.स.)।** कोटा महोत्सव 2026 का शुभारंभ शनिवार को गोदावरी धाम पर श्री गणेश महाश्रृंगार एवं वंदना के साथ हुआ। संभागीय आयुक्त अनिल कुमार अग्रवाल ने गोदावरी धाम में प्रथम पूज्य भगवान गणेश की पूजा अर्चना कर कोटा महोत्सव का शुभारंभ किया। गणपति वंदना और कथक नृत्य की मनोरम प्रस्तुतियों के बीच दो दिवसीय कोटा महोत्सव आरंभ हो गया। इस अवसर पर बाल नृत्यांगनाओं ने की गणपति गणपति स्तुति की प्रस्तुति दी। रविवार को चम्बल रिवर फ्रंट के पश्चिमी घाट पर कोटा महोत्सव के तहत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के लिए सभी का प्रवेश निःशुल्क होगा, कोई रजिस्ट्रेशन नहीं कराना होगा।

कोटा महोत्सव 2026 के तहत किशोर सागर तालाब की पाल पर शनिवार को फ्लावर शो (पुष्प प्रदर्शनी) का संभागीय आयुक्त ने विधिवत रूप से शुभारंभ किया। पुष्प प्रदर्शनी में लोगों को विभिन्न प्रकार के प्रजातियों के पुष्प देखने को मिलेंगे। इस प्रदर्शनी में निजी संस्थान औद्योगिक, संस्थान शिक्षण संस्थान, निजी नर्सरी एवं व्यक्तिगत रूचि रखने वाले व्यक्ति भाग ले रहे हैं। इस अवसर पर शहर जिलाध्यक्ष श्री राकेश जैन, जिला कलक्टर श्री पीयूष समारिया, प्रशिक्षु आईएएस आराधना चौहान, अतिरिक्त कलक्टर सीलिंग श्रीमती कृष्णा शुक्ला एवं कोटा व्यापार महासंघ से श्री अशोक माहेश्वरी, श्री क्रांति जैन, श्री नितिन विजय, डॉ. साकेत गोयल सहित आयोजन से जुड़ी विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारी एवं जिला स्तरीय अधिकारी गण उपस्थित रहे। कलक्टर पीयूष समारिया ने शनिवार को कोटा महोत्सव के तहत चम्बल रिवर फ्रंट आयोजित विभिन्न प्रदर्शनियों का अवलोकन किया। राजपूताना घाट पर आयोजित दीदी की हाट में उन्होंने स्वयं सहायता समूहों द्वारा निर्मित हस्त उत्पाद देखे। वन्य जीवन पर फोटो प्रदर्शनी में विभिन्न वन्य जीवों, प्राकृतिक सौंदर्य से जुड़ी तस्वीरें देखी। ऑर्गेनिक खेती एवं मिलेट्स उत्पादों की प्रदर्शनी में उन्होंने मोटे अनाज से बने उत्पादों की जानकारी ली।

घंटी घाट पर यंग इंडिया कार्यक्रम के तहत आईस्टार्ट कोटा द्वारा लगाए गए स्टॉल्स पर जिला कलक्टर ने स्टार्टअप्स के उत्पादों एवं सेवाओं के बारे में जानकारी दी। राजस्थान सेंटर ऑफ एडवांस टेक्नोलॉजी एवं जय मीनेष आदिवासी विश्वविद्यालय की ओर से करियर काउंसलिंग स्टॉल का भी अवलोकन किया।

#### "लोकल टैलेंट हंट" कार्यक्रम में बख्शी स्कूल रहा प्रथम

कोटा महोत्सव 2026 के पहले दिन शनिवार को विभिन्न कार्यक्रमों एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। चम्बल रिवर फ्रंट के शौर्य घाट पर ''लोकल टैलेंट हंट'' कार्यक्रम के तहत स्थानीय प्रतिभाओं ने अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया।

प्रतियोगिता के तहत सामूहिक नृत्य परिणाम में बख्शी स्कूल प्रथम, पवित्रम् संस्थान द्वितीय एवं विद्यांजलि स्कूल तृतीय स्थान पर रहे। युगल नृत्य में शिविषा एवं युविष्का प्रथम, अनिता और पावनी द्वितीय स्थान पर रही। एकल नृत्य में प्रज्ञा शर्मा प्रथम, भाविका द्वितीय एवं गिरिशा कुमारी तृतीय स्थान पर रही।

#### निरोगी कोटा थीम पर हुआ हेल्थ टॉक शो

कोटा महोत्सव के अन्तर्गत निरोगी कोटा थीम पर चम्बल रिवर फ्रंट के घंटीघाट पर आयुर्वेद योग व हेल्थ टॉक शो कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में जिला कलक्टर श्री पीयूष समारिया भी शामिल हुए। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से आमजन में हेल्दी लाईफ स्टाईल के बारे में जागरूकता पैदा होती है।

इस अवसर पर होटल फेडरेशन कोटा के अध्यक्ष अशोक माहेश्वरी, उप महानिरीक्षक पंजीयन एवं मुद्रांक पुष्पा हरवानी, सीएमएचओ डॉ नरेंद्र नागर आदि उपस्थित थे।

# अनोखी दौड़: बूंदी में कल एक साथ दौड़ेंगे सास-ससुर, दामाद-बेटी और नाती

## जिला बैडमिंटन संघ की 'स्पर्धा-3' में दिखेगी रिश्तों की बॉन्डिंग, नेताओं का भी दिखेगा दम



**बढ़ता राजस्थान**

**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** खेल मैदानों पर अक्सर प्रतिद्वंद्वियों को दौड़ते देखा जाता है, लेकिन बूंदी में कल एक ऐसा नजारा दिखेगा जो रिश्तों की गर्माहट और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का अनूठा संगम होगा। बूंदी जिला बैडमिंटन संघ द्वारा आयोजित 'दौड़ स्पर्धा-3' में इस बार केवल बच्चे ही नहीं, बल्कि उनके माता-पिता, सास-ससुर, दामाद-बेटी और नाती-पोते भी एक साथ कदमताल करते नजर आएंगे।

#### कल सुबह 8 बजे खेल संकुल में गूंजेगा जोश

यह प्रतियोगिता 22 फरवरी 2026 को स्थानीय खेल संकुल, बूंदी में सुबह 8.00 बजे आयोजित की जाएगी। आयोजन का मुख्य उद्देश्य बूंदीवासियों को 'खेलों से जुड़ो, स्वस्थ रहो-मस्त रहो' का संदेश देना है। संघ के अध्यक्ष अजय नुवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि यह प्रतियोगिता 5 से 14 वर्ष के बच्चों के लिए है, लेकिन इसे खास बनाने के लिए उनके अभिभावकों और जिले के नेताओं को भी शामिल किया गया है। अब तक करीब 60 प्रविष्टियां बच्चों और बच्चियों की प्राप्त हो चुकी हैं।

सबसे खास बात यह है कि एक ऐसी प्रविष्टि भी मिली है जिसमें एक ही परिवार के बच्चे, उनके माता-पिता और नाना-नानी सभी प्रतियोगिता का हिस्सा बन रहे हैं। यह संघ की एक अनूठी पहल है जहाँ राजनीति के मैदान में पसीना बहाने वाले नेता और घर की चारदीवारी संभालने वाले बुजुर्ग भी ट्रैक पर दौड़कर नई पीढ़ी का उत्साह बढ़ाएंगे।

#### निर्णायक समिति का गठन

प्रतियोगिता को पारदर्शिता और अनुशासन के साथ संपन्न कराने के लिए एक विशेषज्ञ निर्णायक समिति बनाई गई है, जिसमें शामिल हैं- गुरुदत्त शर्मा, मुकेश दाधीच, मनीष जायसवाल, धावक कृष्ण रहेंगे।

# कैंसर के कारण व बचाव पर कोटा मंडल चिकित्सालय में सतत् चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम आयोजित



**बढ़ता राजस्थान**

**कोटा (का.स.)।** दिनांक 21 फरवरी 2026 को कोटा मंडल रेल चिकित्सालय के सभाकक्ष में कैंसर के कारण एवं निवारण विषय पर सतत् चिकित्सा शिक्षा (सीएमई) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल रेल प्रबंधक श्री अनिल कालरा ने की तथा मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सुपूर्णा सेन रोय के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में इसका संचालन हुआ। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री सौरभ जैन ने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में मैट्रो कौसर इंस्टीट्यूट, फरीदाबाद के वरिष्ठ परामर्शदाता मेडिकल ऑन्कोलॉजी डॉ. सुमन्त गुप्ता उपस्थित रहे। उन्होंने व्यक्तियों में होने वाले विभिन्न प्रकार के कैंसर के कारणों, उनके प्रारंभिक लक्षणों, जांच प्रक्रिया तथा उपलब्ध उपचार पद्धतियों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मनुष्य में होने वाले सात प्रमुख कैंसरों का सबसे बड़ा कारण आज भी तंबाकू एवं धूम्रपान है। डॉ. गुप्ता ने कहा कि कैंसर की किसी भी अवस्था में जांच और उपचार संभव है, बशर्ते समय रहते इसकी पहचान हो सके। उन्होंने स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, संतुलित आहार लेने तथा शरीर में होने वाले परिवर्तनों के प्रति सजग रहने पर बल दिया। उनके अनुसार जागरूकता और समय पर चिकित्सा परामर्श से कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाव संभव है। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक श्री अनिल कालरा ने अपने संबोधन में कहा कि कैंसर से बचाव पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है।

# घटिया निर्माणो के लिए जिम्मेदार विभाग बना मूक दर्शक, डस्ट एवं मिट्टी वाली काली रेती से ही बना डाली नवीन बिल्डिंग

**बढ़ता राजस्थान**



**खातौली /इटावा (मुकेश गोस्वामी)।** खातौली कस्बे में निर्माणाधीन जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के अधिकारियों के कार्यालय भवन में घटिया निर्माण सामग्री के उपयोग का मामला सामने आया है। स्थानीय लोगों और सूत्रों के अनुसार ठेकेदार द्वारा निर्धारित मानकों के विपरीत मिट्टी मिश्रित डस्ट व काली रेती का उपयोग किया जा रहा है, जिससे भवन की गुणवत्ता पर गंभीर प्रश्नचिह्न लग गए हैं। बताया जा रहा है कि यह सरकारी भवन करोड़ों रुपये की लागत से बनाया जा रहा है। आमतौर पर ऐसे निर्माण कार्यों में निर्धारित मानकों के अनुरूप बनास रेती के उपयोग के स्पष्ट निर्देश होते हैं, ताकि भवन की मजबूती और गुणवत्ता सुनिश्चित की जा सके। बावजूद इसके यहां कथित रूप से निम्न स्तर की सामग्री काम में ली जा रही है। इस संबंध में जब ठेकेदार से बातचीत की गई तो उसने दावा किया कि अधिकारियों द्वारा डस्ट एवं काली रेती के उपयोग की एस्टीमेट में अनुमति दी गई है। हालांकि इस दावे की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है। मामले की गंभीरता को देखते हुए संबंधित सिविल इंजीनियर से कई बार फोन पर संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन उनसे बात नहीं हो पाई। इससे निर्माण कार्य की निगरानी और पारदर्शिता पर भी सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि किसी भी सरकारी निर्माण में ठेकेदार अकेले मनमानी नहीं कर सकता। यदि घटिया सामग्री का उपयोग हो रहा है, तो इसकी जिम्मेदारी संबंधित विभाग पर भी तय होनी चाहिए। ऐसे में सिविल विभाग, कोटा की भूमिका को लेकर भी चर्चा होने लगी है। निर्माणाधीन भवन में मौजूद संभावित कमियों का खुलासा तकनीकी जांच के बाद ही संभव हो सकेगा। फिलहाल यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि भवन को अंतिम रूप देने से पहले इसकी गुणवत्ता की निष्पक्ष जांच कराई जाती है या नहीं, अथवा भवन पूर्ण होकर उसे जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड कार्यालय खातौली को हस्तांतरित कर दिया जाएगा। स्थानीय लोगों ने उच्च अधिकारियों से मामले की जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है, ताकि सरकारी धन का सही उपयोग सुनिश्चित हो सके और निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुसार पूरा कराया जा सके।

# 23 फरवरी को मनाई जाएगी राष्ट्रीय संत गाडगे जी की जयंती

**बढ़ता राजस्थान**

**चौमहला (नि.स.)।** झालावाड़ जिले के चौमहला गंगधार बसीटा रजक धोबी समाज द्वारा राष्ट्रीय संत गाडगे जी महाराज की 150 वीं जयंती बड़ी धूम धाम से मनाई जाएगी। समाज के अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण ( पटेल) ने बताया कि बसीटा रजक धोबी समाज गंगधार चौमहला द्वारा 23 फरवरी को गंगधार में जयंती मनाई जाएगी।जिसमें भव्य शोभा यात्रा निकाली जाएगी शोभा यात्रा धानमंडी से प्रारंभ हो कर नगर के मुख्य मार्गों से होती हुई आयोजन स्थल तक पहुंचेगी जहां पर समाज के भामाशाहों और प्रतिभावान छात्र छात्राओं का सम्मान किया जाएगा।

## कोटा के 21 हेक्टेयर के जंगल में घूमेगी बाघिन एमटी-7

# रेडियो कॉलर से रखेंगे नजर; 14 महीनों से 5 हेक्टेयर के एनक्लोजर में रह रही थी

**बढ़ता राजस्थान**

**कोटा (का.स.)** । कोटा में अभेड़ा बायोलॉजिकल पार्क से पिछले साल मुकंदरा में शिफ्ट की गई बाघिन को 5 हेक्टेयर के बाड़े से छुटकारा मिल गया है। अब वो थोड़े बड़े जंगल में घूम सकती है। राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण द्वारा बाघिन को बाड़े से रिलीज करने की परमिशन के बाद आज बाघिन को 5 हेक्टेयर के बाड़े से 21 हेक्टेयर के जंगल में रिलीज किया गया।

सीसीएफ सुगनाराम जाट ने बताया- मुकंदरा हिल्स टाइगर रिज़र्व में बाघिन को शनिवार शाम साढ़े 5 बजे ट्रेंकुलाइज किया गया। उसके बाद बाघिन को रेडियो कॉलर लगाया गया। स्वास्थ्य संबंधी जांच के बाद उसे 21 हेक्टेयर के बाड़े में छोड़ा गया।

## जिला माहेश्वरी महिला संगठन में सर्वसम्मति से हुआ नेतृत्व चयन

# भारती बाहेती अध्यक्ष, निशा काकाणी सचिव सर्वसम्मति से निर्विरोध हुए निर्वाचित



**बढ़ता राजस्थान**

**भीलवाड़ा (नि.स.)।** अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महिला संगठन के निर्द्रेशानुसार दक्षिणी राजस्थान प्रादेशिक महिला मंडल के सानिध्य तथा शास्त्री नगर माहेश्वरी महिला संगठन के तत्वाधान में आजाद नगर माहेश्वरी भवन में भीलवाड़ा जिला माहेश्वरी महिला संगठन की चुनाव प्रक्रिया सौहार्दपूर्ण वातावरण में निर्विरोध सम्पन्न हुई। जिलाध्यक्ष प्रीति लोहिया ने बताया कि यह प्रक्रिया चुनाव पर्यवेक्षक आशा मंडोवरा तथा चुनाव अधिकारी चंदा नामधर के मार्गदर्शन में संपन्न कराई गई। चयन प्रक्रिया की शुरुआत अतिथियों के द्वीप प्रज्वलन और प्रतीक्षा मेलाना की महेश वंदना से हुई। मंच संचालन मोना डाड द्वारा किया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष प्रीति लोहिया ने अपने उद्बोधन में अतिथियों का स्वागत सुंदर पंक्तियों से किया। आयोजक संस्था शास्त्री नगर माहेश्वरी महिला संगठन अध्यक्ष मधु समदानी ने भी स्वागत भाषण दिया। इस अवसर पर अध्यक्ष पद के लिए भारती बाहेती, सचिव पद के लिए निशा काकाणी को सर्वसम्मति से चयनित किया गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने संकल्प लिया कि वे अगले तीन वर्षों तक समाज को और अधिक संगठित और सक्रिय बनाने के लिए निरंतर प्रयास करेंगे। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष सीमा कोगटा, मनोरमा कालिया, संध्या आगीवाल, अंकिता राठी, वंदना बाल्दी, सहित जिला महिला मंडल सदस्याएँ उपस्थित रहीं। सचिव रेखा धूत ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर सुनीता मनियार, सुमन सोनी, सोनल माहेश्वरी, वीणा मोदी, आशा पटवारी, कांता सोमानी, स्नेहा अजमेरा, राधा न्याति, विजय लक्ष्मी समदानी, विनीता तापडिया, राज राठी, प्रफुला राठी, सुनीता बल्दवा, राखी राठी एवं सभी तहसीलों की बहनें उपस्थित रही।

# राष्ट्रीय स्तरीय सीनियर टी-20 प्रिमियर क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन कोटा में



**बढ़ता राजस्थान**

**कोटा (का.स.)।** 22 फरवरी से 1 मार्च तक कोटा में आयोजित प्रीमियर लीग का आयोजन किया जाएगा । टी-20 क्रिकेट का आयोजन जेके पेवेलियन स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा । संघ अध्यक्ष व आयोजन प्रभारी मनीष कुमार शर्मा ने बताया कि उद्घाटन समारोह में ऊर्जा मंत्री राजस्थान सरकार हीरालाल नागर और राजस्थान कुश्ती संघ के अध्यक्ष राजीव दत्ता मौजूद रहेंगे। क्रिकेट टूर्नामेंट का लाइव प्रसारण और लाइव स्कोरिंग भी की जाएगी। उन्होंने बताया कि 8 टीमों के बीच 15 मुकाबले होंगे । स्टेडियम में प्रतिदिन 2 मैच खेले जाएंगे। आयोजकों के अनुसार क्रिकेट मैदान का समतलीकरण का कार्य पूरा हो चुका है खिलाडियों के लिए प्रैक्टिस पिच भी बनाया गया है क्रिकेट मैदान के अंदर दो एलईडी स्क्रीन भी लगाई जाएगी। स्टेडियम के अंदर दर्शनों के लिए निशुल्क एंट्री का प्रावधान भी रखा गया है टूर्नामेंट में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर हरभजन सिंह सहित कई राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी भाग लेंगे।

**खिलाड़ियों से किया संवाद; बोले- 'पंच गौरव' अभियान से ग्रामीण प्रतिभाओं को मिलेगा नया मंच**

# कलक्टर अक्षय गोदारा ने कबड्डी प्रशिक्षण शिविर का किया औचक निरीक्षण

**बढ़ता राजस्थान**

**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** जिला कलक्टर अक्षय गोदारा ने शनिवार को 'पंच गौरव-एक जिला एक खेल' अभियान के तहत खेल संकुल में आयोजित जिला स्तरीय कबड्डी प्रतिभा खोज आवासीय प्रशिक्षण शिविर का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शिविर की व्यवस्थाओं को बारीकी से परखा और खिलाडियों का उत्साहवर्धन किया।

#### व्यवस्थाओं का लिया जायजा

निरीक्षण के दौरान जिला कलक्टर ने प्रशिक्षण स्थल, खिलाडियों के आवास, भोजन की गुणवत्ता और सुरक्षा इंतजामों की समीक्षा की। उन्होंने मैदान पर जाकर प्रशिक्षकों से ट्रेनिंग शेड्यूल, फिटनेस ड्रिल और तकनीकी बारीकियों की जानकारी ली। कलक्टर गोदारा ने निर्देश दिए कि, शिविर में खेल मानकों और कड़े अनुशासन का पालन सुनिश्चित हो। खिलाडियों की डाइट और स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखा जाए। ग्रामीण क्षेत्र से आई प्रतिभाओं को एक उत्कृष्ट और सुरक्षित वातावरण प्रदान किया जाए।



#### खिलाडियों से संवाद और प्रोत्साहन

कलक्टर ने युवा कबड्डी खिलाडियों से सीधे बातचीत की और उनके अनुभव साझा किए। उन्होंने कहा कि इस तरह के आवासीय शिविर जिले की खेल प्रतिभाओं को तराशने में मील का पत्थर साबित होंगे। 'पंच गौरव' अभियान का उद्देश्य ही यही है कि ज़मीनी स्तर के खिलाडियों को राष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं और कोचिंग मिल सके। 'इन शिविरों के माध्यम से हमारे जिले के ग्रामीण अंचलों की प्रतिभाओं को अपनी क्षमता दिखाने और पेशेवर कोचों से सीखने का सुनहरा अवसर मिल रहा है।'

#### शिविर की मुख्य विशेषताएं

जिला खेल अधिकारी हर्षवर्धन सिंह ने बताया कि यह 15 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आगामी 3 मार्च तक जारी रहेगा। शिविर में ब्लॉक स्तर से चयनित 25 बालक एवं 25 बालिकाओं को शामिल किया गया है। प्रशिक्षण के लिए विशेषज्ञ और राष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षकों की सेवाएं ली जा रही हैं।

# सचिन को मिल सकती है, राजस्थान की कमान पूर्व सीएम गहलोत जा सकते हैं, राज्यसभा



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( घनश्याम अवस्थी )** । सचिन पायलट के बीच संतुलन बनाने के प्रयासों में लगी है। इसके लिए पार्टी की रणनीति राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को राज्यसभा में लाकर राजस्थान सचिन पायलट के हवाले करने की है। सचिन को कमान सौंप पार्टी स्पष्ट कर देना चाहती है कि विधानसभा चुनाव में सचिन पायलट ही राजस्थान में कांग्रेस का सीएम चेहरा होंगे. पार्टी नेतृत्व का मानना है कि अशोक गहलोत और सचिन पायलट के द्वंद्व के चलते ही कांग्रेस के हाथ से राजस्थान की सत्ता चली गई है। लेकिन इस बार कांग्रेस नेतृत्व सत्ता हासिल करने का कोई अवसर नहीं गवाना चाहता है।

हालांकि मल्लिकार्जुन को पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए जाने से पहले अशोक गहलोत ही अध्यक्ष पद के लिए गांधी परिवार के प्रत्याशी माने जा रहे थे। लेकिन ऐन वक्त पर पार्टी ने अशोक गहलोत के बजाय मल्लिकार्जुन खड़गे का नाम आगे।

### मुख्यमंत्री की कुर्सी को लेकर गहलोत - पायलट में मचा था घमासान

राजस्थान में कांग्रेस सरकार के पिछले कार्यकाल के दौरान अशोक गहलोत और सचिन पायलट के बीच जमकर राजनीतिक घमासान मचा था. सचिन पायलट प्रदेश अध्यक्ष के साथ-साथ गहलोत सरकार में उपमुख्यमंत्री भी थे. वर्ष 2018 में उनके समर्थकों का दबाव था कि सचिन पायलट ने प्रदेश अध्यक्ष पद पर रहते मेहनत की है. उनकी मेहनत की वजह से ही कांग्रेस सत्ता में आई है. इसी तर्क के आधार पर सचिन पायलट को मुख्यमंत्री बनाने की मांग पायलट के समर्थकों ने उठाई थी. लेकिन पार्टी नेतृत्व में अशोक गहलोत को मुख्यमंत्री बनाया. इसके बाद ही गहलोत और पायलट के बीच

बढ़ा दिया था. अब पार्टी नेतृत्व इस बार अशोक गहलोत को राज्यसभा में लाकर उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर बड़ी जिम्मेदारी देने की तैयारी में है. वर्तमान में राजस्थान से राज्यसभा में कांग्रेस के चार सांसद हैं. इनमें सोनिया गांधी का कार्यकाल अप्रैल 2030, मुकुल वासनिक और रणदीप सुरजेवाला का कार्यकाल जुलाई 2028 तक है. कांग्रेस के ही एक अन्य सांसद नीरज डांगी का कार्यकाल इसी वर्ष जून में पूरा हो रहा है. भाजपा के छह राज्यसभा

सांसदों में से दो का कार्यकाल भी इसी वर्ष जून में समाप्त हो रहा है. वर्तमान में 200 सदस्यों वाली राजस्थान विधानसभा में कांग्रेस के विधायकों की संख्या 67 है. ऐसे में अशोक गहलोत आसानी से राज्यसभा पहुंच जायेंगे. दूसरी तरफ पिछली बार सत्ता में रहते हुए सचिन पायलट को मुख्यमंत्री बनाने का वायदा कांग्रेस नेतृत्व पूरा नहीं कर पाया था. इसलिए कांग्रेस नेतृत्व इस बार किसी भी श्किंतु परंतुश् के चक्कर में न उलझ कर राजस्थान की पूरी द्वंद चरम पर पहुंचने लगा था। उस समय कांग्रेस के एक बड़े नेता पर भी अशोक गहलोत के खिलाफसचिन पायलट को हवा देने के आरोप लगे थे. उसी दौरान कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुए ज्योतिरादित्य सिंधिया ने सचिन को कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल होने की सलाह दी थी. सचिन पायलट अपने समर्थक 18 विधायकों को लेकर राजस्थान के नीमराना में आ गए थे. इसके बाद ही अशोक गहलोत ने सरकार के खिलाफ ष्ऑपरेशन लोटस षड्यंत्र रचने का आरोप लगाया था. गहलोत ने पायलट पर भाजपा के साथ मिलकर सरकार गिराने की साजिश का आरोप लगाया ।

जिम्मेदारी सचिन पायलट को देने की तैयारी में है. चर्चा है कि इसकी शुरुआत सचिन पायलट को प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष की कमान सौंपने के साथ से होगी। बताया जा रहा है कि अशोक गहलोत भी पार्टी नेतृत्व के इस फार्मूले से सहमत हैं। इस बार उन्हें सचिन पायलट के नाम पर कोई आपत्ति नहीं है बल्कि वह राजस्थान में भाजपा सरकार के खिलाफसंघर्ष के लिए सचिन पायलट को हर संभव सहयोग देने को भी तैयार हैं।

## सांसद दुष्यंत सिंह की चार दिवसीय जन् संवाद यात्रा प्रारंभ, वसुंधरा राजे हरी झंडी दिखाकर करेगी रवाना



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** झालावाड़ के सांसद दुष्यंत सिंह की चार दिवसीय जन संवाद पदयात्रा आज प्रारंभ होगी। भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे पदयात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगी। इस संदर्भ में शनिवार को वसुंधरा समर्थक मंच के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट विजय भारद्वाज, प्रदेश मीडिया प्रभारी घनश्याम अवस्थी, प्रदेश मंत्री शिवम लवानिया, महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष ज्योति शर्मा एवं महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री बबीता सैनी अमन कागजी सहित सैकड़ो पदाधिकारी व हजारों की संख्या में कार्यकर्ता मंच के कार्यालय पर उपस्थित रहे। एडवोकेट विजय भारद्वाज एवं प्रदेश मीडिया प्रभारी घनश्याम अवस्थी ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सांसद दुष्यंत सिंह व पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया राजस्थान में होने वाले पंचायती राज व शहरी निकाय के चुनावो में भाजपा का इकबाल बुलंद रहे इसके लिए वह जोर-जोर से तैयारी में लगी हुई है। वसुंधरा राजे सिंधिया शीघ्र ही पूरे राजस्थान में रथ यात्रा के निकालने पर विचार कर रही है, श्रीमती राजे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जन तक पहुंचाने का काम करेगी। समारोह को संबोधित करते हुए महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष ज्योति शर्मा व प्रदेश सचिव बबीता सैनी व प्रदेश मंत्री शिवम लवानिया ने कहा कि हमारे प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने दो साल के कार्यकाल में जो विकास कार्य किए हैं उनकी सराहना पूरा राजस्थान करता देखा जा रहा है तीनों नेताओं ने आगे कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री सिंधीया ने राजस्थान जैसे बीमारू राज को विकसित राज्य बनाने का काम किया उनकी कार्यशैली की पूरे प्रदेश की जनता कायल है। एआरसीपी परियोजना वसुंधरा राजे की ही देन है राजस्थान में अन्नपूर्णा रसोई की नींव वसुंधरा राजे सिंधिया ने ही रखी थी जिसको आगे बढाने का काम राज्य के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा कर रहे हैं। एडवोकेट विजय भारद्वाज व घनश्याम अवस्थी ने कार्यकर्ताओं से आवाहन किया कि सांसद दुष्यंत सिंह की इस जन् संवाद यात्रा को एकजुट होकर सफ्ल बनाने का कार्य करें।

## भरतपुर में प्व्ब्स् की पाइपलाइन से 400 मीटर दूर आग फायर ब्रिगेड ने 30 मिनट में काबू पाया, सूखी झाड़ियां जलने लगी थी

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर( घनश्याम अवस्थी )।** भरतपुर के झारौटी गांव स्थित बाढ़ गंगा नदी बहाव क्षेत्र में लगी सूखी झाड़ियों में आग लग गई। यह घटना से 4 सौ मीटर की दूरी पर इंडियन ऑइल कॉर्पोरेशन लिमिटेड की पाइप जा रही है। घटना की सूचना पर अधिकारी भी मौके पर पहुंचे।

### 30 मिनट में आग बुझाई

खेड़ली मोड़ थाना इलाके के जितेंद्र कुमार ने बताया कि आज सूचना मिली कि झारौटी गांव के जंगल में सुखी झाड़ियों में आग लग गई है। तुरंत पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। घटना के बारे में कंट्रोल रूम और फायर बिग्रेड को सूचित किया। मौके पर तुरंत फायर बिग्रेड की गाड़ी आई। फायर बिग्रेड की मदद से करीब 30 मिनट के आग पर काबू पा लिया गया। घटना में कोई जनहानि नहीं हुई है।

### प्व्ब्स् की पाइप से 400 मीटर दूर लगी आग

सुपरवाइजर सुरेश कुमार ने बताया कि आग की सूचना पर तुरंत मौके पर पहुंचे। प्व्ब्स् की लाइन से करीब 400 मीटर की दूरी पर यह आग लगी। पाइप लाइन के लिए कोई नुकसान नहीं है।

## वसुंधरा बोलीं दूर भी जाना पड़ा तो जनता के लिए लड़ेंगे समय एक सा नहीं होता, धन दौलत सब कुछ नहीं होता

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे का कहना है कि जनता के लिए लड़ने के लिए कितनी भी दूर जाना पड़े, लड़ेंगे... समय एक सा नहीं होता। कभी-कभी बहुत अच्छा समय होता है और कभी-कभी बहुत खराब। धन दौलत सब कुछ नहीं होता, जनता का प्यार सबसे अनमोल है। जनता का प्यार मिलेगा तो समय बदलेगा।

### केसरिया झंडी दिखाकर किया रवाना

राजे ने झालावाड़-बारां सांसद दुष्यंत सिंह की जनसंवाद पदयात्रा के तीसरे चरण का शनिवार को शुभारंभ किया। झालावाड़ के बकानी में केसरिया झंडी दिखाकर इस पदयात्रा को रवाना किया गया। इस दौरान उन्होंने जनसभा को भी संबोधित किया।

### जनता का प्यार सबसे अनमोल

जनसभा में पूर्व सीएम ने जोर देकर कहा कि धन-दौलत सब कुछ नहीं होता, जनता का प्यार सबसे अनमोल है। बकानी सहित पूरा झालावाड़ जिला उनका परिवार है। राजे ने आश्वस्त किया कि 4 दिवसीय यात्रा के दौरान सामने आने वाली समस्याओं के समाधान के लिए त्वरित कार्रवाई की जाएगी और जिले के समग्र विकास के लिए निरंतर प्रयास जारी रहेंगे।

### जनता का प्यार मिलेगा तो समय बदलेगा

राजे ने यात्रा के उद्देश्य पर भी बात की। उन्होंने बताया कि कई लोग पूछ रहे थे कि चुनाव नहीं होने पर भी यात्रा का क्या मतलब है। इस पर उन्होंने स्पष्ट किया कि वह इस यात्रा के माध्यम से कुछ भी लेने नहीं आई हैं, बल्कि केवल जनता का प्यार



लेकर जाएंगी। उन्होंने कहा कि वह लेने की नहीं, बल्कि देने की इच्छा रखती हैं और जनता का प्यार मिलेगा तो समय बदलेगा।

### पदयात्रा का ग्रामीणों ने किया स्वागत

इस दौरान सांसद दुष्यंत सिंह ने बताया कि यह पदयात्रा आमजन से सीधे संवाद का माध्यम है। वे अगले 4 दिनों तक कई गांवों में पैदल भ्रमण कर लोगों की समस्याएं सुनेंगे और मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को समाधान के निर्देश देंगे। पदयात्रा बड़ाय, नैऊखेड़ी, जोड़ नानौर और देवर सहित कई गांवों में पहुंची, जहां ग्रामीणों ने गर्मजोशी से उनका स्वागत किया।

### लोगों ने फसलों के नुकसान का मुद्दा उठाया

जनसंवाद कार्यक्रमों के दौरान ग्रामीणों ने सिंचाई के लिए पानी उपलब्ध कराने, गांवों में इंटरलॉकिंग सड़क एवं नाली निर्माण, तथा जल जीवन मिशन के तहत प्रत्येक घर में नल कनेक्शन उपलब्ध कराने जैसी कई जनसमस्याओं के बारे में बताया। इसके अलावा 2 दिन पहले तेज हवाओं और बारिश से फसलों को हुए नुकसान का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया। इस पर सांसद सिंह कहा कि अधिकारियों से चर्चा कर जल्द सर्वे कराने और उचित मुआवजा दिलाने पर चर्चा करेंगे।

## शतायू पुरुष पूर्व सांसद पंड़ित रामकिशन का हुआ सम्मान

### मैं अभी बूढ़ा नहीं हूँ - रामकिशन

### पंड़ित रामकिशन ऊर्जावान नेता - इन्दल सिंह

### हलैना में हुआ सम्मान समारोह



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** कस्वा हलैना में गत दिन आयोजित सम्मान समारोह में भरतपुर के पूर्व सांसद पंडित रामकिशन का उनके जीवन के सौ वर्ष पूरे होने पर दूर दराज से आये बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिको द्वारा अभिनंदन किया गया और उनको सोल दुपट्टा और फूल मालाऐं पहनाकर सम्मान किया गया । बड़ी संख्या में लोगों ने उनको और लम्बी आयु के लिय शुभकामनाऐं दी ।

सम्मान समारोह के आयोजक किसान नेता इन्दल सिंह जाट ने कहा कि पूर्व सांसद और पूर्व विधायक पंड़ित रामकिशन ने अपने जीवन में हमेशा जनहित के मुद्दों को लेकर संघर्ष किया है । पंड़ित रामकिशन ने अपने आठ दशक लम्बे राजनैतिक जीवन में धन और धरती के बँटबारे से लेकर बुड्ढों को पेंशन श् जैस अनेक आदोलनों को निर्णायक मुकाम तक पहुंचाया है।

किसान नेता इन्दल सिंह ने कहा कि पंड़ित रामकिशन उम्र से बुड्डे है लेकिन हौशले जवान है , उनके जज्जबातों को सलाम है । उनके विचार श् लगन और संघर्ष बेमिसाल है । सौ वर्ष की उम्र में आज भी पूर्व सांसद नौजवानों से ज्याद संघर्षशील रहते है ।

सम्मान समारोह में शतायू पूर्व सांसद पंडित रामकिशन ने कहा कि मैंने अब तक लगभग जितने मुद्दे उठाये और आन्दोलन किया है उनमें सफ्लता मिली है जबकि इआरसीपी भी उनमे से एक है । लोग इआरसीपी के बारे कल्पना भी नहीं करते होगे बल्कि कुछ लोग मजाक उठाते थे लेकिन यह योजना बनी और याद रखना बाणगंगा में पानी भी आयेगा और उसके लिये मैरा और इन्दल सिंह का संघर्ष जारी रहेगा । उन्होंने अपने सम्मान के लिये सभी का आभार प्रकट किया ।

## भरतपुर सुजान गंगा नहर में व्यक्ति का शव मिला- अलीगढ़ जाने की कहकर निकला था

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )।** भरतपुर के मथुरा गेट थाना क्षेत्र स्थित सुजान गंगा नहर में आज सुबह एक व्यक्ति का शव पड़ा मिला। शव मिलने की सूचना पर परिवार मौके पर पहुंचा और शिनाख्त की गई। पुलिस ने शव को हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में रखवाकर जांच शुरू कर दी है। अलीगढ़ जाने की कहकर निकला अतुल घर नहीं लौटा था और परिजन उसकी तलाश कर रहे थे। व्यक्ति कल से ही अपने घर नहीं लौटा था। अलीगढ़ जाने की कहकर निकला अतुल घर नहीं लौटा था और परिजन उसकी तलाश कर रहे थे। चौबुर्जा चौकी इंचार्ज राकेश मान ने बताया कि अतुल निवासी गोपालगढ़ के परिजनों के पूछताछ करने पर पता लगा कि अतुल के रिश्तेदारी में किसी का निधन हो गया था। इसलिए अतुल कल घर से अलीगढ़ जाने की कहकर निकला था। अलीगढ़ से वह कल लौट आया लेकिन, वह घर नहीं आया। कल से अतुल वे परिजन उसे ढूंढ रहे थे। सिविल डिफेंस का कर्मचारी नहर में जाने से पहले रस्सियां बांधते हुए।

### सिविल डिफेन्स की टीम ने शव निकाला बाहर

आज सुबह स्थानीय लोगों ने शव को सुजान गंगा नहर में पड़ा देखा तो, उन्होंने पुलिस को घटना की सूचना दी। नहर में शव पड़े होने की सूचना पर अतुल के परिजन भी मौके पर पहुंचे।

## कृष्णानगर में श्रीजी लाइब्रेरी का हुआ भव्य उद्घाटन



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( घनश्याम अवस्थी )** । दिनांक 19.02.2026 को शहरवासियों के लिए ज्ञान का नया केंद्र श्रीजी लाइब्रेरी का शुभारम्भ 82, कृष्णा नगर, अरोड़ा हॉस्पिटल के पीछे, भरतपुर में बड़े हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रयास संस्था की संस्थापक अंजू मित्तल एवं अध्यक्ष सीपिका गोयल रहीं, जिन्होंने रिबन काटकर लाइब्रेरी का विधिवत उद्घाटन किया।

लाइब्रेरी की संचालिका प्रो. टीना शर्मा ने बताया कि पुस्तकालय सुबह 7 बजे से रात्रि 9 बजे तक खुला रहेगा। यहाँ छात्रों एवं छात्राओं के लिए शांत एवं सुव्यवस्थित अध्ययन कक्ष के साथ-साथ डिजिटल संसाधनों की भी सुविधा उपलब्ध रहेगी। इस पहल का मुख्य उद्देश्य पठन-पाठन की संस्कृति को बढ़ावा देना तथा विशेष रूप से महिलाओं को एक सुरक्षित और प्रेरणादायक अध्ययन वातावरण प्रदान करना है।

अंजू मित्तल ने अपने संबोधन में लाइब्रेरी की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बच्चों और युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए शांत एवं सकारात्मक वातावरण अत्यंत आवश्यक है।बच्चों के लिए आज के युग में कम्पीटिशंस बढ़ गए हैं कॉम्पीटिशन के लिए एकाग्रता चाहिए जो की लाइब्रेरी में पढ़ने से मिल सकती है

इस अवसर पर सचिव अलका मित्तल, निधि गोयल, प्रो. टीना शर्मा, शैलेष, नीतू शर्मा, वंदना शर्मा, रश्मि शर्मा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में टीना शर्मा ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया।

# एसआईआर के बाद मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनैतिक दलों की उपस्थिति में किया प्रकाशन

## कुल मतदाता 1089431, जिनमें पुरुष 586302 महिला 503116 तथा ट्रांसजेण्डर 13

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( नि.स. )।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुक्रम में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत जिला निर्वाचन अधिकारी कमर चौधरी ने शनिवार को कलक्ट्रेट सभागार में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन किया गया। जिले में प्रारूप मतदाता सूची में कुल 1060006 मतदाताओं में 2.78 प्रतिशत वृद्धि के उपरान्त कुल मतदाताओं की संख्या 1089431 है, जिनमें पुरुष 586302 महिला 503116 तथा ट्रांसजेण्डर 13 है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 27 अक्टूबर 2025 को मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 घोषित किया गया था। उन्होंने बताया कि एसआईआर के अन्तर्गत 04 नवम्बर 2025 से 11 दिसम्बर 2025 तक गणना चरण के उपरान्त 16 दिसम्बर 2025 को प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया था, जिसमें भरतपुर में कुल मतदाताओं की संख्या 1060006 थी।

उन्होंने बताया कि आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार 16 दिसम्बर 2025 से 19 जनवरी 2026 तक दावे एवं आपत्तियां प्राप्त किये गये। इस अवधि में जिले भरतपुर में 33301 फॉर्म-6, 3744 फॉर्म-7 तथा 11212 फॉर्म-8 प्राप्त हुए। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा दावे एवं आपत्तियों हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों की सूची फॉर्म 9, 10, 11, 11ए और 11 बी में तैयार की गई और ऐसी सूचियों की एक प्रति उनके कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर प्रत्येक कार्य दिवस को प्रदर्शित की गई। उन्होंने बताया कि निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा प्रति सप्ताह प्राप्त होने वाले दावे एवं आपतियों की सूचियां मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों से साझा की गई। यह सूचियाँ जिला निर्वाचन अधिकारी एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी की बेवसाइट पर भी ऑनलाइन उपलब्ध होने बाबत जानकारी प्रदान की गई।



जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि पूर्व में प्राप्त समस्त फॉर्म तथा दावे-आपत्तियाँ प्राप्त करने की अवधि 16 दिसम्बर 2025 से 19 जनवरी 2026 में प्राप्त समस्त दावे-आपत्तियों का निस्तारण निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा किया जाकर 21 फरवरी 2026 को मतदाता सूची का अन्तिम प्रकाशन किया गया। उन्होंने बताया कि जिले में प्रारूप मतदाता सूची में कुल 1060006 मतदाताओं में 2.78 प्रतिशत वृद्धि के उपरान्त कुल मतदाताओं की संख्या 1089431 है, जिनमें पुरुष 586302 महिला 503116 तथा ट्रांसजेण्डर 13 है।

उन्होंने बताया कि मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को समस्त विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की अंतिम मतदाता सूची-2026 की एक सॉफ्ट कॉपी (फोटो रहित) एवं एक हार्ड कॉपी निःशुल्क संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के स्तर पर बैठक आयोजित कर उपलब्ध कराई गई।

### विधानसभावार स्थिति-

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि विधानसभावार भरतपुर में कुल मतदाता 2 लाख 65 हजार 743, हैं जिनमें पुरूष 01 लाख 41 हजार 29 तथा महिला 01 लाख 24 हजार 705, थर्ड जेंडर 09 है। नदबई में कुल मतदाता 2 लाख 89 हजार 310, हैं जिनमें पुरूष 01 लाख 56 हजार 143 तथा महिला 01 लाख 33 हजार 165 थर्ड जेंडर 02 है। वैर में कुल मतदाता 2 लाख 69 हजार 792, हैं जिनमें पुरूष 01 लाख 46 हजार 12 तथा महिला 01 लाख 23 हजार 780 है। बयाना में कुल मतदाता 2 लाख 64 हजार 586, हैं जिनमें पुरूष 01 लाख 43 हजार 118 तथा महिला 01 लाख 21 हजार 466 थर्ड जेंडर 02 है।

## विशेष प्रेरणा शिविर का आयोजन नशा मुक्त जीवन की ली शपथ



**बढ़ता राजस्थान**
**निजी संवाददाता, कपासन**

ताल्लुका विधिक सेवा समिति अध्यक्ष कपासन एवं अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश डॉ. महेंद्र सोलंकी के निर्देशन में नशा विरोधी जागरूकता के उद्देश्य से शनिवार को विशेष प्रेरणा शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें नशा त्यागने हेतु प्रयासरत व्यक्तियों को मानसिक रूप से सुदृढ़ बनाकर मुख्यधारा से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया। शिविर में अधिवक्ता सुरेश कुमार बापना द्वारा नशे के दुष्प्रभावों के साथ इनसे उबरने के मनोवैज्ञानिक तरीकों पर प्रकाश डाला गया।साथ ही योग व ध्यान के माध्यम से तनाव प्रबंधन के लिए सरल गुरों से अवगत कराया गया। उक्त कार्यक्रम के अंत में नशा मुक्त जीवन जीने व समाज को इस बुराई से बचाने की सामूहिक शपथ ली गई।

इस मौके ताल्लुका विधिक सेवा समिति कपासन सचिव पर देव तिवारी ने कहा कि नालसा एवं राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा नशा पीड़ितों के लिये संचालित योजनाओ एवं निःशुल्क विधिक सहायता कार्यक्रमों के तहत उक्त विशेष प्रेरणा शिविर का आयोजन किया गया है। साथ ही अधिवक्ता विनय खटीक द्वारा नशा मुक्ति केन्द्र में व्यक्तियों को नशा छोडने हेतु प्रेरित किया गया।

## अजमेर: पीएम की 28 को विशाल जनसभा, भाजपा ऑफिस में बैठक

**बढ़ता राजस्थान**
**मोहित जैन, अजमेर**



भारतीय जनता पार्टी अजमेर देहात जिलाध्यक्ष जीतमल प्रजापत की अध्यक्षता में अजमेर कार्यालय पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आगामी 28 फरवरी को कायड़ विश्राम स्थली पर आयोजित होने वाली विशाल जनसभा के लिए तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित की गई, जिसमें बीजेपी पदाधिकारियों को जिम्मेदारी दी गई तथा कार्यकर्ताओं को अधिक से अधिक संख्या में आने का आह्वान किया।

इस दौरान जिला महामंत्री अर्जुन नालिया, सुभाष वर्मा जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र चुंडावत, उर्मिला कुमावत, घनश्याम जांगिड़, भैरु गुर्जर, प्रेमराज जाट, कैलाश लांबा, प्रकाश रावत एडवोकेट, महेंद्र रावत, हंसराज चौधरी, देवव्रत राठौर आदि मौजूद रहे।

## 'हमारी जमीन-गहनें चाचा ने लिए, इसलिए बेटा मार-डाला'

**बढ़ता राजस्थान**
**निजी संवाददाता, नागौर**



'चाचा जमीन का पूरा हिस्सा नहीं दे रहे थे। मेरी पत्नी के गहने भी चाचा ने रख लिए, इसके कारण मेरी पत्नी मुझे छोड़कर चली गई। संपत्ति और परिवार पूरा टूट गया था, चाचा को सबक सिखाने के मकसद से मैंने उनके बेटे पोकर राम(10) की हत्या कर दी।' नागौर के खींवसर में बच्चे की हत्या करने वाले खरता राम(28) ने शनिवार को पुलिस पूछताछ में यह खुलासा किया है।

नागौर सीओ धरम पूनियां ने बताया कि आरोपी के अनुसार- उसने अपने चाचा से बदला लेने के लिए साजिश रची थी, जिसके कारण रस्सी से गला घोंटकर चाचा के बेटे की हत्या कर दी। घटना का एक सीसीटीवी भी सामने आया है। इसमें शुक्रवार(19 फरवरी) को आरोपी मासूम को इशारा कर गांव के बाहर ले जा रहा है। हालांकि कुछ देर बाद ही आरोपी एक बाइक पर साथी के साथ पहुंचता है। लेकिन इस बार मासूम उसके साथ नहीं था। संदिग्ध लगने पर पूछताछ के बाद खींवसर थाना पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

## बांसवाड़ा में बीच सड़क पर पति पत्नी से की मारपीट



**बढ़ता राजस्थान**
**निजी संवाददाता, बांसवाड़ा**

जिले के गढ़ी थाना क्षेत्र के परतापुर कस्बे में शुक्रवार रात मुख्य बाजार के चार खंभा इलाके में टहल रहे दंपती से मारपीट कर तीन तोला सोने की चेन छीने जाने का मामला सामने आया है। पुरानी रंजिश में रास्ता रोककर बाप-बेटे सहित तीन लोगों पर हमला करने और लूट का आरोप लगा है। घायल दंपती को हॉस्पिटल ले जाया गया और शिकायत के आधार पर गढ़ी थाने में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

बांसवाडा जिले के परतापुर कस्बे में शुक्रवार रात मुख्य बाजार में टहल रहे दंपती से मारपीट कर तीन तोला सोने की चेन छीने जाने का मामला सामने आया है।

बांसवाडा जिले के परतापुर कस्बे में शुक्रवार रात मुख्य बाजार में टहल रहे दंपती से मारपीट कर तीन तोला सोने की चेन छीने जाने का मामला सामने आया है।

पीड़ित बाहुबल जैन पुत्र श्रीपाल जैन निवासी गोविंदनगर परतापुर ने बताया कि वह अपनी पत्नी दीप्ति जैन के साथ स्कूल ग्राउंड के पास मुख्य सड़क पर टहल रहे थे। इसी दौरान राकेश जैन, मोक्ष जैन और हिमेश जैन ने उनका रास्ता रोक लिया।

### राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को उपलब्ध कराई मतदाता सूची 2026 की कॉपी

# मतदाता सूची में 1.48% वृद्धि, कपासन विस में वोटर्स की संख्या बढ़कर 2,57,966 हुई

**बढ़ता राजस्थान**



**कपासन, (नि.स.)।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा राज्य में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 कार्यक्रम के अन्तर्गत गणना चरण के उपरान्त प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया था, जिसमें विधानसभा कपासन-167 में कुल मतदाताओं की संख्या 2,54,203 थी।आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार दावे एवं आपत्तियां प्राप्त किये गये।इस अवधि में विधानसभा कपासन-167 में 4111 फॉर्म-6/6A,329 फॉर्म-7 एवं 620 फॉर्म 8 प्राप्त हुवे। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा दावे एवं आपत्तियां हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों की सूची फॉर्म 9, 10,11,11ए तथा 11 बी में तैयार की गई एवं ऐसी सूचियों की एक प्रति कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर प्रत्येक कार्य दिवस को प्रदर्शित की गई।निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा प्रति सप्ताह प्राप्त होने वाले दावे एवं आपतियों की सूचियां मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों से साझा की गई।उक्त सूचियां जिला निर्वाचन अधिकारी (डीईओ), मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) की बेवसाइट पर ऑनलाइन उपलब्ध होने बाबत जानकारी प्रदान की गई।समस्त दावे-आपत्तियों का निस्तारण निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी,सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा किया जाकर 21 फरवरी 2026 शनिवार को मतदाता सूची का अन्तिम प्रकाशन किया गया।इस प्रकार जिले में प्रारूप मतदाता सूची में कुल 2,54.203 मतदाताओं में 1.48 प्रतिशत वृद्धि के उपरान्त कुल मतदाताओं की संख्या 2,57,966 है। जिनमें पुरूष 1,30,690 एवं महिला 1,27,272 तथा ट्रांसजेण्डर 4 है।

इधर मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र कपासन-167 की अंतिम मतदाता सूची 2026 की एक सॉफ्ट कॉपी (फोटोरहित) एवं एक हार्ड कॉपी निःशुल्क संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के स्तर पर बैठक आयोजित कर उपलब्ध कराई गई।साथ ही उक्त सूचियां जिला निर्वाचन अधिकारी (डीईओ) एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) की बेवसाइट https://election.rajasthan.gov.in https://voters.eci.gov.in पर ऑनलाइन उपलब्ध है। कोई भी मतदाता इस सूची मे अपना नाम ऑनलाइन EPIC सर्च के माध्यम से देख सकता है। इस बाबत राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को जानकारी प्रदान की गई। मतदाता सूची में नाम जुड़वाना,हटाना व प्रविष्टियों में संशोधन एक अनवरत प्रक्रिया जो सतत जारी है। इसके लिए क्रमशः फॉर्म 6 मय घोषणापत्र (अनुलग्न-IV). 7 एवं 8 ECINet App/ Voters Portal (https://voters.eci.gov.in) पर जाकर ऑनलाईन अथवा संबंधित बीएलओ से सम्पर्क कर भरा जा सकता है।

मतदाता सूची में किसी प्रविष्टि के संबंध में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के निर्णय के विरूद्ध अपील लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 24 तथा निर्वाचक पंजीकरण नियम, 1960 के नियम 23 एवं 27 के अन्तर्गत प्रथम अपील जिला मजिस्ट्रेट के समक्ष अन्तिम प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस में तथा जिला मजिस्ट्रेट के निर्णय से संतुष्ट नहीं होने की स्थिति में द्वितीय अपील मुख्य निर्वाचन अधिकारी राजस्थान को जिला मजिस्ट्रेट के निर्णय के 30 दिवस के भीतर प्रस्तुत कर सकते हैं।

## टूरिस्ट के लिए होटल के साथ होमस्टे-पेइंग गेस्ट की सुविधा



**बढ़ता राजस्थान**
**निजी संवाददाता, उदयपुर**

उदयपुर में पर्यटकों की बढ़ती भीड़ को देखते हुए पर्यटन विभाग ने होमस्टे और पेइंग गेस्ट हाउस के नियमों में बड़ा बदलाव किया है। अब मकान मालिक 5 की जगह 8 कमरों तक की अनुमति ले सकेंगे। सबसे बड़ी राहत यह है कि अब मालिक का घर में रहना जरूरी नहीं होगा, केयरटेकर भी इसे संभाल सकेंगे।

पीक सीजन में शहर में होटल कम पड़ने और महंगे होने की समस्या के साथ ही रोजगार को बढ़ावा देने के मकसद से पर्यटन विभाग ने अपनी पुरानी पॉलिसी में महत्वपूर्ण संशोधन किए हैं। पूर्व में लागू नियमों को अब और सरल बना दिया गया है ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इस स्वरोजगार से जुड़ सकें। उदयपुर में 500 से ज्यादा होम स्टे है। इसमें शहर में भी 200 से ज्यादा होम स्टे चल रहे हैं। अभी तक के नियमों के मुताबिक-शुद्ध आवासीय मकान में होमस्टे या पेइंग गेस्ट चलाने के लिए 5 कमरों की ही मंजूरी मिलती थी।

## ननि का विशेष अभियान, 62 किलो सिंगल यूज प्लास्टिक जब्त, 21,700 रुपए जुर्माना

**बढ़ता राजस्थान**
**अमित शर्मा, भीलवाड़ा**



जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार नगर निगम भीलवाड़ा द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक, प्लास्टिक कैरी बैग, गंदगी फैलाने वालों एवं अस्थायी अतिक्रमण के विरुद्ध विशेष अभियान तीव्र गति से जारी है। निगम आयुक्त हेमाराम चौधरी ने बताया कि शहर को सिंगल यूज प्लास्टिक से मुक्त करने के उद्देश्य से 9 फरवरी से 28 फरवरी तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

अभियान के तहत 21 फरवरी 2026 को निगम टीम द्वारा 62 किलो सिंगल यूज प्लास्टिक एवं प्लास्टिक कैरी बैग जब्त कर 21,700 रुपए का जुर्माना वसूला गया। अब तक अभियान के दौरान कुल 1121 किलो सिंगल यूज प्लास्टिक जब्त कर लगभग 2.30 लाख रुपए का जुर्माना वसूला जा चुका है।

स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत गंदगी एवं कचरा फैलाने वाले 65 व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए 40,000 रुपए का जुर्माना लगाया गया। अभियान की शुरुआत से अब तक गंदगी फैलाने वालों से कुल 3.71 लाख रुपए की राशि वसूली जा चुकी है। इसी क्रम में निगम द्वारा अस्थायी अतिक्रमण के विरुद्ध भी सख्त कार्रवाई की गई। माणिक्य नगर चौराहा से भीमगंज थाने तक तथा शाम की सब्जी मंडी क्षेत्र में अभियान चलाकर अस्थायी अतिक्रमण हटाए गए। साथ ही 55 व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के बाहर किए गए अतिक्रमण को तोड़ा गया।

## भारती अध्यक्ष, निशा काकाणी सचिव पद के लिए से निर्विरोध निवार्चित

**बढ़ता राजस्थान**
**अमित शर्मा, भीलवाड़ा**



अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महिला संगठन के निर्देशानुसार दक्षिणी राजस्थान प्रादेशिक महिला मंडल के सानिध्य तथा शास्त्री नगर माहेश्वरी महिला संगठन के तत्वाधान में आजाद नगर माहेश्वरी भवन में भीलवाड़ा जिला माहेश्वरी महिला संगठन की चुनाव प्रक्रिया सौहार्दपूर्ण वातावरण में निर्विरोध सम्पन्न हुई। जिलाध्यक्ष प्रीति लोहिया ने बताया कि यह प्रक्रिया चुनाव पर्यवेक्षक आशा मंडोवरा तथा चुनाव अधिकारी चंदा नामधर के मार्गदर्शन में संपन्न कराई गई। चयन प्रक्रिया की शुरुआत अतिथियों के द्वीप प्रज्वलन और प्रतीक्षा मेलाना की महेश वंदना से हुई। मंच संचालन मोना डाड द्वारा किया गया। कार्यक्रम में अध्यक्ष प्रीति लोहिया ने अपने उद्बोधन में अतिथियों का स्वागत सुंदर पंक्तियों से किया। उपस्थित सभी अतिथियों का उपरना पहनाकर आत्मीय स्वागत किया। आयोजक संस्था शास्त्री नगर माहेश्वरी महिला संगठन अध्यक्ष मधु समदानी ने भी स्वागत भाषण दिया। इस अवसर पर अध्यक्ष पद के लिए भारती बाहेती, सचिव पद के लिए निशा काकाणी को सर्वसम्मति से चयनित किया गया। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने संकल्प लिया कि वे अगले तीन वर्षों तक समाज को और अधिक संगठित और सक्रिय बनाने के लिए निरंतर प्रयास करेंगे। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष सीमा कोगटा, मनोरमा कालिया, संध्या आगीवाल, सहित जिला महिला मंडल सदस्याएँ उपस्थित रहीं। सचिव रेखा धूत ने सभी का आभार व्यक्त किया। चुनाव प्रक्रिया सौहार्द, एकता और उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई, जिससे संगठन के आगामी कार्यकाल के प्रति नई ऊर्जा और सकारात्मक संदेश देखने को मिला।

## भिवाड़ी फैक्ट्री ब्लास्ट का मुख्य आरोपी हेमंत सचदेवा गिरफ्तार

**बढ़ता राजस्थान**
**निजी संवाददाता, भिवाड़ी**



राजस्थान के भिवाड़ी स्थित खुशखेड़ा कारौली औद्योगिक क्षेत्र में 16 फरवरी को हुए अवैध पटाखा फैक्ट्री विस्फोट मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी हेमंत सचदेवा को गिरफ्तार कर लिया है। इस भीषण हादसे में सात मजदूरों की मौत हो गई थी, जबकि कई अन्य घायल हुए थे।

एसपी मनीष कुमार ने बताया-हेमंत सचदेवा को दिल्ली स्थित उसके घर से दबिश देकर पकड़ा है और फिर भिवाड़ी लाया गया। इससे पहले, पुलिस ने फैक्ट्री संचालक हेमंत कुमार शर्मा और सुपरवाइजर अभिनंदन तिवारी को घटना के दूसरे ही दिन गिरफ्तार कर लिया था। एसपी मनीष कुमार ने बताया- जांच में अन्य लोगों के नाम भी सामने आ रहे हैं, जिन्हें जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा।

## भीलवाड़ा में सजी-धजी बैलगाड़ियां, नाचते गाते और कच्छी डांस कर मायरा भरने पहुंचे भाई

**बढ़ता राजस्थान**
**निजी संवाददाता, भीलवाड़ा**



भीलवाड़ा की सड़क पर अचानक सजी-धजी बैलगाड़ियां, नाचते गाते लोग और कच्छी डांस का माहौल देखा तो लोग ठिठक गए। शहर के माणिक्य नगर के माली खेड़ा इलाके से माली परिवार के सदस्य 2 किलोमीटर दूर कुंवाडा रोड राधेश्याम वाटिका इलाके में रहने वाली अपनी बहन के घर मायरा भरने जा रहे थे।

तीन भाई कालू माली, भेरू माली, बंशी माली और उनके परिवारों के सदस्य पांच बैलगाड़ियों पर सवार होकर निकले थे। बैलगाड़ियों पर मायरे का सामान था। आगे-आगे लोक कलाकार मशक की धुन बजाते और कच्छी डांस करते चल रहे थे।

मायरा लेकर पहुंचे कालू माली ने बताया- शादी ब्याह की सभी रस्में हमारी पुरानी परंपराएं हैं। हम भाई बहन का प्यार भी काफी पुराना है। पुराने समय में बैलगाड़ी पर लोग आते-जाते थे। इसी परंपरा को हमारे बच्चे सीखें और अपनाएं। इसीलिए तय किया कि बहन के घर भांजी की शादी में बैलगाड़ियों से जाएंगे।

लग्जरी कारों के जमाने में माली परिवार का यह बैलगाड़ियों वाला काफिला देखकर हर किसी को सुखद एहसास हुआ। माली परिवार भांजी के विवाह कार्यक्रम में शंकर माली रायला वाले के यहां पहुंचा और सभी रस्में पूरी की।

### पानी पीते ही एक-एक कर मरने लगीं गायें, जो जिंदा बचीं वे चल भी नहीं पा रहीं

## जहरीले पानी से 20 से ज्यादा गायों की मौत

**बढ़ता राजस्थान**
**निजी संवाददाता, पाली**



पाली में माइंस के पानी से 20 से ज्यादा गायों की मौत हो चुकी है। इतनी ही गायें बीमार हो गई हैं। पिछले 15 दिन से एक-एक कर गायें दम तोड़ रही हैं। पानी इतना जहरीला है कि गोचर भूमि में लगे पेड़-पौधे तक जल चुके हैं। मामला जिले से 22 किलोमीटर दूर बाला-कूरणा गांव का है।

ग्रामीणों का कहना है कि इस एरिया में पत्थर की खदानों का पानी गोचर भूमि में छोड़ा जा रहा है। यह पानी दूषित है। दिनोंदिन हालात बिगड़ रहे हैं। यह पानी पीकर जो गायें जिंदा बची हैं, वह खड़ी तक नहीं हो पा रही हैं। ग्रामीण इन्हें पिकअप से दूसरी गोशाला में शिफ्ट कर रहे हैं।

दूषित पानी की वजह से गायें लगातार बीमार हो रही हैं। हालात ये है कि ये खड़ी भी नहीं हो पा रही है। दूषित पानी की वजह से गायें लगातार बीमार हो रही हैं। हालात ये है कि ये खड़ी भी नहीं हो पा रही है। बाला और कूरना गांव के आसपास 100 से ज्यादा पत्थर की खदानें हैं। ग्रामीणों ने बताया कि इस एरिया में 500 बीघा में गोचर की जमीन है।

ग्रामीण देवीसिंह ने बताया कि पिछले एक महीने से पत्थरों की खदानों में भरे बरसाती पानी को मड पंप लगाकर गोचर भूमि में छोड़ा जा रहा है। यही दूषित पानी पीने से गायों के पेट फुल रहे हैं और इनकी जानें जा रही हैं। फरवरी के पहले सप्ताह से लेकर अब तक 20 से ज्यादा गोवंश की मौत हो चुकी है। करीब 20 बीमार पशुओं को पाली पिंजरा पोल सहित अन्य गोशालाओं में इलाज चल रहा है। गोचर की जमीन में माइंस का पानी जहरीला हो चुका है। गायों के लिए यह पानी जानलेवा साबित हो रहा है। गोचर की जमीन में माइंस का पानी जहरीला हो चुका है। गायों के लिए यह पानी जानलेवा साबित हो रहा है।

बाला गांव के रहने वाले पप्पूराम सुथार बताते हैं कि माइंस के पानी से गोचर के पेड़-पौधों को भी नुकसान हो रहा है। ये जल जा रहे हैं। जमीन खराब हो रही है। ग्रामीण मांगूसिंह बताते हैं- गांव के बेसहारा पशुओं की देखभाल की जिम्मेदारी पूरे गांव ने उठा रखी है। एक बाड़ा बनाया गया है। यहां सभी मवेशियों को रखा जाता है। उन्होंने एक पशुपालक भी लगा रखा है।

## बारात में जा रही बोलेरो नहर में गिरी, दो की मौत, दो लापता



**बढ़ता राजस्थान**
**निजी संवाददाता, हनुमानगढ़**

हनुमानगढ़ के भिरानी थाना क्षेत्र के अजीतपुरा में बोलेरो गाड़ी बेकाबू होकर नहर में जा गिरी। हादसे में बोलेरो सवार एक युवक की डूबने से मौत हो गई, जबकि तीन युवक लापता हो गए। वहीं, एक युवक को सुरक्षित बचा लिया गया है। बोलेरो सवार सभी बारात में शामिल होने के लिए सागड़ा (भिरानी, हनुमानगढ़) जा रहे थे, सभी दूल्हे के दोस्त थे।

भिरानी थाना सीआई लखवीर सिंह ने बताया- घटना शुक्रवार रात 9 बजे की है। गाड़ी के अंदर पांच लोग सवार थे। मौके पर मौजूद कुछ लोगों ने एक युवक को बाहर निकाल लिया। जिसकी पहचान अनुराग (19) निवासी कानावासी, सादुलपुर के रूप में हुई। वहीं रात 10 बजे क्रेन की मदद से बोलेरो को बाहर निकाला। जिसमें एक युवक आशीष का शव मिला। वहीं, लापता युवकों की तलाश के लिए शनिवार सुबह करीब 9 बजे से सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया। इसके बाद शनिवार शाम 4 बजे दूसरे युवक अमित (24) पुत्र भीमाराम का शव बाहर निकाल लिया गया।

## अमेरिकी टैरिफ डील, राहुल बोले- मोदी ने विश्वासघात किया

### खड़गे का आरोप- सरकार ट्रम्प की ट्रैप डील में फंसी, भारत से भारी रियायतें छीन लीं



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अमेरिकी टैरिफ डील पर विपक्ष फिर मोदी सरकार पर हमलावर है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को पीएम मोदी पर समझौता करने का आरोप लगाया। कहा कि उनका विश्वासघात अब उजागर हो चुका है। उन्होंने दावा किया कि पीएम इस व्यापार समझौते में फिर से आत्मसमर्पण कर देंगे। उधर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि टैरिफ पर अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के फैसले का इंतजार किए बिना मोदी सरकार ने इतनी जल्दबाजी में एक ट्रैप डील में शामिल क्यों हुए, जिसने भारत से भारी रियायतें छीन लीं। बता दें अमेरिका ने 2 फरवरी को भारत पर रेसिप्रोकल टैरिफ घटाकर 18% किया था। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने 20 फरवरी को बताया कि अमेरिका के साथ अंतरिम व्यापार समझौता% फरवरी के अंत तक फाइनल हो जाएगा।

#### ट्रम्प के टैरिफ को अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने रद्द किया

शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के ग्लोबल टैरिफ को अवैध बताते हुए रद्द कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने 6-3 के बहुमत से फैसला सुनाते हुए कहा कि संविधान के तहत टैक्स और टैरिफ लगाने का अधिकार राष्ट्रपति को नहीं, सिर्फ संसद को है।

#### खड़गे ने कहा- मोदीजी को सच्चाई बतानी चाहिए

1. **मल्लिकार्जुन खड़गे:** मोदी जी को देशवासियों के सामने खड़े होकर सच्चाई बतानी चाहिए। किसने या किन कारणों ने आपको भारत के राष्ट्रीय हित और रणनीतिक स्वायत्तता से समझौता करने के लिए दबाव डाला? क्या यह एप्सटीन फाइल्स थीं। क्या भारत सरकार अपनी गहरी निष्क्रियता से जागेगी? क्या 140 करोड़ भारतीयों के आत्मसम्मान, साथ ही किसानों, मजदूरों, छोटे व्यवसायों और व्यापारियों के हितों की रक्षा करने वाला एक निष्पक्ष व्यापार समझौता पेश करेगी।
2. **जयराम रमेश:** यदि सरकार अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के फैसले के लिए 18 दिन और इंतजार करती, तो भारतीय किसानों और राष्ट्रीय हितों की रक्षा की जा सकती थी। भारत-अमेरिका व्यापार समझौता वास्तव में एक परीक्षा है, जिसे प्रधानमंत्री की हताशा और आत्मसमर्पण के कारण भारत पर थोपा जा रहा है।
3. **मनीष तिवारी:** यह फैसला दुनिया की अदालतों के लिए संदेश है कि उन्हें कार्यपालिका की ज्यादती रोकनी चाहिए। अगर न्यायपालिका अपना काम नहीं करेगी तो लोकतंत्र तानाशाही में बदल सकता है। इस फैसले से ट्रम्प प्रशासन, न्यायपालिका और विधायिका के बीच टकराव की स्थिति बन सकती है।
4. **प्रियंका चतुर्वेदी:** भारत ने इस समझौते में जल्दबाजी क्यों की? भारत को अदालत के फैसले का इंतजार करना चाहिए था। अभी भारतीय निर्यात पर 10% टैरिफ है, जबकि अमेरिकी आयात पर लगभग जीरो टैरिफ, इससे डील असंतुलित दिखती है।

# गुवाहाटी में सीआरपीएफ स्थापना दिवस समारोह अमित शाह ने जवानों के शौर्य को किया नमन

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह असम के गुवाहाटी में केन्द्रीय रिज़र्व पुलिस बल के 87वें स्थापना दिवस समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंता बिस्वा सरमा, सीआरपीएफ के महानिदेशक और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। अपने संबोधन में शाह ने कहा कि सीआरपीएफ ने 86 वर्षों में शौर्य, धैर्य और बलिदान के साथ देश की आंतरिक सुरक्षा को मजबूत आधार दिया है।

#### आंतरिक सुरक्षा में सीआरपीएफ की निर्णायक भूमिका

अमित शाह ने कहा कि सीआरपीएफ के बिना देश की आंतरिक सुरक्षा की कल्पना नहीं की जा सकती। उन्होंने बताया कि बल के 2,270 जवान देश की सुरक्षा में सर्वोच्च बलिदान दे चुके हैं। कर्तव्यपरायणता और साहस के कारण सीआरपीएफ देश की सुरक्षा का मजबूत स्तंभ बनकर उभरी है।

#### हॉटस्पॉट से ग्रोथ स्पॉट तक का सफर

गृह मंत्री ने कहा कि एक समय जम्मू-कश्मीर, वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र और नॉर्थईस्ट आंतरिक सुरक्षा के बड़े हॉटस्पॉट थे, लेकिन आज इन क्षेत्रों में शांति स्थापित हुई है और वे विकास के ग्रोथ इंजन बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह परिवर्तन सीआरपीएफ के बलिदान और समर्पण के बिना संभव नहीं था।





**नॉर्थईस्ट में पहली बार स्थापना दिवस परेड**- उन्होंने बताया कि 2019 में लिए गए निर्णय के तहत सीएपीएफ बलों की वार्षिक परेड देश के अलग-अलग हिस्सों में आयोजित की जा रही है। इसी क्रम में सीआरपीएफ के इतिहास में पहली बार स्थापना दिवस समारोह नॉर्थईस्ट में आयोजित हुआ, जो पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। समारोह में 14 जवानों को वीरता पदक और 5 जवानों को विशिष्ट सेवा का राष्ट्रपति पुलिस पदक प्रदान किया गया।

**छोटी शुरुआत से विश्व का सबसे बड़ा सीएपीएफ**-अमित शाह ने कहा कि 1939 में 2 बटालियन से शुरू हुआ सीआरपीएफ आज 248 बटालियन और लगभग 3.25 लाख जवानों के साथ विश्व का सबसे बड़ा सीएपीएफ बन चुका है। बल ने संसद हमले और श्रीराम जन्मभूमि पर हमले को विफल करने सहित कई महत्वपूर्ण अभियानों में निर्णायक भूमिका निभाई है।

**नक्सलवाद के खिलाफ निर्णायक संघर्ष**-गृह मंत्री ने कहा कि देश को नक्सलवाद से मुक्त करने में सीआरपीएफ और कोबरा फोर्स की महत्वपूर्ण भूमिका रही है। उन्होंने विश्वास जताया कि 31 मार्च 2026 तक देश नक्सलवाद से पूरी तरह मुक्त हो जाएगा। ऑपरेशन ब्लैक फॉरेस्ट में जवानों ने कठिन परिस्थितियों में अदम्य साहस का प्रदर्शन किया।

# ट्रेड डील में कोई बदलाव नहीं : ट्रम्प

## अमेरिकी अधिकारी ने कहा- 10% टैरिफ ही लगेगा

बढ़ता राजस्थान

**वॉशिंगटन डीसी।** अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के दुनियाभर के देशों पर लगाए गए टैरिफ को रद्द कर दिया है। इसके कुछ घंटे बाद ही ट्रम्प ने फिर से 10% टैरिफ लगाने का ऐलान कर दिया। ऐसे में भारत पर लगे टैरिफ को लेकर यह भी सवाल उठ रहा है कि भारत को 18% टैरिफ देना होगा या 10%। इसकी दो वजहें हैं- राष्ट्रपति ट्रम्प ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस करके कहा कि भारत के साथ ट्रेड डील पर कोई असर नहीं पड़ेगा। यह पहले की तरह आगे बढ़ेगी।

बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक, व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने बताया ब्रिटेन, भारत और यूरोपीय संघ सहित अमेरिका के साथ व्यापार समझौते करने वाले देशों को अब धारा 122 के तहत 10% वैश्विक टैरिफ का ही सामना करना पड़ेगा, न कि उस टैरिफ दर का जिस पर उन्होंने पहले बातचीत की थी। बीबीसी की रिपोर्ट सही मानें तो भारत पर कुल टैरिफ 18% घटकर 10% रह जाएगा, जबकि ट्रम्प का बयान 18% टैरिफ की ओर इशारा कर रहा है।

#### भारत सरकार बोली- मामले को ध्यान से देख रहे

टैरिफ पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले और ट्रम्प की प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद भारत सरकार ने कहा है कि वह पूरे मामले को ध्यान से देख रही है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने शनिवार को कहा कि अमेरिकी प्रशासन ने जो भी नए कदम उठाए हैं, उनके भारत पर क्या असर पड़ सकते हैं, इसका आकलन किया जा रहा है।

मंत्रालय के अनुसार, शुक्रवार को आए सुप्रीम कोर्ट के फैसले और ट्रम्प की प्रेस कॉन्फ्रेंस को नोट किया गया है। अमेरिका की ओर से कुछ फैसलों की घोषणा भी की गई है। सरकार इन सभी घटनाक्रमों को समझ रही है, ताकि यह तय किया जा सके कि इनका भारत और दोनों देशों के व्यापार पर क्या प्रभाव पड़ सकता है।

#### ट्रेड डील फरवरी के अंत तक फाइनल होगी

वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने से पहले शुक्रवार मीडिया से बात की थी। तब उन्होंने बताया था कि अमेरिका के साथ अंतरिम व्यापार समझौता फरवरी के अंत तक फाइनल हो जाएगा। मार्च में इस पर हस्ताक्षर होंगे, वहीं अप्रैल से ये समझौता पूरी तरह लागू हो जाएगा। इसके साथ ही आने वाले कुछ महीनों में भारत दुनिया के बड़े देशों साथ व्यापारिक समझौतों पर अंतिम मुहर लगाएगा। अप्रैल में ब्रिटेन और ओमान के साथ भी फ्री ट्रेड एग्रीमेंट शुरू होने की उम्मीद है।



## जयपुर में बीजेपी कार्यकर्ताओं की पुलिस से झड़प

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर।** जयपुर में शनिवार को भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं की पुलिस से झड़प हो गई। कार्यकर्ताओं ने पहले राहुल गांधी के खिलाफ शहीद स्मारक पर प्रदर्शन किया। इसके बाद पैदल कांग्रेस प्रदेश मुख्यालय की ओर निकल गए। पुलिस ने कांग्रेस मुख्यालय के नजदीक बैरिकेडिंग कर उन्हें रोकने की कोशिश की। इस दौरान पुलिस और कार्यकर्ता आमने-सामने आ गए। शुक्रवार को नई दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित अंतरराष्ट्रीय एआई समिट में युवक कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने इंडो-यूएस ट्रेड डील के विरोध में प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री के खिलाफ नारेबाजी की थी। इसी घटना से नाराज बीजेपी युवा मोर्चा ने जयपुर में कांग्रेस कार्यालय का घेराव करने का ऐलान किया था। शनिवार दोपहर 12 बजे जयपुर के शहीद स्मारक पर युवा मोर्चा के कार्यकर्ता इकट्ठा हुए। इसके कुछ ही देर में कार्यकर्ता संसार चंद्र रोड होते हुए कांग्रेस मुख्यालय की ओर आगे बढ़ने लगे। यहां प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय के नजदीक बैरिकेडिंग कर पुलिस ने युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं को रोक दिया। यहां युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं की पुलिस से बैरिकेटिंग को पार करने को लेकर झड़प भी हो गई। इस दौरान युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शंकर गोरा ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा- कांग्रेस ने अश्लीलता फैलाकर अपना असली चरित्र दिखाया है। प्रधानमंत्री का विरोध करते-करते कांग्रेस अब देश का विरोध करने लगी है, उसे इस सोच से बाहर निकलना चाहिए। बता दें कि इससे पहले शुक्रवार शाम भी युवा मोर्चा कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी का पुतला जला कांग्रेस के खिलाफ जमकर नारेबाजी की थी। वहीं आज एक बार फिर युवा मोर्चा के कार्यकर्ता कांग्रेस मुख्यालय का घेराव करने निकल गए।

## मायावती-अखिलेश बोले- एआई समिट में कांग्रेस का प्रदर्शन गलत

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली/मुंबई/गुजरात/।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव और बसपा चीफ मायावती ने दिल्ली के भारत मंडपम में एआई समिट में शुक्रवार को कांग्रेस के प्रदर्शन को गलत बताया है। अखिलेश ने कहा, जब दुनियाभर से डेलीगेट्स आये हो तो ऐसा हंगामा नहीं करना चाहिए। सरकार से लड़ाई हमारा इंटर्नल मामला है, फॉरेन डेलीगेट्स के सामने हमारे देश का अपमान होता है। मायावती ने ट्वीटर पर लिखा- कांग्रेस का प्रदर्शन निन्दनीय है। अगर यह सम्मेलन अन्तर्राष्ट्रीय स्तर का नहीं होता तो अलग बात थी, लेकिन एआई समिट के दौरान ऐसा व्यवहार करना चिन्ता की बात है। इधर, कांग्रेस के एआई समिट में हंगामा करने के विरोध में भाजपा ने दिल्ली, महाराष्ट्र, गुजरात, बिहार, तेलंगाना और जम्मू-कश्मीर में प्रदर्शन किया। मुंबई के मुलुंड में भाजपा कार्यकर्ताओं ने




राहुल गांधी के काफिले को काले झंडे दिखाए।

उधर, एआई समिट में हंगामा करने वाले कांग्रेस के चारों कार्यकर्ताओं को आज पटियाला कोर्ट में पेश किया गया। पुलिस ने कोर्ट में कहा कि प्रदर्शन करने वाले नेपाल के जेन-जेड आंदोलन से प्रेरित थे। यह प्रदर्शन एक बड़ी साजिश का हिस्सा था।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021 (M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033 (M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

# केंद्रीय मंत्री नड्डा ने सोलन में नई वैक्सीन लॉन्च की

## टीटनेस-डिफ्थीरिया से मिलेगी सुरक्षा, बोले-भारत ड्रग्स-दवाओं और वैक्सीन बनाने में वर्ल्ड लीडर बना

बढ़ता राजस्थान

**कसौली (एजेंसी)।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा ने आज (शनिवार को) हिमाचल प्रदेश के सोलन जिला स्थित केंद्रीय अनुसंधान संस्थान कसौली में नई वैक्सीन लांच की। उन्होंने सीआरआई में टीटनेस और एडल्ट डिफ्थीरिया वैक्सीन का शुभारंभ किया।इस दौरान जेपी नड्डा ने कहा कि यह स्वदेशी वैक्सीन सीआरआई के प्रयासों से बनी है। यह नई वैक्सीन किशोरों और वयस्कों के साथ साथ गर्भवती महिलाओं को भी टीटनेस और डिफ्थीरिया से सुरक्षा प्रदान करेगी। टीडी वैक्सीन, टीटनेस टॉक्सॉइड वैक्सीन की जगह लेने के लिए डिजाइन की गई है, जिससे डिफ्थीरिया के खिलाफ सुरक्षा भी सुनिश्चित हो सके। जेपी नड्डा ने कहा कि भारत ने ड्रग्स, दवाओं और वैक्सीन बनाने में वर्ल्ड लीडर के रूप में स्थापित किया है। इसमें सीआरआई कसौली का बहुत बड़ा रोल है। सीआरआई कसौली का 120 सालों का इतिहास है। टीडी वैक्सीन अब यूनिवर्सल इम्युनाइजेशन प्रोग्राम के तहत उपलब्ध करवाई जाएगी।

#### टीटनेस क्या है

टीटनेस एक बैक्टीरियल संक्रमण है, जो क्लॉस्ट्रिडियम टेटानी नामक बैक्टीरिया के कारण होता है। यह बैक्टीरिया आमतौर पर मिट्टी, धूल और जानवरों की गंदगी में पाए जाते हैं। जब यह बैक्टीरिया किसी घाव, कट या चोट के माध्यम से शरीर में प्रवेश करता है, तो स्नायु तंत्र को प्रभावित करने वाला एक ज़हरीला टॉक्सिन छोड़ता है। टॉक्सिन मांसपेशियों



में कठोरता और दर्दनाक ऐंठन पैदा करता है। गंभीर मामलों में चोक, निगलने में कठिनाई, सांस लेने में समस्या और मृत्यु भी हो सकती है। इसके लक्षण मांसपेशियों की कठोरता, विशेषकर जबड़े व गर्दन में दर्द, निगलने व बोलने में कठिनाई, तेज बुखार व पसीना आता है।

#### डिफ्थीरिया क्या है?

डिफ्थीरिया कोराइनेबैक्टीरियम डिफ्थीरिए नामक बैक्टीरिया के कारण होने वाला संक्रमण है। यह मुख्य रूप से सांस की नली, गले और त्वचा को प्रभावित करता है। यह बैक्टीरिया एक जहरीला टॉक्सिन पैदा करता है। यह टॉक्सिन शरीर में फैलकर हृदय, तंत्रिका तंत्र और किडनी को भी प्रभावित कर सकता है। संक्रमण से सांस लेने में कठिनाई, हृदय की समस्याएं, पक्षाघात और मृत्यु तक हो सकती है।

इसके लक्षण गले में गाढ़ी सफेद व ग्रे परत या झिल्ली, गले में दर्द व सूजन, सांस लेने व निगलने में कठिनाई, तेज बुखार व कमजोरी आती है।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस, हमीदपुरा रोड, खण्डवा, निवाई-टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/116 "प्रतीक्षा" सेक्टर-18, प्रताप नगर, सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित। संपादक-तनुजा पठान*, प्रबंधक संपादक-झाबर सिंह धायल (मो. 9828467603, जयपुर), प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय (मो. 9414242258, 9214048888)। फोन-0141-2796794, 2796795। ई-मेलः badhatarajasthan@yahoo.com। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।